सामान्य दृष्टिकोण में यह संसार अनेकता से भरा हुआ दिखाई देता है- व्यक्ति अलग, वस्तुएं अलग, विचार अलग, लेकिन आध्यात्मिक दृष्टि से यह विविधता एक गहरे एकत्व की अभिव्यक्ति मात्र है। यही वह बिंदु है, जहां 'ब्रह्म का ज्ञाता' साधारण व्यक्ति से भिन्न हो जाता है। सामान्य व्यक्ति पानी और बर्फ को अलग-अलग मानता है, जबकि समझदार व्यक्ति जानता है कि बर्फ, पानी का ही स्थूल रूप है। इसी प्रकार, साधारण बुद्धि व्यक्ति, वस्तु और उनके संबंधों में भेद देखती है, जैसे कुम्हार और घड़ा, धर्म और धार्मिक व्यक्ति, वहीं ब्रह्म का ज्ञाता इन सबमें एक ही चेतना का प्रवाह देखता है। उसके लिए यह संपूर्ण जगत उसी परम सत्ता का विस्तार है।

संसार और ब्रह्म अलग हैं या एक? यह प्रश्न सीमित दृष्टि का परिणाम है। जब चेतना व्यापक होती है, तो यह प्रश्न अपने आप समाप्त हो जाता है। ब्रह्म का ज्ञाता अनुभव करता है कि सब कुछ उसी का रूप है, वह स्वयं भी और यह जगत भी। जैसे, हमारे मन में लंदन की कल्पना और हमारा मन अलग नहीं होते, वैसे ही यह सारा विश्व ब्रह्म की ही मानसिक अभिव्यक्ति है।

उपनिषदों में कहा गया है कि ब्रह्म का कोई तुल्य या तुलना नहीं है- न तस्य प्रतिमा अस्ति। तुलना तभी संभव है, जब दो वस्तुएं हों, ब्रह्म तो अद्वितीय है। वह शब्दों और विचारों की सीमा से परे है, फिर भी उसे अनुभव किया जा सकता है-बौद्धिक तर्क से नहीं, बल्कि आत्मिक अनुभूति से। जब एक नमक की गुड़िया समुद्र की गहराई मापने जाती है, तो वह स्वयं समुद्र में विलीन हो जाती है। ठीक वैसे ही, जब साधक ब्रह्म को जानने का प्रयास करता है, तो वह स्वयं उसी में लीन हो जाता है- ब्रह्मविद् ब्रह्मैव भवति, यानी ब्रह्म को जानने वाला स्वयं ब्रह्म हो जाता है।

ब्रह्म का स्वरूप अत्यंत सूक्ष्म और असीम है। वह न तो आंखों से देखा जा सकता है, न ही इंद्रियों से पकड़ा जा सकता है। उसका कोई रूप, आकार या जन्म नहीं है। यदि उसे किसी रूप में बांध दिया जाए, तो उसकी अनंतता समाप्त हो जाएगी। इसलिए वह निराकार, निरुपम और अनादि है। फिर भी, वह सब कुछ देखता, सुनता और करता है, बिना किसी भौतिक अंग के। जैसे

**हमारे उपनिषदों में कहा गया है कि ब्रह्म का कोई तुल्य या तुलना नहीं है- 'न तस्य प्रतिमा अस्ति'। तुलना तभी संभव है, जब दो वस्तुएं हों, ब्रह्म तो अद्वितीय है।**

हम अपने मन में किसी वृक्ष की कल्पना करते हैं और उसका चित्र उभर आता है, वैसे ही ब्रह्म अपनी चेतना से समस्त सृष्टि का संचालन करता है। वह काल, स्थान और व्यक्ति की सीमाओं से परे एक शाश्वत सत्ता है।

इस ब्रह्म को जानने वाला व्यक्ति मृत्यु और भय से परे हो जाता है। वह समझता है कि जो कुछ था, है और होगा-सब उसी में निहित है। यह ज्ञान उसे स्थायी शांति और आनंद की ओर ले जाता है। यही एकत्व का बोध है, जहां भेद समाप्त हो जाता है। केवल ब्रह्म शेष रहता है।

**श्री श्री आनंदमूर्ति**

बराक ओबामा | पूर्व राष्ट्रपति, अमेरिका



**हम सभी का यह फर्ज बनता है कि इस सोच को सिरे से खारिज कर दें कि हमारे लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह है। लोकतंत्र हमें हमारे लोगों के अदम्य साहस और अपूर्व बलिदान की याद दिलाता है।**

हिन्दुस्तान
Hindustan
75 साल पहले 29 अप्रैल, 1951

# कोरिया का नासूर

कोरिया का नासूर फिर फूट पड़ा है। मेकार्थर की पदच्युति के बाद ऐसी आशा जाग पड़ी थी कि सम्भवतः यह व्रण धीरे-धीरे ठीक हो जायेगा, किन्तु चीनी सेना के भारी प्रत्याक्रमण ने उसे विलीन कर दिया है। इस आक्रमण के वेग का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि एक सप्ताह से भी कम समय में सिओल पुनः चीनी तोपों की गोलाबारी की परिधि में आ गया है और अमरीकी सेनाएं बराबर पीछे हटती जा रही हैं। यद्यपि आठवीं सेना के सेनापति जनरल बान फ्लीट ने आशा प्रकट की है कि साम्यवादियों का वसन्तकालीन आक्रमण हान नदी के उत्तर में रोका जा सकेगा, किन्तु लड़ाई आगे चलकर क्या रंग लाएगी, यह अभी से बताना कठिन है।

संयुक्त राष्ट्रीय सैनिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि साम्यवादियों ने अपनी युद्ध की तैयारियों को बड़ी चतुराई से छिपाए रखा और अब वे टिड्डियों की भांति टूट पड़े हैं। अभी तक उत्तर कोरियाई तथा चीनी सेनाओं का आक्रमण स्थल-युद्ध तक सीमित है, लेकिन अमरीकी बमवर्षा का उत्तर बमवर्षा से देने की ठानते ही यह युद्ध एक खतरनाक पहलू में प्रवेश कर जायेगा। हाल ही में एक समाचार प्रसारित हुआ था कि पूर्वी सागर में रूस ने अपनी पनडुब्बियां चीन को हस्तान्तरित कर दी हैं और यालू नदी की सीमा के पार करीब सात सौ विमान एकत्र हैं। अमरीका में मेकार्थर नीति के समर्थक बराबर इस बात के लिए आंदोलन कर रहे हैं कि मंचूरिया के अड्डों पर बमवर्षा की जानी चाहिए, किन्तु दूसरे पक्ष वालों का कहना है कि चीन पर बम गिराने की नीति से युद्ध स्वयं अमरीका में आ जायेगा।

डूबते हुए को तिनके का सहारा : संयुक्त राज्य अमरीका के परराष्ट्र सचिव श्री अचेसन ने चीनी राष्ट्रवादियों के साथ हुए एक गुप्त समझौते को अब प्रकट कर दिया है। अमरीका की फौजी सहायता के बल पर चीन की प्रधान भूमि पर पुनः अधिकार करने का स्वप्न च्यांगकाई शेक की सरकार के लिए आकाश कुसुम चयन करने के समान है। हां, वह डूबते हुए के लिए तिनके का सहारा सिद्ध हो सकता है। श्री अचेसन की घोषणा के पूर्व अमरीका के उप-रक्षा मंत्री ने अपने एक वक्तव्य में बताया था कि फारमोसा के लिए अमरीका जो सैनिक-दल भेज रहा है, उसमें करीब 600 सैनिक अफसर होंगे।

## अनुलोम-विलोम
### ट्रंप पर हमला



# अपने गलत आचरण की कीमत चुकाते ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति की जितनी इज्जत आज पूरी दुनिया में होनी चाहिए, उतनी डोनाल्ड ट्रंप की नहीं है। इसका कारण वह खुद हैं। अपने आचरण और व्यवहार के कारण उन्होंने पूरी दुनिया में उथल-पुथल मचा रखी है। जिस नाटो संगठन को हम एकता का प्रतीक समझा करते थे या समूचा यूरोप ही कभी अमेरिका का हिस्सा लगा करता था, वैसा आज नहीं है। ये सब अब वाशिंगटन से दूर नजर आते हैं। सभी इस समय ट्रंप की करतूतों के कारण खुद को एक प्रकार से छला हुआ महसूस कर रहे हैं। मार्च 2026 के सर्वेक्षण से पता चलता है कि यूरोप में ट्रंप की लोकप्रियता कम हुई है। जर्मनी में यह 86 प्रतिशत, फ्रांस में 78 प्रतिशत और डेनमार्क में 94 प्रतिशत लोग उनके खिलाफ हैं। ट्रंप की नवीनतम कारस्तानी के कारण यूरोप और उत्तर अमेरिका के बीच पहले से गहराती खाई और गहरी हो गई है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ने स्पेन को नाटो संगठन से बाहर कर उसे 'दंडित' करने की मांग की है। क्या ऐसा संभव है? अमेरिका कानूनी तौर पर स्पेन को नाटो से निष्कासित या निलंबित नहीं कर सकता, क्योंकि नाटो अधिकारियों के अनुसार, उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन में किसी सदस्य देश को निलंबित या निष्कासित करने का कोई प्रावधान नहीं है। हां, कोई भी देश स्वेच्छा से इसे जरूर छोड़ सकता है। इसी तरह, ईरान के साथ समझौता न करना भी ट्रंप को विश्व मंच पर बेपरदा कर रहा है। जब पूरी दुनिया में ट्रंप के प्रति लोगों का विश्वास कम हो रहा है, तो अमेरिकी भला क्यों न अविश्वास करेंगे! यहां भी एक बड़ा तबका ट्रंप के खिलाफ मुखर है। संभव है, उन्हीं में से किसी व्यक्ति ने नाराज होकर उनके डिनर के दौरान गोली चला दी होगी।

**जंग बहादुर सिंह**, टिप्पणीकार

**हाल** ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर गोली चलाई गई। उस समय वह व्हाइट हाउस के पत्रकारों के साथ डिनर कर रहे थे। इसकी असल वजह क्या है, यह तो जांच-पड़ताल के बाद ही पता चलेगा, लेकिन ट्रंप जिस तरह गलत नीतियों को अपनाकर खुद अपने और दूसरे देशों को आफत में डाल रहे हैं, उसको देखते हुए इसकी संभावना अधिक है कि इस हमले का कारक भी उनके अपने देश के लोगों का आक्रोश ही होगा! अमेरिका में हिंसा कोई नई बात नहीं है। वहां 'बंदूक संस्कृति' बरसों से फल-फूल रही है। खुद डोनाल्ड ट्रंप पिछली बार चुनाव हार गए थे, तब कैपिटल हिल जाकर उन्होंने हिंसा की थी। इसलिए, यह कहना ज्यादा सही होगा कि ट्रंप और विवाद का चोली-दामन सा रिश्ता है।

**राजेश कुमार चौहान**, टिप्पणीकार

# कहीं यह घटते लोकतंत्र का संकेत तो नहीं

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक कार्यक्रम में गोलीबारी की हुई हालिया घटना केवल सुरक्षा चूक नहीं, बल्कि उस लोकतांत्रिक ताने-बाने पर गहरी चोट है, जिस पर दुनिया लंबे समय से भरोसा करती आई है। यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब अमेरिका पहले से ही तीव्र राजनीतिक ध्रुवीकरण और सामाजिक तनाव के दौर से गुजर रहा है। ऐसे में, यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या दुनिया का सबसे शक्तिशाली लोकतंत्र भीतर से कमजोर पड़ने लगा है?

अमेरिकी राजनीति में विभाजन कोई नई बात नहीं है, पर पिछले कुछ वर्षों में यह असहमति से आगे बढ़कर वैमनस्य में बदलता दिख रहा है। विचारों का टकराव अब व्यक्तियों के खिलाफ गुस्से में बदलने लगा है। यही वह माहौल है, जहां हिंसा पनपती है। ट्रंप जैसे प्रभावशाली और विवादित नेता इस ध्रुवीकरण के केंद्र में रहे हैं। उनके समर्थकों के लिए वह एक मजबूत राष्ट्रवादी आवाज हैं, जबकि आलोचकों की नजर में लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए चुनौती। ऐसे में, उन पर हुआ कोई भी हमला राजनीतिक भावनाओं को और भड़काने का काम करता है। इस घटना ने सुरक्षा-व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अमेरिका की सुरक्षा एजेंसी दुनिया में सबसे मजबूत मानी जाती है। उसकी मौजूदगी में इस तरह की घटना होना केवल तकनीकी विफलता नहीं, बल्कि एक चेतावनी है कि खतरे के स्वरूप बदल चुके हैं। अब खतरा केवल संगठित समूहों से नहीं, बल्कि अकेले, कट्टर विचारों से प्रेरित व्यक्ति से भी है।

अमेरिका की यह घटना वैश्विक संदर्भ में भी महत्वपूर्ण है। दुनिया के कई देशों के लिए, जो अमेरिका को लोकतांत्रिक आदर्श के रूप में देखते हैं, यह चिंताजनक संकेत है। यदि वहां भी राजनीतिक हिंसा सामान्य हो गई, तो वैश्विक लोकतंत्र के लिए गंभीर चुनौती पैदा हो जाएगी। किंतु यह घटना अमेरिका के लिए आत्ममंथन का अवसर हो सकती है। क्या नेताओं और नागरिकों को अपने शब्दों और व्यवहार में संयम लाने की आवश्यकता है? लोकतंत्र केवल चुनावों से नहीं चलता, बल्कि उस संस्कृति से भी चलता है, जिसमें असहमति को सम्मान दिया जाता है। यदि वह संस्कृति कमजोर पड़ती है, तो संस्थाएं भी टिक नहीं पातीं। ट्रंप से जुड़ी यह घटना एक स्पष्ट संकेत है कि अब अमेरिका को अपने लोकतांत्रिक मूल्यों की पुनर्स्थापना के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। अन्यथा, गोलीबारी की यह घटना एक प्रवृत्ति बन सकती है और तब यह खतरा केवल अमेरिका तक सीमित नहीं रहेगा।

**युगल किशोर राही**, टिप्पणीकार

देश के विकास के लिए व्यापार बहुत जरूरी है और व्यापार की दुनिया में अक्सर आपदा में अवसर तलाशने की बात होती है। क्या भारत आपदा के समय पैदा अवसरों का लाभ उठा पाता है? दुनिया में भारत की गिनती बड़े उत्पादक देशों में होती है, पर क्या यह अपनी और दुनिया की उम्मीदों पर खरा उतर पाता है? हमारा देश राजनीतिक और बुनियादी रूप से बहुत मजबूत है, पर ऐसी क्या समस्याएं हैं कि हम अवसरों का पूरा लाभ नहीं उठा पाते हैं? हमें अपनी कुछ कमियों पर गौर करना होगा। कुछ आर्थिक नीतियों की समीक्षा करनी पड़ेगी और कुछ जरूरी सुधार करने पड़ेंगे, ताकि हमारे विकास में और तेजी आए...

# आपदा में कैसे मिले अवसर





अरुण कुमार, अर्थशास्त्री

महामारी-लॉकडाउन के समय, गलवान में झड़प के बाद, यूक्रेन पर रूसी हमले के समय आपदा में अवसर देखने की बात खूब हुई थी। अब ईरान में युद्ध के समय भी आपदा में अवसर खोजने की चर्चा हो रही है। यहां सवाल यह उठता है कि आपदा में अवसर किसके लिए? इसे समझना जरूरी है, ताकि विकास का संतुलन बिठाया जा सके और आपदा में पैदा अवसरों का लाभ लिया जा सके।

आपदा में एक तो जनता परेशान होती है। कई जगह से लोग पलायन करते हैं, गांव से शहर जाते हैं, तो शहर से गांव भी लौटते हैं। आपदा में चीजों के दाम बढ़ते हैं। जब आपदा में ज्यादातर लोग परेशान हैं, तब मेरा मानना है, जो अवसर की बात हो रही है, वो बिजनेस वाले कर रहे हैं। अब होता यह है कि आपदा के समय बिजनेस वालों को कुछ फायदा मिल जाएगा, सरकार उनके लिए कुछ नीतियां बना देगी। आपदा के समय ज्यादातर ऐसा ही हुआ है, शायद इस उम्मीद में हुआ है कि व्यापार करने वाले अपने आर्थिक फायदे को निचले स्तर तक पहुंचने देंगे। यहां गंभीरता से सोचना चाहिए कि उद्यमियों को जो लाभ होता है, क्या उसका वाजिब फायदा नीचे तक पहुंचता है?

हमारी अर्थनीति ऐसी है कि जब हम आर्थिक सुधार की बात करते हैं, तब हम मानते हैं कि हमें व्यापार-अनुकूल नीतियों की पालना करनी चाहिए। व्यापार को बढ़ावा देना चाहिए। मेरा मानना है, व्यापार को पहले ही बहुत फायदे पहुंचाए जा रहे हैं। इसके बावजूद उत्पादन में वेतन-भत्ते का जो हिस्सा है, वह धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। व्यापार को निवेश के लिए और कितनी छूट चाहिए? गैर-बराबरी बहुत ज्यादा बढ़ रही है। इन-इक्वालिटी की रिपोर्ट बताती है कि एक प्रतिशत भारतीयों के पास देश की करीब 30 से 40 प्रतिशत संपत्ति है। नीचे के जो पचास प्रतिशत भारतीय हैं, उनके पास सिर्फ चार-पांच प्रतिशत संपत्ति है। अगर आप जीडीपी में डायरेक्ट टैक्स का हिस्सा देखेंगे, तो वह न्यूनतम स्तर पर है। जीडीपी का करीब 6.5 प्रतिशत डायरेक्ट टैक्स से आता है, जबकि यहां एक प्रतिशत लोगों के पास 40 प्रतिशत तक संपत्ति है। इस हिसाब से डायरेक्ट टैक्स संग्रह 15 से 17 प्रतिशत होना चाहिए। हमें यह सोचना चाहिए कि टैक्स वसूली को तार्किक कैसे बनाया जाए?

फिलहाल, समाज में गैर-बराबरी जितनी बढ़ेगी, बाजार में मांग उतनी ही घटती जाएगी। साल 2018 के बाद से भारत की अर्थव्यवस्था में मांग की समस्या है। मांग नहीं बढ़ रही है, क्योंकि आम लोगों के पास खर्च करने के लिए पर्याप्त पैसे नहीं हैं। सरकार कह रही है कि हम सार्वजनिक क्षेत्र में निवेश कर रहे हैं, पर अभी निजी क्षेत्र ज्यादा निवेश नहीं कर रहा है। निजी क्षेत्र का कहना है कि अभी मांग कम है, तो हम कैसे निवेश करें?

## मांग कैसे बढ़ेगी?

अगर हमें मांग बढ़ानी है, तो जो नीचे का तबका है, उस तक ज्यादा आय पहुंचानी पड़ेगी। नीचे के तबके के पास सौ रुपये पहुंचेंगे, तो वह पूरे सौ रुपये खर्च करेगा, इससे मांग बढ़ेगी। यहां आरबीआई का कैपेसिटी यूटिलाइजेशन का डाटा दिखा रहा है कि पिछले दस साल में हमारा कैपेसिटी यूटिलाइजेशन या क्षमता-उपयोग 70 और 75 प्रतिशत के बीच घूम रहा है। वह बढ़ता इसलिए नहीं है, क्योंकि मांग कम है। अगर कोई कंपनी सौ एयर कंडीशनर बनाती है और उसमें से सिर्फ सत्तर ही बिक रहे हैं, तो वह अपनी क्षमता को 100 से 110 क्यों करेगी? अतः आपदा में अवसर का लाभ हम इसलिए भी नहीं उठा पा रहे हैं, क्योंकि क्षमता का पूरा दोहन नहीं हो रहा है और बाजार में मांग भी कम है।

यहां यदि हम अपने क्षमता-उपयोग को बढ़ाएं, तो ही निजी क्षेत्र का निवेश बढ़ेगा। तभी हमारी वृद्धि ज्यादा होगी और व्यापार में ज्यादा लाभ होगा।

एक बार यह कोशिश होनी चाहिए कि व्यापार अनुकूल नीति के साथ ही, देश के आम लोगों के अनुकूल नीति बने और अर्थव्यवस्था के व्यापक हित की बात हो। देश में बेरोजगारी और आंशिक-बेरोजगारी दोनों का समाधान करना चाहिए। काम या रोजगार की कमी है और कई जगह मजदूरों को पूरा काम नहीं मिल रहा है। अनेक जगह मजदूर बारह-बारह घंटे खड़े रहते हैं और दो-तीन घंटे का काम मिलता है। अनेक युवाओं को पढ़ाई या डिग्री के हिसाब से भी काम मिलना चाहिए। आप देखिए 2016 में उत्तर प्रदेश में चपरासी की साढ़े तीन सौ नौकरी निकली और उसके लिए करीब 23 लाख लोगों ने आवेदन किया था। आवेदकों में बी-टेक, एम-टेक, बी-कॉम, एम-कॉम और पीएचडी करने वाले भी शामिल थे।

बड़ी संख्या में ऐसी महिलाएं हैं, जिन्होंने काम ढूंढ़ना ही बंद कर दिया है, क्योंकि काम नहीं मिल रहा है। इसलिए श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी जितनी होनी चाहिए, उतनी नहीं है। जो हमारा ताजा पीएलएफएस डाटा है, उसके मुताबिक, हमारे यहां मुश्किल से 35-40 प्रतिशत महिलाएं ही श्रम बल में शामिल हैं। जबकि चीन और बाकी जगह 50 से 70 प्रतिशत तक महिलाएं श्रम बल में शामिल हैं।

यह एक चक्र जैसा है, हमारे यहां काम नहीं मिल रहा, तो उससे गरीबी है। गरीबी है, तो मांग कम है। मांग कम है, तो हमारी अर्थव्यवस्था वांछित रफ्तार नहीं पकड़ पा रही है। इस दुष्चक्र को अच्छी आर्थिक नीतियों के बल पर तोड़ा जा सकता है।

## नीतियों में बदलाव जरूरी

समाधान यही है कि जो आम तबका है, उसके लिए रोजगार सृजन किया जाए। रोजगार सृजन के लिए हमें बजट की नीतियां सही करनी पड़ेंगी। एक बार देखना होगा, हम साढ़े ग्यारह लाख करोड़ रुपये कैप-आइटम में खर्च कर रहे हैं। यह पैसा कहां जा रहा है? कैपिटल इंटेंसिव सेक्टर में, मतलब कि जैसे फ्रेट कॉरिडोर हो गया, बड़े-बड़े हाईवेज हो गए, पावर सेक्टर में पैसा जा रहा है, पर इन सेक्टर में ज्यादा रोजगार नहीं बढ़ रहे हैं। पहले सड़क बनती थी, तो सैकड़ों लोग काम करते दिखते थे। आज बड़े-बड़े बुलडोजर, ट्रैक्टर, जेसीबी और क्रेन के साथ दस-पंद्रह लोग काम करते दिखते हैं। जिन कामों में हम लाखों करोड़ खर्च कर रहे हैं, उनमें रोजगार सृजन बहुत कम है। अब हमें सोचना चाहिए कि रोजगार का सृजन कैसे बढ़ेगा?

## कहां बढ़ेंगे रोजगार?

अगर हम पैसे या निवेश को शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण रोजगार गारंटी में ज्यादा लगाएंगे, तो नौकरियां बढ़ेंगी। पूरा ध्यान रखना होगा कि ग्रामीण रोजगार और विकास में किसी भी तरह की कमी न रहे। कृषि बजट या व्यय में कोई कमी नहीं करनी चाहिए। जब गांव में शिक्षा ज्यादा होगी, स्वास्थ्य ज्यादा होगा, कृषि उत्पादन बढ़ेगा, तो वहां रोजगार बढ़ेंगे। गांव के लोग गांव में रहेंगे। अभी गांव में काम नहीं मिलता है, तो लोग भागकर शहर आ जाते हैं और शहर में जिंदगी बहुत महंगी हो जाती है, तो फिर गांव लौटने के बारे में सोचने लगते हैं। हमारी नीतियों का जोर रोजगार सृजन पर होना चाहिए।

अगर हम रोजगार को ज्यादा बढ़ावा देंगे, तो हमारी गरीबी भी कम होगी और बाजार में मांग भी ज्यादा होगी। तब हमारे उद्योग भी ज्यादा बेहतर काम करेंगे और वृद्धि ज्यादा होगी, तो उससे और रोजगार सृजन बढ़ेगा। इसके लिए सरकार को अपनी नीति बदलनी पड़ेगी, असंगठित क्षेत्र को आगे करना पड़ेगा। असंगठित क्षेत्र में कृषि आता है, जिसमें करीब 45 प्रतिशत लोग काम करते हैं। बाकी 48 प्रतिशत गैर-कृषि में काम करते हैं। इसमें माइक्रो सेक्टर हो गया, स्मॉल सेक्टर हो गया। अब माइक्रो सेक्टर में ही सवा ग्यारह करोड़ लोग रोजगार में हैं। करीब सवा छह करोड़ यूनिट हैं, इनमें औसत रोजगार 1.7 होता है। इस क्षेत्र में लगातार आपदा की स्थिति है। नोटबंदी, जीएसटी से ईरान युद्ध तक रोजगार क्षमता को धक्का लगा है। अब ऊर्जा नहीं मिल रही है, तो धक्का लग रहा है। यहां हमें मदद करनी चाहिए। हम मदद करेंगे, तो कृषि में ज्यादा आमदनी होगी, तो मांग बढ़ेगी। कामगारों की ज्यादा आमदनी होगी, तो मांग बढ़ेगी। जब मांग बढ़ेगी, तो संगठित क्षेत्र और कैपिटल इंटेंसिव सेक्टर भी अच्छा करेगा, क्योंकि ये क्षेत्र भी अभी पर्याप्त निवेश नहीं कर रहे हैं, क्योंकि मांग कम है।

इसलिए हमें अपनी ऐसी नीतियां बनानी चाहिए, जिससे मांग बढ़े। अभी हम बाहरी बाजार पर निर्भर नहीं कर सकते। दुनिया में आज जो स्थिति है, उसमें युद्ध वगैरह की वजह से हम निर्यात बाजार पर ज्यादा निर्भर नहीं रह सकते। हमें अपने खुद के या आंतरिक बाजार पर ज्यादा निर्भर रहना चाहिए। हमारा अपना बाजार बहुत बड़ा है और उसकी जरूरतों को पूरा करने के सारे प्रबंध होने चाहिए। इसके लिए हमें अपनी तमाम जरूरी आर्थिक नीतियों को दुरुस्त करना होगा, ताकि हम अपनी जरूरत के उत्पाद यहीं बना सकें।

अब सरकार क्या कर रही है? जल्दीबाजी में यूरोपीय संघ से व्यापार समझौता किया गया, न्यूजीलैंड के साथ भी समझौता हुआ। हमने देखा है, जितने भी हमने व्यापार समझौते किए हैं, उनसे आयात ज्यादा बढ़ा, निर्यात कम। ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि हम तकनीक में पिछड़ रहे हैं।

## तकनीकी तरक्की सबसे जरूरी

आपदा में अवसर का लाभ उठाने के लिए हमें सोचना चाहिए। हम तकनीक में कमजोर हैं, इसलिए व्यापार समझौते का हम फायदा नहीं उठा पाते हैं। दूसरे देश फायदा उठा ले जाते हैं।

तकनीक के लिए हमें शोध पर ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ेंगे। अभी हम आर एंड डी या शोध एवं विकास पर जीडीपी का केवल दशमलव छह प्रतिशत के करीब खर्च करते हैं। चीन और अमेरिका जैसे देश शोध-विकास पर तीन प्रतिशत तक खर्च करते हैं। चीन की अर्थव्यवस्था हम से पांच गुना बड़ी है, वह शोध-विकास पर हमसे कई गुना ज्यादा खर्च करता है। यही कारण है कि हम चीन से लो-टेक्नोलॉजी से बने सामान लेते हैं और हाई-टेक्नोलॉजी आइटम भी लेते हैं। मूर्ति, पतंग का मांझा, पिचकारी... ये सब चीन से आते हैं और हाई-टेक्नोलॉजी आइटम जैसे दवा व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी आते हैं। यह देखने की बात है कि चीन के साथ व्यापार में हमारा 102 अरब डॉलर का घाटा है। मतलब अपनी तकनीक के अभाव में हम 102 अरब डॉलर की मदद चीन को पहुंचा रहे हैं।

हमारा जो उद्योग वर्ग है, वह शोध-विकास पर खर्च ही नहीं करना चाहता है। सरकार को इस ओर ज्यादा ध्यान देना होगा। आधुनिक दौर में विकास के लिए तकनीक की बड़ी जरूरत है। सावधान, तकनीक में अगर हम पिछड़े, तो हाथ आए अवसरों का भी लाभ नहीं उठा पाएंगे।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

**442**
अरब डॉलर के करीब पहुंच गया भारतीय उत्पाद निर्यात साल 2025-26 में, लेकिन आयात भी बढ़कर 775 अरब डॉलर के करीब हो गया है।

**70%**
के करीब है भारतीय घरेलू बाजार का हिस्सा जीडीपी में। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बाजार है और आत्मनिर्भर होकर आंतरिक रूप से भी यह तेज विकास कर सकता है।

**39%**
की विकास दर से बढ़ा है भारत का इलेक्ट्रॉनिक निर्यात साल 2025 में। बड़े पैमाने पर मोबाइल फोन का निर्माण भारत में हो रहा है।

**20%**
की विकास दर से बढ़ा है भारत का दवा निर्यात साल 2025 में। भारत को दुनिया का उभरता और सबसे किफायती फार्मेसी हब कहा जा रहा है।

### प्रतिभाओं को मिले मौका

भारत को प्रतिभा पलायन रोकने के बेहतर प्रबंध करने चाहिए। यूनेस्को इस ब्रेन ड्रेन को एक असमान वैज्ञानिक आदान-प्रदान के रूप में देखता है। इसमें प्रतिभाएं एकतरफा रूप से कम विकसित देशों से अधिक विकसित देशों में पलायन कर जाती हैं। आईआईटी और आईआईएम जैसे राष्ट्रीय संस्थानों को भारत के पुनर्निर्माण की रीढ़ माना गया था। हालांकि, यही संस्थान बौद्धिक और आर्थिक, दोनों प्रकार की पूंजी के पश्चिम की ओर पलायन का माध्यम बन गए। प्रतिभा पलायन को युद्ध स्तर पर रोकने की जरूरत है, जैसा चीन ने कर लिया है और तभी उसके लिए दुनिया की हर आपदा एक अवसर में बदल जाती है।

### शोध पर खर्च बढ़ाए भारत

**भारत का शोध एवं विकास पर खर्च तुलना में कम है। वह अपनी जीडीपी का एक प्रतिशत भी शोध पर खर्च नहीं करता है।**




### शोध एवं विकास पर ज्यादा खर्च करने वाले 10 देश




### तेल का विकल्प खोजें

तेल का विकल्प हम खोज सकते हैं। अपने देश में तेल की खोज बहुत पहले ही हो जानी चाहिए थी। हमारे पास कोयला बहुत है। उसकी क्वालिटी खराब है, तो हम कोल गैसीफिकेशन की तरफ ध्यान देते। इससे हम यूरिया पैदा कर सकते थे, बिजली भी ज्यादा पैदा कर सकते थे, उससे और भी रसायन निकाल सकते थे। इस पर चर्चा 1950 के दशक में हुई थी। एक वैज्ञानिक रहमान हुआ करते थे सीएसआईआर में, उन्होंने कहा था कि हमें न्यूक्लियर की जगह कोल गैसीफिकेशन की तरफ जाना चाहिए। आने वाले समय में हमें बायोगैस, सौर ऊर्जा और अन्य हरित ऊर्जा स्रोतों पर ज्यादा ध्यान देना होगा।

> नीचे के तबके के पास सौ रुपये पहुंचेंगे, तो वह पूरे सौ रुपये खर्च करेगा, इससे मांग बढ़ेगी। यहां आरबीआई का कैपेसिटी यूटिलाइजेशन का डाटा दिखा रहा है कि पिछले दस साल में हमारा कैपेसिटी यूटिलाइजेशन या क्षमता-उपयोग 70 और 75 प्रतिशत के बीच घूम रहा है। वह बढ़ता इसलिए नहीं है, क्योंकि मांग कम है। अगर कोई कंपनी सौ एयर कंडीशनर बनाती है और उसमें से सिर्फ सत्तर ही बिक रहे हैं, तो वह अपनी क्षमता को 100 से 110 क्यों करेगी? अत: आपदा में अवसर का पूरा लाभ हम इसलिए भी नहीं उठा पा रहे हैं, क्योंकि क्षमता का पूरा दोहन नहीं हो रहा है और मांग भी कम है।

# रोजनामचा



पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी दूसरे स्थान पर भी जा सकते हैं।

**वृष :** मन प्रसन्न रहेगा। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परंतु कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है।

**मिथुन :** मन परेशान हो सकता है। संतान की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कर्क :** कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। खर्चों में वृद्धि भी होगी।

**सिंह :** वाणी में मधुरता रहेगी। आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परंतु कार्यक्षेत्र में बदलाव के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है।

**कन्या :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन में उतार चढ़ाव भी हो सकते हैं। परिवार का साथ भी मिलेगा। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**तुला :** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि हो सकती है। यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**वृश्चिक :** आत्मविश्वास भरपूर तो रहेगा, परंतु मन परेशान भी हो सकता है। पिता की सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**धनु :** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। धैर्यशीलता बनाए रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिवार का साथ भी मिलेगा। विदेश यात्रा के योग भी बन रहे हैं।

**मकर :** मन में उतार-चढ़ाव भी हो सकते हैं। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। माता की सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ :** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता का साथ मिलेगा। अपनी सेहत का ध्यान रखें। पिता से कारोबार के लिए धन मिल सकता है।

**मीन :** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परंतु मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। संतान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा की संभावना बन रही है।

## व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

29 अप्रैल, बुधवार, **शक संवत्** : 09 वैशाख (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 16 वैशाख मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम** : 11 जिल्काद, 1447, **विक्रमी संवत्** : वैशाख शुक्ल त्रयोदशी तिथि सायं 07.52 मिनट तक पश्चात चतुर्दशी तिथि। हस्त नक्षत्र रात्रि 12.17 मिनट तक पश्चात चित्रा नक्षत्र, हर्ष योग रात्रि 8.52 मिनट तक पश्चात वज्र योग, कौलव करण, चंद्रमा कन्या राशि में (दिन-रात)।

**सूर्य उत्तरायण।** सूर्य उत्तर गोल। बसंत ऋतु। दोपहर 12 बजे से दोपहर 01.30 मिनट तक राहुकालम्। प्रदोष व्रत।

## वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**मेरा बीमा का व्यवसाय है। मुझे वास्तु के अनुसार क्या करना चाहिए?**

–**शिखा राय**, मेरठ

■ बीमा के व्यवसाय में आप दूसरे व्यक्तियों के धन, सुरक्षा एवं भविष्य की योजनाओं से जुड़े होते हैं। यह केवल धन से ही नहीं, वरन् विश्वास एवं धन के प्रवाह का भी विषय होता है। आपके लिए उत्तर दिशा बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह करियर एवं धन के प्रवाह की दिशा है। यदि यह दिशा सही एवं संतुलित होती है, तो क्लाइंट आपको निरंतर मिलेंगे। क्लाइंट का आपके ऊपर भरोसा भी मजबूत होगा। यदि इस दिशा में दोष होगा, तो क्लाइंट मना कर देते हैं। भुगतान में देरी हो सकती है या अटक सकता है।

## वर्ग पहेली : 8313



**बाएं से दाएं**
1. जगह; ठौर; स्थान; आश्रयस्थल; निवास स्थान (3)
6. देह त्यागना; प्राण छोड़ना; मर जाना (2,3)
7. टकराना; भिड़ना; लड़ना; डट जाना; मुकाबला करना (3,3)
10. अंधकार; अंधेरा (4)
11. एक आसन, जिसमें शरीर को शव की तरह ढीला-ढाला रखते हैं (4)
14. उत्पीड़ित करना; कष्ट देना; घायल करना; चोटिल करना (3,3)
15. राज्यकाल; शासन की अवधि (5)
16. छोर; सिरा; कूल; तीर; तट (3)

**ऊपर से नीचे**
2. इच्छा करना; ख्वाहिश रखना; मन में चाह होना (3,3)
3. दग्ध होना; आग लगना; ईर्ष्या करना (3)
4. मजबूत; थुलथुल; मेदस्वी; मांस से भरा हुआ; मोटा ताजा (3)
5. जो साधारण न हो; असामान्य; खास; गैरमामूली; विलक्षण (5)
6. पशुओं का घूम-घूम कर घास खाना (3)
8. ध्वनि करना; बोलना; पुकारना; शोर करना (3,3)
9. विचार करना; तैयार होना; तय करना (2,3)
12. प्रासाद; बहुत बड़ा मकान; राजनिवास (3)
13. स्थिति; बैठने की वस्तु; बैठक (3)
14. अंबर; आसमान; गगन; नभ (3)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

## वर्ग पहेली : 8312

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 म | 2 न | मे | चो | 3 र | बै | ठ | 4 ना |
| 5 र | ■ | त | ■ | ■ | त | ■ | ■ | दा |
| 6 स | क्ष | म | हो | 7 ना | ■ | 8 ज्ञा | 9 प | न |
| ना | ■ | स्त | ■ | ग | ■ | ■ | ड़ | ■ |
| 10 थ | 11 प | क | ना | ■ | 12 उ | 13 प | बा | 14 स |
| ■ | ह | ■ | ■ | 15 दे | ■ | त | ■ | र |
| 16 वि | र | ला | ■ | 17 न | य | न | ज | ल |
| मा | ■ | ■ | 18 खा | ■ | ■ | शी | ■ | ता |
| 19 न | क्शा | ब | द | ल | डा | ल | ना | ■ |

## सुडोकू : 8295

*मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| | | 1 | 6 | | 5 | 3 | | |
| 6 | 2 | | | | | | 8 | 5 |
| | 4 | | | 9 | | | 6 | |
| | | 6 | 8 | | 7 | 2 | | |
| | 8 | | | 2 | | | 7 | |
| 4 | 7 | | | | | | 3 | 1 |
| | | 2 | 5 | | 3 | 6 | | |
| | | | | | | | | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

## सुडोकू : 8294

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 9 | 8 | 6 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 9 | 4 | 1 | 6 | 3 | 8 |
| 5 | 3 | 6 | 2 | 8 | 4 | 9 | 7 | 1 |
| 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 1 | 7 | 6 | 4 | 5 | 3 |
| 1 | 2 | 5 | 6 | 9 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 6 | 7 | 3 | 4 | 1 | 8 | 5 | 2 | 9 |

दैनिक जागरण

संकल्प की शक्ति ही लक्ष्य को संभव बनाती है

## रक्षा खर्च बढ़ाने की बाध्यता

स्टाकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट यानी सीपरी की इस रिपोर्ट पर आश्चर्य नहीं कि 2025 में विश्व का कुल सैन्य खर्च 2024 के मुकाबले 2.9 प्रतिशत अधिक रहा। अब रक्षा खर्च विश्व की कुल जीडीपी का 2.5 प्रतिशत हो गया है। इस संस्था की रिपोर्ट यह भी बताती है कि रक्षा खर्च में भारत विश्व में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। चूंकि भारत विश्व की चौथी बड़ी सैन्य शक्ति है, इसलिए रक्षा खर्च के मामले में उसका पांचवें स्थान पर होना हैरानी का विषय नहीं। भारत रक्षा खर्च में कटौती इसलिए नहीं कर सकता, क्योंकि चीन और पाकिस्तान जैसे देश उसके लिए समस्या बने हुए हैं। चूंकि वैश्विक परिदृश्य बदलने के साथ लड़ाई के तौर-तरीके भी बदल रहे हैं, इसलिए अपनी सेना के आधुनिकीकरण के चलते भी भारत को रक्षा खर्च बढ़ाना पड़ रहा है। वर्तमान चुनौतियों को देखते हुए भारत के लिए यह संभव नहीं कि वह अपने रक्षा खर्च में कमी करे। भारत की तरह अन्य कई देशों को भी अपने समक्ष उभर रहे खतरों के कारण अपना रक्षा खर्च बढ़ाना पड़ रहा है। कुछ ऐसे भी देश हैं, जो आर्थिक रूप से कमजोर होने के बाद भी पड़ोसी देशों पर अपना दबदबा कायम करने अथवा उन्हें आतंकित करने के लिए अपना रक्षा खर्च बढ़ाने में जुटे रहते हैं। दुर्भाग्य से पड़ोसी पाकिस्तान ऐसे देशों में प्रमुख है। चीन भी अंधाधुंध तरीके से रक्षा पर खर्च कर रहा है, ताकि एशिया के साथ विश्व में अपना वर्चस्व कायम कर सके।

आज के लोकतांत्रिक युग में किसी देश से यह अपेक्षित नहीं कि वह विस्तारवादी अथवा सामंतवादी मानसिकता का परिचय दे, पर समस्या यह है कि ऐसी मानसिकता वाले देशों की कमी नहीं। ऐसे देशों के समक्ष वैश्विक संस्थाएं और विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जिस तरह असहाय-निरुपाय है, उसके चलते भी हथियारों की होड़ बढ़ रही है और तमाम देशों को जो पैसा अपने लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में खर्च करना चाहिए, वह सैन्य संसाधन जुटाने में खपाना पड़ता है। पिछले कुछ समय से प्रमुख वैश्विक शक्तियां जिस तरह मनमानी कर रही हैं, उससे अभी तक चली आ रही विश्व व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो चुकी है। जैसे यूक्रेन पर रूस का हमला, उसकी मनमानी का परिचायक था, वैसे ही अमेरिका की ओर से पहले वेनेजुएला और फिर ईरान को निशाना बनाना भी उसका मनमानापन ही है। बड़े देशों की यह मनमानी भी रक्षा खर्च की होड़ बढ़ा रही है। भारत चाहकर भी अपना रक्षा खर्च कम नहीं कर सकता, लेकिन उसकी प्राथमिकता अपनी आवश्यकता की अधिकाधिक युद्धक सामग्री का निर्माण देश में ही करना होना चाहिए। इससे देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा और रक्षा खर्च में कमी भी आएगी।

## महत्वपूर्ण कदम

पंजाब पुलिस ने जिस तरह से गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई गैंग और उससे जुड़े नेटवर्क पर शिकंजा कसना शुरू किया है, वह राज्य की आंतरिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम है। यह महज अपराधियों को पकड़ने की कार्रवाई नहीं है, बल्कि संगठित अपराध और आतंकवाद के गठजोड़ को जड़ से खत्म करने की रणनीति का भी हिस्सा प्रतीत हो रही है। अच्छी बात यह है कि इस अभियान का आधार डाटा-आधारित दृष्टिकोण है। पुलिस ने विभिन्न एजेंसियों से मिली सूचनाओं को एकीकृत कर 400 से अधिक संदिग्धों की पहचान की है, जिनका बिश्नोई गैंग और विदेश में बैठे गैंगस्टर तथा बब्बर खालसा इंटरनेशनल से संबंध बताया जा रहा है। इनमें से 178 ऐसे संदिग्ध हैं, जिन पर तुरंत कार्रवाई आवश्यक मानी गई है। यह दिखाता है कि कार्रवाई गहराई से की जा रही है। गैंगस्टर तथा आतंकी नेटवर्क चिंता का विषय इसलिए भी बना हुआ है, क्योंकि यह युवाओं को गुमराह कर हिंसा और अपराध की ओर धकेलने का कार्य कर रहा है। पंजाब जैसे संवेदनशील राज्य में यह प्रवृत्ति सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करती है। इस नेटवर्क को तोड़ने के लिए आवश्यक है कि इसके जड़ पर प्रहार किया जाए और पंजाब पुलिस वही करती दिख रही है। हालांकि इस दिशा में तेजी लाने की आवश्यकता है, ताकि जल्द नतीजे सामने आएं। आशा की जानी चाहिए कि शीघ्र ही इसके सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

> गैंगस्टर और आतंकी नेटवर्क को तोड़ने के लिए जरूरी है कि जड़ पर प्रहार किया जाए

# संतुलन पर टिका व्यापार समझौता



अनंत स्वरूप

**न्यूजीलैंड के साथ भारत का मुक्त व्यापार समझौता कृषि क्षेत्र को संरक्षण प्रदान करते हुए सेवा क्षेत्र और निवेश के लिए अवसरों के द्वार भी खोलता है**



अवधेश राजपूत

भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते यानी एफटीए का मूर्त रूप लेना भारत की व्यापारिक कूटनीति में महत्वपूर्ण कदम है। यह इसका भी स्पष्ट संकेत है कि देश पूरे आत्मविश्वास के साथ वैश्विक मंच पर जुड़ाव के लिए तैयार है। भारत अब वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ और अधिक गहराई से जुड़ने का इच्छुक होने के साथ यह सुनिश्चित करने में भी लगा है कि उसके किसानों, श्रमिकों, छोटे उद्यमों यानी एमएसएमई और रणनीतिक क्षेत्रों के हित पूरी तरह सुरक्षित रहें। यह समझौता पिछले वर्ष मार्च में आरंभ हुई वार्ताओं का परिणाम है, जिस पर दिसंबर में ही सहमति बन गई थी और सोमवार को उस पर हस्ताक्षर भी हो गए। यह कवायद आर्थिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाने की दिशा में दोनों पक्षों की प्रबल राजनीतिक इच्छाशक्ति का प्रतीक बनकर भी उभरी है।

भारत के लिए यह समझौता केवल इसलिए ही महत्वपूर्ण नहीं है, क्योंकि यह एक उच्च आमदनी वाले और व्यापार एकीकृत बाजार में नए अवसर खोलता है, बल्कि इस दृष्टि से भी महत्व रखता है कि इसके माध्यम से भारत के ओशियानिया और प्रशांत क्षेत्र में संबंधों को नया आयाम मिलेगा। अभी भारत और न्यूजीलैंड के बीच 1.3 अरब डालर के द्विपक्षीय व्यापार में भारत को ही बढ़त की स्थिति प्राप्त है, मगर न्यूजीलैंड के 47.5 अरब डालर के आयात में भारत की हिस्सेदारी मात्र दो प्रतिशत के मामूली स्तर पर है। पहले भारतीय उत्पादों पर 10 प्रतिशत का सीमा शुल्क लगता था, लेकिन एफटीए से ये समीकरण पूरी तरह बदल जाएंगे

व्यापक रूप से देखें तो भारत-न्यूजीलैंड एफटीए भविष्य को ध्यान में रखने वाला समझौता है, जो वस्तुओं और सेवाओं के साथ ही गतिशीलता एवं नवाचार को ध्यान में रखता है। न्यूजीलैंड भारतीय निर्यातों के लिए सभी टैरिफ लाइनों पर निःशुल्क पहुंच प्रदान करने जा रहा है, जिसमें वस्त्र, परिधान, चमड़े के सामान, कालीन, आटोमोबाइल और कलपुर्जों पर ऊंचे टैरिफ समाप्त कर दिए गए हैं। इसके बदले में भारत लगभग 70 प्रतिशत शुल्क श्रेणियों में सीमित बाजार प्रवेश देगा और 30 प्रतिशत श्रेणी में शुल्क तत्काल समाप्त करेगा, जबकि शेष श्रेणियों में इसे चरणबद्ध तरीके से हटाया जाएगा। भारत ने लगभग 30 प्रतिशत संवेदनशील 'टैरिफ लाइनों' को इस सूची से बाहर रखा है, ताकि घरेलू हितों की रक्षा की जा सके। इसमें डेरी उत्पादों, दालों, चीनी, खाद्य तेल, प्याज, मक्का और बादाम जैसी श्रेणियों को संरक्षण प्रदान किया गया है, जो खाद्य सुरक्षा के साथ ही किसानों के हितों को संबोधित करते हैं। अनूठी विशेषताएं इस एफटीए को और आकर्षण प्रदान करती हैं। जैसे न्यूजीलैंड ने अगले 15 वर्षों में भारत में 20 अरब डालर के निवेश की बात की है। यह निवेश मुख्य रूप से बुनियादी ढांचे, विनिर्माण और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों पर केंद्रित होगा। इसमें एक पुनर्संतुलन का भी प्रविधान है, जो निवेश लक्ष्य पूरे न होने की स्थिति में भारत को उपचारात्मक उपाय करने की अनुमति देता है। यह कदम रोजगार, तकनीक हस्तांतरण और आपूर्ति शृंखला के एकीकरण को बढ़ावा देगा, जिसमें न्यूजीलैंड के मजबूत विदेशी निवेश प्रोफाइल का लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त, न्यूजीलैंड ओशियानिया-प्रशांत बाजारों और स्थापित वैश्विक मूल्य शृंखलाओं में भारत के लिए एक रणनीतिक प्रवेश-द्वार (गेटवे) की भूमिका भी निभाएगा।

भारतीय प्रतिभाओं के लिए भी यह बहुत उपयोगी साबित होने जा रहा है। इसमें भारतीय छात्रों के लिए वीजा की कोई ऊपरी सीमा निर्धारित नहीं की गई है। उन्हें पढ़ाई के दौरान 20 घंटे काम करने और पढ़ाई के बाद भी चार साल तक के लिए प्रभावी वीजा दिया जाएगा। न्यूजीलैंड ने किसी एफटीए में पहली बार इस तरह का कोई प्रविधान किया है। एक नई अस्थायी रोजगार प्रवेश श्रेणी के तहत आइटी, स्वास्थ्य सेवा और इंजीनियरिंग क्षेत्र की प्रतिभाओं के लिए 5,000 प्रोफेशनल वीजा भी सुनिश्चित किए गए हैं। इसमें आयुष चिकित्सकों, योग प्रशिक्षकों, भारतीय रसोइयों और संगीत शिक्षकों जैसे विशिष्ट क्षेत्रों के लिए भी तीन साल तक के वीजा का प्रविधान है। वस्त्र-परिधान क्षेत्र को इस एफटीए से बड़ा संबल मिलने जा रहा है। न्यूजीलैंड हर साल 1.2 अरब डालर के परिधान आयात करता है, जिसमें भारत की हिस्सेदारी केवल चार प्रतिशत है, जो इस एफटीए के बाद परवान चढ़ती दिखेगी। चमड़ा और फुटवियर के अलावा रत्न एवं आभूषण जैसे क्षेत्र भी इसके बड़े लाभार्थी बनकर उभरेंगे, जहां पूर्ववर्ती टैरिफ भारतीय उत्पादों की संभावनाओं की राह में अवरोध बन रहे थे। इसी तरह इंजीनियरिंग वस्तुओं के 6.6 अरब डालर के बाजार में भारत की जो हिस्सेदारी महज एक प्रतिशत रही, वह भी बढ़ने के भरे-पूरे आसार हैं। फार्मा बाजार में भी भारत की केवल 5.5 प्रतिशत की हिस्सेदारी को भी एफटीए के बाद और विस्तार मिलेगा।

समझौते की ताकत इसके संतुलन और आपसी संवेदनाओं की मान्यता में निहित है। भारतीय कृषि क्षेत्र की संवेदनाओं को समझते हुए न्यूजीलैंड कीवी फल, सेब और शहद उत्पादन के लिए कार्य योजनाओं और उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना में भी सहयोग करेगा। भौगोलिक संकेतकों यानी जीआइ टैग वाले उत्पादों को भी समझौते में सुरक्षा प्रदान की गई है। यह एफटीए यही रेखांकित करता है कि भारत वैश्विक बाजारों के साथ गहन एकीकरण के लिए तैयार तो है, लेकिन वह अपने हितों को प्राथमिकता देते हुए संतुलित रूप से ही इस राह पर आगे बढ़ेगा। यह संतुलित समझौता कृषि क्षेत्र को संरक्षण प्रदान करते हुए सेवाओं और निवेश के लिए द्वार भी खोलता है। तीन वर्षों में दसवें एफटीए समझौते पर भारत के हस्ताक्षर रेखांकित करते हैं कि देश व्यापारिक मोर्चे पर एक नए युग की दहलीज पर खड़ा है। एक ऐसा युग जहां भारतीय महत्वाकांक्षाओं का संगम वैश्विक अवसरों के साथ हो रहा है और इसमें नपे-तुले संरक्षण एवं खुले बाजार की संकल्पना में संतुलन साधा जा रहा है।

(लेखक फिक्की के महासचिव हैं)
response@jagran.com

# परिवर्तन को तैयार दिखता बंगाल



रामानंद शर्मा

**सुरक्षित माहौल में बंगाल में एक मौन मतदाता उभरा है, जो मतदान केंद्र पर अपनी स्वतंत्र पसंद दर्ज करता है**

बंगाल सिर्फ वोट नहीं डाल रहा है। वह अपने लोकतांत्रिक भविष्य की नई दिशा भी तय करता दिख रहा है। निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के सघन संशोधन का जो अभियान चलाया, उससे राज्य भर से बड़े पैमाने पर संदिग्ध, मृत और स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। चुनाव प्रक्रिया का सख्त और पारदर्शी होना केवल मतदान तक सीमित नहीं है। यह उस औपचारिक राज्य की वापसी है, जो लंबे समय तक स्थानीय शक्ति संरचनाओं के पीछे छिप गया था। मतदाता परिणाम और सुशासन के आधार पर सत्ता की वैधता तय करना चाहता है। राजनीति विज्ञान का एक सीधा नियम है कि जहां अनौपचारिक शक्ति संरचनाएं और सिंडिकेट हावी होते हैं, वहां राज्य की औपचारिक क्षमता पूरी तरह कमजोर हो जाती है। यही स्थिति बंगाल में निवेश और विकास की सबसे बड़ी बाधा बन गई है। जो बंगाल कभी औद्योगिक उत्पादन का प्रमुख केंद्र था, वह आज रोजगार देने में काफी पिछड़ चुका है। जब भी कोई नया कारखाना या उद्यम शुरू होता है, स्थानीय बाहुबली उसमें दखल देते हैं। इससे निवेशक पीछे हटने पर मजबूर हो जाते हैं। जनता अब ऐसा तंत्र चाहती है, जो पारदर्शी हो और औपचारिक अर्थव्यवस्था को मजबूती दे।

यह चुनाव एक गहरे सामाजिक और पीढ़ीगत बदलाव का भी गवाह बन रहा है। नई पीढ़ी राजनीतिक निष्ठा के बजाय अवसरों के आधार पर प्राथमिकताएं तय कर रही है। आज का युवा मतदाता पारंपरिक झंडों और नारों का मोहताज नहीं है। उसे एक ऐसा तंत्र चाहिए जिस पर वह विश्वास कर सके। वह बेंगलुरु, पुणे या दिल्ली जैसी सुविधाओं और अवसरों को अपने ही राज्य में देखना चाहता है। जब यह महत्वाकांक्षा पूरी नहीं होती तो उसका गुस्सा सत्ता के खिलाफ मुखर होता है। राष्ट्रवाद, पारदर्शिता और विकास की राजनीति का जो नया विकल्प राज्य में उभर रहा है, वह इसी युवा वर्ग की आकांक्षाओं को स्वर देता दिख रहा है। राजनीति में नागरिक और सरकार के रिश्ते के मायने भी तेजी से बदल रहे हैं। सरकार की मुफ्त राशन और नकद सहायता जैसी योजनाओं ने समाज के निचले तबके को फौरी राहत जरूर दी है, लेकिन



मतदान पूर्व सुरक्षा बलों का फ्लैग मार्च। एएनआइ

अर्थशास्त्र और राजनीति का यह अनुभव बताता है कि एक सीमा के बाद कल्याणकारी योजनाओं का राजनीतिक प्रभाव घटने लगता है। खासकर तब, जब वे जनता की नई आकांक्षाओं को संतुष्ट नहीं कर पातीं। जब सरकार नागरिकों को स्थायी रूप से केवल 'लाभार्थी' मानकर चलने लगती है तो बुनियादी विकास पीछे छूट जाता है। यह निर्भरता समाज को आर्थिक रूप से अपने पैरों पर खड़ा नहीं होने देती। बंगाल का मतदाता अब कुछ सौ रुपयों की मासिक सहायता से आगे पक्का रोजगार और अपनी मेहनत का सम्मानजनक मोल चाहता है। सशक्तीकरण का यही माडल अब बंगाल के विमर्श में जगह बनाता प्रतीत हो रहा है।

जनसांख्यिकी और राष्ट्रीय सुरक्षा ऐसी चिंताएं बन चुकी हैं, जिन्हें अब किसी भी कीमत पर अनदेखा नहीं किया जा सकता। सीमावर्ती जिलों में घुसपैठ के आरोप और उनसे जुड़ी चिंताओं ने राज्य की सामाजिक पहचान पर एक बड़ी बहस छेड़ दी है। संदेशखाली जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है। सत्ता के करीब माने जाने वाले स्थानीय बाहुबलियों ने जिस प्रकार महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाई, उसने बंगाली भद्रलोक और ग्रामीण समाज को भीतर तक आहत किया। यह एक विशेष प्रकार की तुष्टीकरण की राजनीति का सीधा नतीजा है। राज्य का एक वर्ग कह रहा है कि इस तरह की नीतियों में कानून के समान शासन की पूरी तरह अनदेखी हो रही है। उत्तर बंगाल के राजबंशी समुदाय से लेकर मतुआ समाज तक, सभी अपनी अस्मिता और अधिकारों को सुरक्षित रखना चाहते हैं। बंगाल की राजनीति में लंबे अरसे तक राजनीतिक हिंसा का इस्तेमाल अपना दबदबा बनाए रखने के हथियार के रूप में हुआ है। चुनाव से पहले लोगों को डराना और विरोधियों को निशाना बनाना यहां का कड़वा सच रहा है, लेकिन इस बार केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की भारी तैनाती और चुनाव आयोग के सख्त रवैये ने डर के उस माहौल को काफी हद तक खत्म कर दिया है। इसी सुरक्षित माहौल में बंगाल में एक मौन मतदाता उभर रहा है। यह वह मतदाता है, जो सार्वजनिक रूप से कुछ नहीं कहता, लेकिन मतदान केंद्र पर अपनी स्वतंत्र पसंद दर्ज करता है। बिना किसी डर या दबाव के मतदान करने की यह हिम्मत एक परिपक्व होते लोकतंत्र का बहुत शुभ संकेत है। बंगाल की धरती पर चल रहा यह मंथन केवल एक सरकार के कामकाज का लेखा-जोखा नहीं है, बल्कि एक परिवर्तन की पदचाप है।

बड़े पैमाने पर संदिग्ध वोटरों के नाम हटना, न्यायपालिका की सख्ती, भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई और सुशासन की मुखर मांग बता रही है कि राज्य बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है। जनता के सामने दो रास्ते हैं। एक वह है, जो तात्कालिक लाभ देकर लोगों की निर्भरता बनाए रखना चाहता है। दूसरा, सुशासन, पारदर्शिता, राष्ट्रीय सुरक्षा और दीर्घकालिक विकास का स्पष्ट संकल्प है। बंगाल आज जिस दोराहे पर खड़ा है, वहां से लिया गया एक सही लोकतांत्रिक कदम कई पीढ़ियों का भविष्य संवार सकता है। अब फैसला बंगाल के हाथ में है-डर के साथ जीना है या सम्मान के साथ खड़ा होना है।

(लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट कालेज में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं)
response@jagran.com

ऊर्जा

### सच्ची सफलता

संप्रति सर्टिफिकेट का अर्थ केवल कागज का प्रमाण-पत्र नहीं रह गया है, बल्कि यह समाज की स्वीकृति, प्रशंसा और मान्यता का प्रतीक बन चुका है। हम यह मानने लगते हैं कि यदि हम वही बनेंगे जो समाज चाहता है तो हमें सम्मान मिलेगा, लोग हमारी सराहना करेंगे और हमें सफल माना जाएगा। इसी सोच के कारण व्यक्ति अक्सर अपनी वास्तविक इच्छाओं, प्रतिभाओं और सपनों को दबा देता है। कई बार समाज का प्रभाव इतना गहरा होता है कि हम अपने जीवन के महत्वपूर्ण निर्णय भी उसी के अनुसार लेने लगते हैं। कोई डाक्टर बनना चाहता है, कोई लेखक या कलाकार, लेकिन परिवार और समाज की अपेक्षाओं के दबाव में वह अपने मन के विरुद्ध रास्ता चुन लेता है। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है-क्या केवल दूसरों की नजरों में अच्छा बनना ही जीवन का उद्देश्य होना चाहिए?

वस्तुतः, सच्ची सफलता तब मिलती है जब हम भीतर की आवाज को सुनते हैं और अपने सपनों को पहचानते हैं। समाज की स्वीकृति महत्वपूर्ण है, किंतु उससे कहीं अधिक आवश्यक है आत्म-संतोष। समाज के सर्टिफिकेट की चिंता हमें सीमित कर देती है, जबकि अपने सपनों पर विश्वास हमें आगे बढ़ने की शक्ति देता है। हम समाज की अपेक्षाओं को समझें, लेकिन उनके बोझ तले दबें नहीं। हमें यह तय करना होगा कि हम क्या बनना चाहते हैं, न कि यह कि समाज हमें क्या बनाना चाहता है। जब हम अपने निर्णय स्वयं लेने लगते हैं, तभी सच्चे अर्थों में स्वतंत्र और सफल बनते हैं। मनुष्य परिस्थितियों की उपज अवश्य है, किंतु उनका दास नहीं। वह इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास के बल पर ही अपनी पहचान बना सकता है। इसलिए हमें समाज के सर्टिफिकेट के पीछे भागने के बजाय अपने वास्तविक उद्देश्य को पहचानना चाहिए और उसी के अनुरूप जीवन जीना चाहिए। यही सच्ची सफलता और संतोष का मार्ग है।

समराज चौहान

# अवसरवादी राजनीति पर रोक जरूरी

देवेंद्रराज सुथार

**उचित मार्ग यह है कि जो भी सांसद या विधायक दल बदलना चाहे, उसे पहले अपना पद छोड़ना अनिवार्य हो**

हाल में राघव चड्ढा सहित सात राज्यसभा सदस्यों के दल बदलने की घटना ने भारत में राजनीतिक निष्ठा, जनादेश और दल-बदल विरोधी कानून पर नई बहस छेड़ दी है। लोकतंत्र में मतदाता केवल व्यक्ति को नहीं चुनता, बल्कि उसके साथ जुड़े दल, विचारधारा, नेतृत्व, चुनावी घोषणाओं और सार्वजनिक वचनों पर विश्वास करके मत देता है। यदि कोई उम्मीदवार किसी दल के प्रतीक पर जीतकर बाद में दूसरी पार्टी का साथ ले लेता है तो मतदाता स्वयं को उपेक्षित अनुभव करता है। जनादेश का मूल अर्थ जनता की इच्छा का सम्मान है। यदि चुनाव के बाद वही जनादेश सत्ता समीकरणों के अनुसार बदल दिया जाए तो लोकतंत्र का आत्मा कमजोर पड़ता है।

इसी समस्या से निपटने के लिए वर्ष 1985 में संविधान की दसवीं अनुसूची के माध्यम से दल-बदल विरोधी कानून लागू किया गया। इसका उद्देश्य था कि सांसद और विधायक पद, लाभ, दबाव या अवसरवाद के कारण दल न बदलें। बाद में वर्ष 2003 में संशोधन कर विभाजन संबंधी कई छूट समाप्त की गईं और कानून को अधिक प्रभावी बनाने का प्रयास किया गया। फिर भी अनुभव बताता है कि कानून की भावना और व्यवहार में अंतर बना रहा। पिछले वर्षों में अनेक राज्यों में सरकारों का गठन और पतन दल-बदल, इस्तीफों, पुनर्निर्वाचन और सामूहिक राजनीतिक पुनर्संरचना के कारण हुआ। इससे स्पष्ट है कि समस्या केवल कानून की कठोरता नहीं, बल्कि उसके क्रियान्वयन और राजनीतिक संस्कृति की भी है। पिछले एक दशक में सैकड़ों विधायक और अनेक सांसद किसी न किसी रूप में दल परिवर्तन की प्रक्रिया से गुजरे हैं। यह प्रवृत्ति संकेत देती है कि वैचारिक प्रतिबद्धता का स्थान कई बार तात्कालिक राजनीतिक लाभ ने ले लिया है। जब राजनीति सिद्धांत से अधिक सत्ता केंद्रित हो जाती है, तब लोकतंत्र में नागरिक विश्वास घटता है। जनता यह महसूस करने लगती है कि उसका मत पांच वर्ष के लिए स्थिर जनादेश नहीं, बल्कि केवल प्रारंभिक संख्या है जिसे बाद में बदला जा सकता है। दल-बदल का सबसे बड़ा दुष्परिणाम शासन पर पड़ता है।

हालांकि यदि किसी दल में आंतरिक लोकतंत्र समाप्त हो जाए, भ्रष्टाचार बढ़ जाए, नेतृत्व निरंकुश हो जाए या जनहित से विचलन हो तो जनप्रतिनिधि को असहमति का अधिकार होना चाहिए। लोकतंत्र का अर्थ अंध निष्ठा नहीं, बल्कि उत्तरदायी स्वतंत्रता है। उचित मार्ग यह है कि जो भी सांसद या विधायक दल बदलना चाहे, उसे पहले अपना पद छोड़ना अनिवार्य हो। इसके बाद वह नई पार्टी के साथ जनता के बीच जाए और पुनः जनादेश प्राप्त करे। साथ ही दल-बदल मामलों के निपटारे के लिए निश्चित समय सीमा हो, ताकि निर्णय में देरी राजनीतिक हथियार न बन सके।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

## मेलबाक्स

### आस्था संग अनुशासन जरूरी

'चारधाम यात्रा के लिए तैयार उत्तराखंड' शीर्षक से प्रकाशित आलेख में पुष्कर सिंह धामी ने राज्य सरकार की तैयारियों, सड़क विस्तार, सुरक्षा प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाओं और यात्री सुविधाओं का उल्लेख किया है। यह सकारात्मक संकेत है, क्योंकि चारधाम यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था, पर्यटन और प्रशासनिक क्षमता की बड़ी परीक्षा भी है। फिर भी, केवल योजनाओं की घोषणा पर्याप्त नहीं, असली कसौटी धरातल पर व्यवस्था की सफलता है। हर वर्ष यात्रा सीजन में हरिद्वार, ऋषिकेश और देहरादून से पर्वतीय मार्गों तक भारी भीड़ उमड़ती है। सड़कें सीमित हैं, जबकि वाहनों का दबाव लगातार बढ़ता है। परिणामस्वरूप लंबा जाम, देरी, ईंधन की बर्बादी और यात्रियों की परेशानी सामने आती है। इसका समाधान केवल सड़क चौड़ीकरण नहीं, बल्कि चरणबद्ध प्रवेश, पार्किंग हब, साझा शटल सेवा और समय स्लाट आधारित दर्शन व्यवस्था है। दूसरी बड़ी चुनौती पर्यावरण है। प्लास्टिक कचरा, अव्यवस्थित होटल निर्माण और नदी तटों पर बढ़ता दबाव हिमालयी क्षेत्र के लिए गंभीर खतरा है। प्रत्येक पड़ाव पर कचरा निस्तारण केंद्र, जैव शौचालय और प्लास्टिक पर सख्त नियंत्रण जरूरी है। स्थानीय युवाओं को स्वच्छता प्रहरी बनाकर रोजगार भी दिया जा सकता है। स्वास्थ्य सेवाओं पर भी विशेष ध्यान देना होगा। ऊंचाई, ठंड और आक्सीजन की कमी के कारण बुजुर्ग यात्रियों को कठिनाई होती है। केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री मार्गों पर मोबाइल क्लिनिक, आक्सीजन केंद्र और प्रशिक्षित आपदा दल अनिवार्य हों। चारधाम यात्रा की सफलता दर्शन संख्या से नहीं, बल्कि सुरक्षित यात्रा, स्वच्छ प्रकृति और स्थानीय लोगों की सम्मानजनक आय से मापी जानी चाहिए। उत्तराखंड यदि आस्था के साथ अनुशासन जोड़ दे तो वह पूरे देश के लिए आदर्श बन सकता है।

awanishg30@gmail.com

### शिक्षा व्यवस्था पर सवाल

उत्तर प्रदेश के बेसिक विद्यालयों की वर्तमान स्थिति पूरी शिक्षा व्यवस्था के लिए एक गंभीर चेतावनी है। 41,823 स्कूलों में एक भी नए छात्र का न जुड़ना केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि सरकारी स्कूलों के प्रति लगातार गिरते सामाजिक विश्वास का प्रतीक है। जब अभिभावक, अपनी सीमित आय के बावजूद, निजी विद्यालयों को प्राथमिकता देने लगते हैं, तो यह स्पष्ट संकेत है कि कहीं न कहीं सरकारी शिक्षा प्रणाली अपनी मूल जिम्मेदारी निभाने में असफल हो रही है। सबसे गंभीर पहलू 'शून्य नामांकन' का है। जब 25,000 से अधिक स्कूलों में पहली कक्षा में एक भी बच्चा प्रवेश नहीं ले रहा तो यह केवल वर्तमान का नहीं, बल्कि भविष्य का भी संकट है। ऐसे विद्यालय धीरे-धीरे अपने अस्तित्व को खोने की कगार पर पहुंच जाते हैं। यह स्थिति दर्शाती है कि अभिभावकों का भरोसा बुनियादी सुविधाओं, शिक्षण गुणवत्ता और अनुशासन के अभाव के कारण टूट चुका है। सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'स्कूल चलो अभियान' जैसे प्रयास अपनी जगह महत्वपूर्ण हैं, लेकिन यदि इन अभियानों के बावजूद आंकड़े इतने निराशाजनक हैं, तो यह मानना पड़ेगा कि समस्या केवल जागरूकता की नहीं, बल्कि व्यवस्था की है। प्रचार और धरातल के बीच का यह अंतर बताता है कि स्कूलों के भौतिक ढांचे, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति और पढ़ाई के स्तर में ठोस और व्यापक सुधार की तत्काल आवश्यकता है। चिंता की बात यह भी है कि यह समस्या केवल दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों तक सीमित नहीं है। आगरा, प्रयागराज और लखनऊ जैसे बड़े शहरों और उनके आसपास के क्षेत्रों में भी सैकड़ों स्कूलों का खाली रहना इस बात का प्रमाण है कि सरकारी शिक्षा व्यवस्था की साख व्यापक स्तर पर प्रभावित हो रही है। यह क्षेत्रीय असंतुलन नहीं, बल्कि एक व्यापक प्रणालीगत संकट है। सरकारी स्कूलों को आधुनिक, संसाधन-संपन्न और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने वाला बनाना होगा। शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त कर केवल शिक्षण पर केंद्रित करना होगा और शिक्षा का केंद्र केवल योजनाओं या सुविधाओं से हटाकर 'सीखने की गुणवत्ता' पर लाना होगा।

सुशील कुमार बत्तरा, मेरठ

इस स्तंभ में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

अपने पत्र इस पते पर भेजें :
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल: response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय: 011-43166300, नोएडा कार्यालय: 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**सेबी ने लगाया 1.5 करोड़ रुपये का जुर्माना**

**नई दिल्ली:** कैपिटल मार्केट रेग्युलेटर सेबी ने आठ संस्थाओं पर कुल 1.5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। इन संस्थाओं ने गैर-सार्वजनिक जानकारी का इस्तेमाल करके एक पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विसेज (पीएमएस) ग्राहक के ट्रेड में 'फ्रंट-रनिंग' की थी। सेबी ने निर्देश दिया है कि 1.29 करोड़ रुपये के गैर-कानूनी मुनाफे को 12 प्रतिशत सालाना ब्याज के साथ निवेशक संरक्षण और शिक्षा कोष में जमा किया जाए। (प्रेट्र)

युद्ध जोखिम के नाम पर मनमाना और अस्पष्ट शिपिंग शुल्क लगाया जा रहा है। इससे कई व्यापारियों के लिए निर्यात आर्थिक रूप से अलाभकारी हो गया है।
– प्रियंका मित्तल, चेयरपर्सन, बासमती चावल किसान और निर्यातक विकास मंच



| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 77,303.63 | ▲ 639.42 |
| निफ्टी | 24,092.70 | ▲ 194.75 |
| सोना प्रति दस ग्राम | ₹ 1,56,100 | ▲ ₹ 200 |
| चांदी प्रति किलो ग्राम | ₹ 2,50,500 | ▲ ₹ 3,500 |
| डालर | ₹ 94.15 | ▼ ₹ 0.01 |
| क्रूड प्रति बैरल | $ 107.9 | |

## एक नजर में

### मोबिक्विक को आरबीआइ से मिला एनबीएफसी लाइसेंस

**बेंगलुरु:** फिनटेक कंपनी वन मोबिक्विक सिस्टम्स ने सोमवार को बताया कि उसे आरबीआइ से गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) का लाइसेंस मिल गया है। यह लाइसेंस कंपनी को अपनी कर्जदाता सब्सिडियरी सब्सिडियरी मोबिक्विक फाइनेंशियल सर्विसेज शुरू करने की अनुमति देगा। वन मोबिक्विक सिस्टम्स अभी एक डिजिटल वालेट का संचालन करती है और इसने क्रेडिट तथा निवेश सहित वित्तीय उत्पादों के वितरण के क्षेत्र में भी अपना विस्तार किया है। (रायटर)

### कोल इंडिया के शुद्ध लाभ में 11 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली:** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड ने सोमवार को बताया कि जनवरी-मार्च 2026 तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 11.1 प्रतिशत बढ़कर 10,839.18 करोड़ रुपये रहा है। इसमें ज्यादा राजस्व का प्रमुख योगदान रहा है। पिछले वर्ष समान अवधि में कंपनी को 9,751.64 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। बीती तिमाही में कंपनी का कुल राजस्व 46,490.03 करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 43,961.56 करोड़ रुपये था। कंपनी बोर्ड ने 5.25 रुपये प्रति शेयर का अंतिम लाभांश देने को मंजूरी दी है। (प्रेट्र)

### एनएसई का निवेशक आधार 13 करोड़ के पार पहुंचा

**नई दिल्ली:** नेशनल स्टाक एक्सचेंज (एनएसई) ने सोमवार को बताया कि उसके पंजीकृत निवेशकों की संख्या 13 करोड़ के पार पहुंच गई है। यह आंकड़ा कैपिटल मार्केट में खुदरा निवेशकों की लगातार बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है। एनएसई ने बताया कि सितंबर 2025 में 12 करोड़ का आंकड़ा पार करने के लगभग सात महीने 27 अप्रैल को यह उपलब्धि हासिल की है। फरवरी 2025 में ही एक्सचेंज पर पंजीकृत ग्राहक कोड की संख्या 25 करोड़ के पार पहुंची थी। इसमें ट्रेडिंग सदस्यों के सभी खाते शामिल हैं। (प्रेट्र)

# न्यूजीलैंड के बाजार में चीन को टक्कर देगा भारत

## दोनों देशों में एफटीए से भारत से अब शून्य शुल्क पर निर्यात हो सकेंगे इंजीनियरिंग गुड्स, फार्मा, केमिकल्स जैसे उत्पाद

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** न्यूजीलैंड के साथ व्यापार समझौते के बाद भारत वहां के बाजार में चीन को टक्कर देगा। अभी भारत से निर्यात होने वाले प्रमुख आइटम पर पांच से 10 प्रतिशत का शुल्क लगता है, जो एफटीए पर अमल के बाद शून्य हो जाएगा। न्यूजीलैंड चीन से 10 अरब डालर से अधिक का आयात करता है। चीन के साथ न्यूजीलैंड का पहले से एफटीए हैं और चीन की वस्तुएं वहां शून्य शुल्क पर बिकती हैं।

न्यूजीलैंड के व्यापार व निवेश मंत्री टाड मैक्ले ने भी कहा कि उनके देश के बाजार में भारत के लिए असीम संभावनाएं हैं। न्यूजीलैंड सालाना 6.1 अरब डालर के कृषि उत्पादों का आयात करता है। भारत की हिस्सेदारी इस आयात में सिर्फ 11 लाख डालर की है। इसलिए कृषि उत्पादों का निर्यात बढ़ाने का भी न्यूजीलैंड में बड़ा मौका है।



नई दिल्ली में सोमवार को मुक्त व्यापार समझौते के दौरान न्यूजीलैंड के व्यापार एवं निवेश मंत्री टाड मैक्ले और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ● एएनआइ

टेक्सटाइल, लेदर गुड्स, फुटवियर, इंजीनियरिंग गुड्स, फार्मा, केमिकल्स जैसे आइटम पर अभी न्यूजीलैंड में 10% का शुल्क लगता है जो अब शून्य हो जाएगा। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक जम्मू-कश्मीर के पशमीना शाल, हैंडीक्राफ्ट्स, केसर, हिमाचल प्रदेश के बासमती चावल, पंजाब के स्पोर्ट्स गुड्स, टेक्सटाइल्स, बासमती चावल, उत्तर प्रदेश के लेदर और फुटवियर, प्रोसेस्ड फूड, उत्तराखंड के टेक्सटाइल व हैंडलूम जैसे आइटम के निर्यात को बढ़ाने के अवसर मिलेंगे। एनसीआर के गारमेंट, आइटी सर्विस, गुजरात के सेरामिक, हीरा, प्रोसेस्ड फूड, कर्नाटक के खिलौने, इलेक्ट्रानिक्स आइटम, तेलंगाना के फार्मा, समुद्री उत्पाद, तमिलनाडु के गारमेंट आटोमोबाइल कंपोनेंट्स जैसे आइटम के निर्यात बढ़ाने में मदद मिलेगी।

- अभी न्यूजीलैंड के बाजार में भारतीय उत्पादों पर 5-10 प्रतिशत शुल्क
- पहले से एफटीए होने से न्यूजीलैंड में चीन की अधिकांश वस्तुओं पर शून्य शुल्क

### भारत में सेब और किवी का भी बढ़ेगा उत्पादन

न्यूजीलैंड की मदद से भारत में सेब, किवी व मनुका मधु का उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। न्यूजीलैंड इन आइटम के साथ भारत के डेरी सेक्टर की उत्पादकता बढ़ाने में अपनी टेक्नोलाजी से सहयोग करेगा। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक अभी भारत में सेब का प्रति हेक्टेयर उत्पादन 9.2 टन है जबकि न्यूजीलैंड में प्रति हेक्टेयर उत्पादन 53.6 टन का है। भारत में एक हेक्टेयर में 3.05 टन किवी का उत्पादन होता है जबकि न्यूजीलैंड में इतने ही क्षेत्रफल में 47 टन किवी का उत्पादन होता है। अभी न्यूजीलैंड के सेब पर 50 प्रतिशत का शुल्क लगता है जो एफटीए पर अमल के बाद एक निश्चित मात्रा के लिए 25 प्रतिशत हो जाएगा। 115 रुपये प्रति किलोग्राम से कम मूल्य पर भारत में न्यूजीलैंड के सेब का आयात नहीं हो पाएगा।

### हर साल योग, म्यूजिक से जुड़े एक हजार भारतीय युवाओं को वीजा देगा न्यूजीलैंड

करार के तहत न्यूजीलैंड हर साल म्यूजिक, योग, पाक कला जैसी जानकारी रखने वाले 1000 भारतीय युवाओं को सालभर के लिए वीजा देगा। उस दौरान युवा वहां कमाने के साथ घूम-फिर भी सकेंगे। न्यूजीलैंड पढ़ने जाने वाले सभी छात्र सप्ताह में 20 घंटे वहां काम भी कर सकेंगे। विज्ञान, अंग्रेजी, टेक्नोलाजी और गणित विषय से ग्रेजुएशन या पोस्ट ग्रेजुएशन करने वाले छात्रों को दो से तीन साल तक वर्क वीजा मिलेगा। न्यूजीलैंड ने भारतीय प्रोफेशनल्स के लिए अलग से हर साल 5000 वीजा का कोटा निर्धारित किया है। आइटी, हेल्थ सेक्टर, शिक्षा, निर्माण, टूरिज्म से जुड़े प्रोफेशनल्स को इसका विशेष लाभ मिलेगा।

### तीन दिन गिरने के बाद 639 अंक बढ़ा सेंसेक्स

**मुंबई, प्रेट्र:** सकारात्मक वैश्विक संकेतों और रिलायंस व सन फार्मा में खरीदारी की बदौलत घरेलू शेयर बाजार लगातार तीन दिन की गिरावट के बाद बढ़कर बंद होने में कामयाब रहे। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स सोमवार को 639.42 अंक की तेजी के साथ 77,303.63 अंक पर जाकर बंद हुआ। दिनभर के कारोबार में इसमें 755 अंक तक की तेजी रही। इसी तरह, एनएसई का निफ्टी 194.75 अंक बढ़कर 24,092.70 पर बंद हुआ।

अमेरिकी कंपनी आर्गेनन एंड कंपनी के अधिग्रहण की घोषणा के बाद सेंसेक्स में सन फार्मा के शेयरों में सबसे अधिक सात प्रतिशत की तेजी रही। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर 2.88 प्रतिशत बढ़कर बंद हुए। इसके अलावा, अदाणी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, एचसीएल टेक और टीसीएस के शेयर भी बढ़कर बंद हुए। बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट इंडेक्स में दो प्रतिशत और मिडकैप सेलेक्ट इंडेक्स में 1.35 प्रतिशत की तेजी रही।

## निवेश के लिए ज्यादा सोना खरीद रहे भारतीय

**मुंबई, प्रेट्र:** घरेलू रेटिंग एजेंसी केयरएज ने एक रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय अब सोने की ज्वेलरी खरीदने की बजाय निवेश के लिए सोना खरीद रहे हैं और चालू वित्त वर्ष में ऐसे ग्राहकों की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत तक होने की उम्मीद है। 2025 में कुल सोने की खरीद में ज्वेलरी खपत की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत से नीचे आ गई।

केयरएज के निदेशक अखिल गोयल ने कहा कि यह बदलाव देश के सोना खरीदने के पैटर्न में एक ढांचागत बदलाव दिखाता है। भारत सोने के सबसे बड़े उपभोक्ताओं में से एक है। गोयल ने कहा, "भू-राजनीतिक अनिश्चितता, सोने की कीमतों में तेजी और पोर्टफोलियो विविधीकरण की पसंद से सोने की निवेश मांग बढ़ती रहेगी और वित्त वर्ष 2027 में कुल सोने की खपत में इसका हिस्सा 35-40 प्रतिशत रहने का अनुमान है।" रिपोर्ट में कहा गया कि 60 प्रतिशत आभूषणों की खपत अभी भी 50 प्रतिशत के वैश्विक औसत से अधिक है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि गोल्ड ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) और छड़ और सिक्कों की खरीदारी की वजह से भारत में निवेश की मांग रिकार्ड स्तर पर पहुंच गई है और यह दूसरे फैक्टर्स के साथ सुरक्षित निवेश की मांग को दिखाता है। एजेंसी का मानना है कि सोने की कीमत अब एक स्थायी उच्च-मूल्य वाले दौर में प्रवेश कर चुकी हैं। इसे मांग में संरचनात्मक बदलाव, केंद्रीय बैंकों द्वारा निरंतर खरीद और वैश्विक व्यापक आर्थिक तथा भू-राजनीतिक अनिश्चितता से समर्थन मिल रहा है। रेटिंग एजेंसी के मुताबिक, सोने की रिकार्ड कीमतों के बावजूद भारतीय ज्वेलरी की मांग मजबूत बनी हुई है और वित्त वर्ष 2025 में ज्वेलरी की खरीदारी साल-दर-साल लगभग 10 प्रतिशत बढ़कर 4.8 लाख करोड़ रुपये हो गई। वित्त वर्ष 2021 से वित्त वर्ष 2025 के दौरान ज्वेलरी खरीदने पर भारतीयों का कुल खर्च 11 प्रतिशत की चक्रवृद्धि दर से बढ़ा है।



- केयरएज ने कहा-2025 में कुल सोने की खरीद में ज्वेलरी की हिस्सेदारी 60% से नीचे आई
- सोने की कीमतों में तेजी और पोर्टफोलियो विविधीकरण से बढ़ती रहेगी सोने की निवेश मांग

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

### यात्री वाहन उद्योग की वृद्धि दर घटने की उम्मीद

**नई दिल्ली, एएनआइ:** मांग स्थिर बने रहने के बावजूद भू-राजनीतिक तनाव के चलते देश के यात्री वाहन उद्योग की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2026-27 में घटकर 4-6 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2026 में यह वृद्धि दर 8.6 प्रतिशत थी।

रेटिंग एजेंसी इक्रा ने एक रिपोर्ट में कहा कि यात्री वाहन की वृद्धि पर नजर रखने के लिए कमजोर मानसून परिदृश्य और पश्चिम एशिया संकट जैसे कारक पर नजर रखनी होंगी। हालांकि, जीएसटी दरों में कटौती और वाहन कंपनियों द्वारा नए माडल लांच करने से मांग को समर्थन मिलने की संभावना है। रिपोर्ट में बताया गया है कि मार्च 2026 में थोक बिक्री साल-दर-साल 16 प्रतिशत बढ़कर 4.4 लाख यूनिट हो गई, जबकि खुदरा बिक्री 21 प्रतिशत बढ़ी। इसी तरह बीते वित्त वर्ष 2025-26 में थोक बिक्री 8.6 प्रतिशत बढ़कर 47 लाख इकाई के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई, जबकि खुदरा बिक्री 11 प्रतिशत बढ़कर 46 इकाई यूनिट हो गई।

## टाटा स्टील के बाद सन फार्मा विदेश में करेगी दूसरा सबसे बड़ा अधिग्रहण

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** भारत की दिग्गज फार्मा कंपनी सन फार्मास्युटिकल्स अमेरिका स्थित आर्गेनन एंड कंपनी को पूरी तरह से नकद सौदे में 11.75 अरब डालर के एंटरप्राइजेज मूल्य पर खरीदेगी। सन फार्मा ने सोमवार को कहा कि यह सौदा 14 डालर प्रति शेयर की दर पर तय हुआ है। यह किसी भारतीय कंपनी द्वारा विदेश में किया गया अब तक का दूसरा सबसे बड़ा अधिग्रहण है। इससे पहले वर्ष 2007 में टाटा स्टील ने एंग्लो-डच स्टील निर्माता कंपनी कोरस ग्रुप पीएलसी का 12 अरब डालर में अधिग्रहण किया था।

आर्गेनन एक वैश्विक स्वास्थ्य सेवा कंपनी है। इसका गठन 2021 में मर्क से अलग होकर हुआ था। अमेरिका और कनाडा के बाहर इसे एमएसडी के नाम से जाना जाता है। इसके यूरोपीय संघ और उभरते बाजारों में छह मैन्यूफैक्चरिंग संयंत्र हैं। सन फार्मा का कार्यकारी चेयरमैन दिलीप सांघवी ने इस सौदे पर खुशी जताते हुए कहा कि वैश्विक उथल-पुथल के बीच इस अधिग्रहण का मौका मिला है। अगर सबकुछ सामान्य होता तो ऐसा मौका मिलना मुश्किल होता। इस सौदे के पूरा होने के बाद सन फार्मा दुनिया की शीर्ष-25 फार्मास्युटिकल्स कंपनियों में शामिल हो जाएगी और इसका संयुक्त राजस्व 12.4 अरब डालर होगा। सन फार्मा ने कहा कि इस सौदे के लिए 2-2.5 अरब डालर की राशि का नकद भुगतान किया जाएगा। शेष राशि के लिए कर्ज लिया जाएगा।

सांघवी ने कहा कि इस सौदे से हमें नए बाजारों में अवसर मिलते हैं, जहां अभी हमारी मौजूदगी नहीं है। दक्षिण अमेरिका के ज्यादा देशों, कोरिया, ताइवान और चीन में हमारी मौजूदगी नहीं है। इस अधिग्रहण से हमें पश्चिम एशिया, तुर्की और वहां के वहां के कई अन्य देशों में सीधी मौजूदगी मिलती है, जहां हमारी कोई मौजूदगी नहीं थी।



दिलीप सांघवी ●

- भारतीय कंपनी ने अमेरिका की आर्गेनन एंड कंपनी का अधिग्रहण करने की घोषणा की
- 11.75 अरब डालर में हुआ सौदा, इससे कंपनी को चीनी बाजार में प्रवेश का मौका

## राष्ट्रीय फलक

# यूएई के रास्ते सलीम डोला का प्रत्यर्पण कराएगा भारत

**नई दिल्ली, आइएनएस:** 5000 करोड़ रुपये के ड्रग्स कार्टेल के सरगना सलीम डोला की गिरफ्तारी दाऊद इब्राहिम सिंडिकेट के लिए एक बड़ा झटका है। डोला को राष्ट्रीय खुफिया संगठन और पुलिस इकाइयों के संयुक्त अभियान में तुर्किये में गिरफ्तार किया गया है। भारत डोला के प्रत्यर्पण की मांग करेगा, क्योंकि उससे पूछताछ दाऊद सिंडिकेट को और कमजोर करने के लिए महत्वपूर्ण होगी। भारतीय एजेंसियां संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ समन्वय कर डोला को लाने का प्रयास करेंगी, क्योंकि भारत का तुर्किये के साथ प्रत्यर्पण समझौता नहीं है।

एक अधिकारी ने बताया कि पहला कदम सलीम डोला को यूएई प्रत्यर्पित करना होगा, क्योंकि उसके पास यूएई का पासपोर्ट है। इसके बाद भारतीय एजेंसियां यूएई की सरकार के साथ समन्वय स्थापित करेंगी और फिर उसे भारत प्रत्यर्पित करवाएंगी। डोला को सीबीआइ के अनुरोध पर जारी इंटरपोल के रेड कार्नर नोटिस के आधार पर हिरासत में लिया गया था। मुंबई पुलिस को उसकी तलाश थी, जो उससे नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़े कई मामलों में पूछताछ करना चाहती थी। खुफिया ब्यूरो (आइबी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सलीम डोला की गिरफ्तारी से मुंबई, गुजरात और दिल्ली में दाऊद इब्राहिम गिरोह की गतिविधियों में काफी कमी आएगी।

पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ की आय पर भी डोला की गिरफ्तारी का गहरा असर पड़ेगा। लिहाजा, आइएसआइ द्वारा भारत में सक्रिय आतंकी संगठनों की फंडिंग में कमी आएगी।

नशीले पदार्थों के सिंडिकेट पर कार्रवाई करना आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भी महत्वपूर्ण है। अधिकारी ने कहा कि उन्हें डोला के प्रत्यर्पण को लेकर पूरा भरोसा है। पिछले साल डोला के बेटे ताहिर को यूएई में हिरासत में लिया गया था। इसके बाद जून में उसे यूएई से भारत प्रत्यर्पित किया गया था। कुछ महीने बाद डोला के करीबी सहयोगी सलीम मोहम्मद सोहेल शेख को दुबई में गिरफ्तार किया गया और भारत प्रत्यर्पित किया गया।

- ड्रग्स कार्टेल के सरगना की गिरफ्तारी से आइएसआइ की आय पर पड़ेगा गहरा असर
- डोला को तुर्किये में किया गया है गिरफ्तार, तुर्किये से भारत का प्रत्यर्पण समझौता नहीं



सलीम डोला। फाइल

### कौन है सलीम डोला

सलीम डोला का जन्म 1966 में मुंबई में हुआ था। वह बहुत कम उम्र में ही अंडरवर्ल्ड के करीब आ गया था। उसने दाऊद इब्राहिम के खास गुर्गे छोटा शकील के साथ मिलकर काम किया। उसने गुटखा की आपूर्ति से अपना धंधा शुरू किया, जिसके बाद उसने मारिजुआना की तस्करी शुरू कर दी। 2012 में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पांच साल जेल में बिताने के बाद उसे रिहा कर दिया गया। रिहाई के बाद सलीम डोला ने सिंथेटिक ड्रग्स बनाने की यूनिट स्थापित की। 2018 में उसे क्राइम ब्रांच मुंबई में फिर गिरफ्तार किया गया। हालांकि, चार महीने बाद उसे जमानत मिल गई। जमानत पर रहते हुए वह यूएई भाग गया।

# एनजीएसएल को सौंपी गई थी बायलर हादसे वाले पावर प्लांट की पूरी जिम्मेदारी: अनिल अग्रवाल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायपुर**

छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले के पावर प्लांट में 14 अप्रैल को हुए बायलर हादसे को लेकर वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने पहली बार अपना पक्ष रखा है। उन्होंने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स लिखा है कि एथेना प्लांट में सुरक्षा के सर्वोच्च मानकों का पालन किया गया था और संचालन व रखरखाव की पूरी जिम्मेदारी एनटीपीसी-जीई की साझेदारी वाली एनजीएसएल को सौंपी गई थी। इसके बावजूद इतना बड़ा हादसा होना बेहद दुखद है। अग्रवाल ने इस स्थिति की तुलना एक मालिक द्वारा अपने वाहन को किसी भरोसेमंद चालक को सौंपने से की, चालक पर वाहन के सुरक्षित संचालन की पूरी उम्मीद रहती है।

उन्होंने कहा, वेदांता के हर अनुबंध में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होती है और संबंधित एजेंसियों की नीति भी इसी पर आधारित रहती है। अग्रवाल ने हादसे में जान गंवाने वाले 25 लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा,यह अपूरणीय क्षति है। सभी पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिया जा चुका है। वेदांता समूह आगे भी हर संभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है।

अग्रवाल ने कहा, ऐसी घटनाएं अत्यंत पीड़ादायक होती हैं,जिनकी कल्पना करना भी कठिन है। उन्होंने इसे जीवन के सबसे कठिन दौरों में से एक बताते हुए कहा, बीते कुछ माह उनके लिए लगातार परीक्षा जैसे रहे हैं। साल की शुरुआत में नौजवान बेटे को खोने के बाद इस हादसे में 25 साथियों की असामयिक मौत ने उन्हें गहरे सदमे में डाल दिया है।

- बायलर हादसे पर वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने रखा अपना पक्ष



अनिल अग्रवाल, चेयरमैन, वेदांता ग्रुप।

सुरक्षा मानकों के बावजूद इतनी बड़ी दुर्घटना होना सभी के लिए चिंता का विषय

### एफआइआर में अनिल अग्रवाल का नाम गलत : नवीन जिंदल

उद्योगपति नवीन जिंदल ने वेदांता हादसे पर दुख जताते हुए कहा था कि कई परिवारों ने अपना सब कुछ खो दिया है। उन्हें उचित मुआवजा व मदद मिलनी चाहिए। कहा, बिना पूरी जांच चेयरमैन अनिल अग्रवाल का नाम एफआइआर में शामिल करना गलत है। तर्क दिया कि अग्रवाल की प्लांट के दैनिक संचालन में कोई प्रत्यक्ष भूमिका नहीं है। बिना तथ्यों के स्थापित हुए उनका नाम शामिल करना उचित प्रक्रिया के खिलाफ है।

### ट्राई ने देश में सार्वजनिक वाई-फाई नेटवर्क के लिए परामर्श पत्र जारी किया

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने देश में सार्वजनिक वाई-फाई नेटवर्क के प्रसार के लिए परामर्श पत्र जारी किया है। ट्राई का मानना है कि सार्वजनिक जगहों पर काफी अधिक लोग होते हैं जिससे नेटवर्क पर भार बढ़ जाता है। इस समस्या को दूर करने के लिए सार्वजनिक जगहों पर वाई-फाई नेटवर्क बढ़ाने के लिए हितधारकों से राय देने को कहा गया है। आगामी 25 मई तक हितधारक राय दे सकेंगे। ट्राई चाहता है कि अन्य देशों में सार्वजनिक वाई-फाई इकोसिस्टम का अवलोकन किया जाए और उनके अनुभवों को ध्यान में रखते हुए देश में सर्वोत्तम नेटवर्क सुविधा स्थापित की जाए। परामर्श पत्र के मुताबिक देश में पहले से मौजूद सार्वजनिक वाई-फाई की वर्तमान स्थिति का आकलन भी किया जाएगा। ताकि नेटवर्क से जुड़े रुझान और मांग के पैटर्न का पता लग सके।

## शूटिंग कोच अंकुश भारद्वाज की गिरफ्तारी पर रोक

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली**

नाबालिग शूटर के यौन उत्पीड़न में मुकदमे का सामना कर रहे राष्ट्रीय शूटिंग कोच अंकुश भारद्वाज को सोमवार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। उनकी गिरफ्तारी पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। हालांकि, कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि अंकुश भारद्वाज 29 अप्रैल को पूछताछ के लिए जांच अधिकारी के समक्ष पेश होंगे और जांच में पूरा सहयोग करेंगे। जांच अधिकारी उनसे कानून के मुताबिक पूछताछ कर सकते हैं। उन पर कथित तौर पर यौन उत्पीड़न के आरोपों में पोक्सो और बीएनएस की विभिन्न धाराओं में एफआइआर दर्ज है।

ये आदेश न्यायमूर्ति जेबी पार्डीवाला और विजय बिश्नोई की पीठ ने अंकुश भारद्वाज के वकीलों गीता लूथरा, अजय पाल और हरियाणा सरकार के एडीशनल एडवोकेट जनरल (एएजी) आलोक सांगवान की दलीलें सुनने के बाद दिये।

कोर्ट ने अंकुश भारद्वाज की अग्रिम जमानत याचिका पर नोटिस भी जारी किया है। इससे पहले अंकुश के वकीलों ने अंतरिम राहत की गुहार लगाते हुए कहा कि वो जांच में पूरी तरह सहयोग करने को तैयार हैं।

कोर्ट ने दलीलें सुनने के बाद अंकुश भारद्वाज को राहत देते हुए कहा कि अगली सुनवाई तक उनके खिलाफ कोई भी दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। हालांकि, आदेश दिया कि अंकुश भारद्वाज पूछताछ के लिए जांच अधिकारी के समक्ष पेश होंगे। कोर्ट ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई 15 मई को जांच अधिकारी अपनी जांच से जुड़े सारे दस्तावेज लेकर कोर्ट में मौजूद रहेंगे।

शीर्ष अदालत ने हरियाणा के एडीशनल एडवोकेट जनरल आलोक सांगवान से अनुरोध किया है कि वह जांच अधिकारी के दस्तावेज और रिपोर्ट देखकर एक नोट तैयार करके कोर्ट को दें और मामले की सुनवाई में कोर्ट की मदद करें। अगली तारीख पर सुप्रीम कोर्ट इस मामले की मेरिट पर विचार करेगा।

उल्लेखनीय है कि यह मामला राष्ट्रीय स्तर की नाबालिग शूटर से यौन उत्पीड़न का है। नाबालिग ने अपने कोच अंकुश भारद्वाज पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। हाई कोर्ट ने अंकुश भारद्वाज की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद अंकुश राहत के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं जिस पर कोर्ट ने ये अंतरिम आदेश दिया।

- सुप्रीम कोर्ट से अंकुश भारद्वाज को दंडात्मक कार्रवाई से दी छूट
- लेकिन कहा 29 अप्रैल को जांच अधिकारी के समक्ष होंगे पेश



अंकुश भारद्वाज। फाइल

### भगौड़े बिल्डर दीपक मित्तल की पत्नी राखी दुबई में गिरफ्तार

**जासं, देहरादून:** भगोड़े बिल्डर दीपक मित्तल की पत्नी राखी मित्तल को दुबई में इंटरपोल ने गिरफ्तार कर दुबई पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। उत्तराखंड के अपर पुलिस महानिदेशक वी मुरुगेशन के अनुसार पुलिस ने राखी को भारत लाने के लिए प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हालांकि, अभी दीपक की गिरफ्तारी नहीं कि जा सकी है।

दून निवासी दीपक व राखी मित्तल पुष्पांजलि इंफ्राटेक कंपनी के निदेशक थे और पार्टनर राजपाल वालिया के साथ मिलकर आर्किड पार्क नाम से दून के सहस्रधारा रोड पर ग्रुप हाउसिंग परियोजना का निर्माण कर रहे थे। वर्ष 2020 में बिल्डर दंपती बेटे रुद्राक्ष और बेटी दीया के साथ 90 फ्लैट खरीदारों के 45 करोड़ रुपये से अधिक की रकम लेकर फरार हो गए थे। बिल्डर के विरुद्ध फ्लैट खरीदारों ने नौ मुकदमे दर्ज कराए हैं। तभी से उनकी तलाश कर रही थी।

## गुजरात में आसाराम के आश्रम की भूमि वापस लेने पर चार मई तक रोक

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** सुप्रीम कोर्ट ने अहमदाबाद में स्वयंभू संत आसाराम के आश्रम की भूमि पर चार मई तक यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। गुजरात सरकार इस भूमि को अधिकार में लेकर उस पर 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए खेल सुविधाएं विकसित करना चाहती है। आश्रम प्रबंधन सरकार की योजना के विरोध में कोर्ट गया है।

अहमदाबाद में नरेन्द्र मोदी स्टेडियम के पास स्थित मोटेरा में आसाराम का आश्रम है। इसके लिए सरकार ने दशकों पहले काफी बड़ा भूखंड आवंटित किया था। सरकार अब इसमें से 45 हजार वर्गमीटर भूमि वापस लेकर वहां सरदार पटेल स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स बनाना चाहती है। संत श्री आसाराम ट्रस्ट ने हाईकोर्ट में राज्य सरकार के भूमि आवंटन रद करने के आदेश के विरोध में याचिका दायर की। हाईकोर्ट द्वारा याचिका खारिज किए जाने पर ट्रस्ट ने 17 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में अपील की है।

- अहमदाबाद स्थित भूमि पर विकसित होना है स्पोर्ट काम्प्लेक्स
- 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों में होगा परिसर का उपयोग

सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि भूमि को वापस लेने संबंधी राज्य सरकार का नोटिस आसाराम के ट्रस्ट को प्राप्त नहीं हुआ है। इस पर कोर्ट ने सोलिसिटर जनरल से सभी दस्तावेज तीन दिन के भीतर ट्रस्ट को देने के लिए कहा है। मामले की अगली सुनवाई चार मई को होगी और तब तक भूमि यथास्थिति में रहेगी। सुनवाई के दौरान सोलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, ट्रस्ट ने पट्टे की शर्तों का उल्लंघन किया है। भूमि पर बिना अनुमति 30 से ज्यादा भवनों का निर्माण किया है। जवाब में ट्रस्ट के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा, सामाजिक कार्यों, स्कूल के लिए आश्रम को भूमि आवंटित की गई थी। वही कार्य उस पर किए गए हैं।

कल्पमेधा

साहित्य की सर्वोत्तम परिभाषा 'जीवन की आलोचना' है। चाहे वह निबंध के रूप में हो, चाहे कहानियों या काव्य के रूप में- उसे हमारे जीवन की आलोचना और व्याख्या करनी चाहिए।

– प्रेमचंद

# जिद का खमियाजा

ईरान और अमेरिका के बीच पहले युद्धविराम, फिर शांतिवार्ता की शुरुआत के बाद यह उम्मीद जगी कि अब शायद होर्मुज जलमार्ग से जहाजों की आवाजाही का रास्ता खुल जाए। यह मुख्य बिंदु केवल संबंधित दोनों पक्षों के लिए नहीं, बल्कि दुनिया के बहुत सारे देशों के लिए बेहद अहम है, जिसके सुलझने की संभावना एक बार फिर कमजोर हो गई है। दरअसल, इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद प्रतिक्रिया के तौर पर ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को बाधित कर दिया और उसके बाद से अब तक उस रास्ते से सिर्फ चीन और कुछ गिने-चुने देशों के जहाजों के ही गुजरने की खबर है। ऐसे में भारत सहित कई देशों को इस बात से निराशा ही हुई कि एक ओर ईरान होर्मुज के रास्ते को खोलने को तैयार नहीं, वहीं अमेरिका ने अपना आर्थिक दबाव बढ़ाने के लिए उस इलाके की नाकेबंदी की घोषणा कर दी, जिससे हालात और जटिल हो गए। अब ईरान ने भी एक तरह की जिद पकड़ ली है और अपनी शर्तें दोहराई हैं कि जब तक अमेरिका अपनी नाकेबंदी नहीं हटाएगा, तब तक यह रास्ता बाधित रहेगा। उधर अमेरिका इस जिद पर अड़ा हुआ है कि जब तक ईरान इस रास्ते को खोलने की ओर कदम नहीं बढ़ाता, तब तक नाकेबंदी जारी रहेगी।

सवाल है कि अगर दोनों पक्ष अपनी-अपनी जिद को लेकर इसी तरह अड़े रहे, तो युद्ध की शुरुआत के बाद अब तक इसे विराम देने और फिर एक विफल वार्ता के बावजूद शांति के लिए जो कवायद चल रही है, क्या उनके किसी नतीजे पर पहुंचने की संभावना बन सकती है। बल्कि यह एक विचित्र स्थिति है कि फिलहाल ईरान और अमेरिका युद्धविराम के तहत एक-दूसरे पर हमले नहीं कर रहे हैं, लेकिन होर्मुज जलमार्ग सहित मध्य-पूर्व के देशों से तेल और गैस की आपूर्ति अब भी बाधित है। नतीजतन, बहुत सारे देशों में ऊर्जा संकट गहराता जा रहा है, तेल भंडार खत्म हो रहे हैं, महंगाई चरम पर है और रसोई गैस की कमी की वजह से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। यानी दोनों पक्षों के इस टकराव और खींचतान का बड़ा खमियाजा वैसे देश उठा रहे हैं, जो इस युद्ध में किसी भी पक्ष की ओर से शामिल नहीं हैं। क्या यह अमेरिका और ईरान के लिए सोचने का बिंदु नहीं होना चाहिए कि उनके अड़ियल रवैये की वजह से दुनिया की एक बड़ी आबादी बहुस्तरीय संकट का सामना करने पर मजबूर है?

गौरतलब है कि होर्मुज जलमार्ग को दुनिया के सबसे महत्त्वपूर्ण और रणनीतिक ठिकानों में से एक माना जाता है। वैश्विक स्तर पर समुद्र के रास्ते होने वाले तेल के कारोबार का करीब बीस से पच्चीस फीसद हिस्सा अकेले इसी संकरे मार्ग से गुजरता है। यहां ईरान मजबूत स्थिति में है। अमेरिका के साथ शांति के लिए आयोजित वार्ता से पहले ही होर्मुज के रास्ते को खोलने के लिए ईरान ने सहमति दे दी थी। मगर युद्धविराम की स्थिति के बावजूद जब इजराइल ने लेबनान पर हमले जारी रखे, तब ईरान ने फिर से वहां की आवाजाही बाधित कर दी। अमेरिका और इजराइल सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध को खत्म करने के मकसद से दबाव बनाने के लिहाज से होर्मुज जलमार्ग को बंद करना ईरान के लिए रणनीतिक तौर पर जरूरी हो सकता है। उधर अमेरिका की ओर से आए दिन नई धमकियां हालात की जटिलता को और ज्यादा बढ़ा रही हैं। यही स्थिति बनी रही, तो न युद्धविराम का कोई असर होगा और न ही शांति वार्ता की कोशिशें आगे बढ़ेंगी। मगर सवाल है कि इस सबका हासिल क्या होगा?

# सुरक्षा की उपेक्षा

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया हो, लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव हों या फिर जनगणना जैसे विशेष अभियान, इनका जिम्मा शिक्षकों तथा अन्य विभागीय कर्मियों को दिया जाता है। उन्हें बिना किसी त्रुटि या हड़बड़ी के पूरी सटीकता के साथ इस कार्य को अंजाम देना होता है। मगर इस दौरान उन्हें किस तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है, इस पर शायद ही सरकार और प्रशासनिक स्तर पर पहले कोई चर्चा होती हो या कोई समाधान तलाशने की कोशिश की जाती हो। यानी परिस्थिति जो भी हो, इन कर्मियों को हर हाल में काम पूरा करना होता है। ऐसे में कई बार काम का बोझ या चुनौतीपूर्ण हालात न केवल शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों को बढ़ा देते हैं, बल्कि संबंधित कर्मी की जान तक चली जाती है। ओड़ीशा में ऐसे ही दो स्कूली शिक्षकों की लू लगने से मौत हो गई, जिन्हें जनगणना के कार्य में नियुक्त किया गया था। खबरों के मुताबिक, अलग-अलग घटनाओं में जब ये शिक्षक घर-घर जाकर सर्वेक्षण करने के बाद स्कूल लौटे, तो बेहोश हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

गौरतलब है कि पिछले दिनों मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में तैनात कई खंड स्तरीय अधिकारियों की मृत्यु हो जाने की खबरें आईं थी। पीड़ित पक्षों का दावा था कि काम का अत्यधिक बोझ और मानसिक परेशानी मौत का कारण बना, हालांकि अधिकांश मामलों में आधिकारिक स्तर पर व्यक्तिगत समस्या का ही हवाला दिया गया। चुनाव के दौरान भी इस तरह के मामले सामने आते रहते हैं। अब देश में जनगणना का कार्य शुरू हुआ है और अभी से ऐसी घटनाएं सामने आने लगी हैं। अगर शिक्षकों की बात की जाए, तो लंबे समय से यह मांग की जाती रही है कि उनकी जिम्मेदारी को शिक्षण कार्य तक ही सीमित रखा जाए, क्योंकि इससे बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता पर असर पड़ता है। सवाल है कि इस तरह के विशेष सरकारी अभियानों में तैनात किए जाने वाले कर्मियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी और जवाबदेही किसकी है? शासन-प्रशासन को इस बात पर गंभीरता से ध्यान देना होगा कि ऐसे कर्मियों को पेश आने वाली परेशानियों का तत्काल निराकरण किया जाए, ताकि उनकी जान को किसी तरह का खतरा न हो।

# चांद के रहस्य खोलने की नई राह

**अंतरिक्ष के रहस्यों का पता लगाने के लिए अब तक तमाम प्रयास हुए हैं, लेकिन तकनीकी उन्नति के बावजूद आज भी इसकी राह आसान नहीं है। हाल में नासा के आर्टेमिस-2 अभियान के तहत अंतरिक्ष यात्रियों का चांद की परिक्रमा कर नए तथ्य जुटाने को कई मायनों में महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है।**

## अभिषेक कुमार सिंह

अंतरिक्ष हमेशा से इंसान के लिए जिज्ञासा का केंद्र रहा है। इसके रहस्यों का पता लगाने के लिए अब तक तमाम प्रयास हुए हैं, लेकिन तकनीकी उन्नति के बावजूद आज भी इसकी राह बेहद कठिन है। अगर ऐसा न होता, तो वर्ष 1969 में चांद पर मानव भेजने के बाद अमेरिकी अंतरिक्ष एजंसी नासा को अपना अगला चंद्र मिशन भेजने में साढ़े पांच दशक का वक्त नहीं लगता। अभी भी जिस आर्टेमिस-2 नामक चंद्र अभियान के तहत चार अंतरिक्ष यात्री गए थे, वे चंद्रमा पर उतरने के बजाय उसकी परिक्रमा ही कर पाए हैं। मगर इसे भी एक बड़ी कामयाबी माना जा रहा है, क्योंकि इससे आर्टेमिस के अगले चरणों में वर्ष 2030 तक चंद्रमा पर इंसान को फिर से उतारने की नासा की योजनाओं को पंख लग सकते हैं। मगर क्या चांद पर इंसान को एक बार फिर भेजना जरूरी है? उस चांद पर जिसके करीब नब्बे फीसदी हिस्से को दूरबीनों, अंतरिक्षयानों और भारत-अमेरिका समेत कुछ देशों के चंद्र अभियानों के जरिए खंगाला जा चुका है।

नासा की ओर से हाल में भेजे गए चंद्र मिशन आर्टेमिस-2 की बात की जाए, तो यह इस बात की मुनादी था कि चंद्रमा हमारा इंतजार कर रहा है। मगर यह एक चुनौती है ब्रह्मांड को समझने की, उसके उपहारों का जिम्मेदारी से उपयोग करने की और यह सुनिश्चित करने की कि हमारी भावी पीढ़ियां चंद्रमा और उसके परे सुदूर अंतरिक्ष को न सिर्फ लालसा से देखें, बल्कि यह दृष्टिकोण रखे कि वह हमारे सतत उत्थान की प्रेरणा बने और विकास की नई राहें खोले। वर्ष 1969 में नील आर्मस्ट्रांग और एडविन एल्ड्रिन ने पहली बार सभ्यता की लंबी छलांग चंद्रमा की सतह पर लगाई थी, तो आखिरी बार दिसंबर 1972 में यूजीन सेर्नन और हैरिसन श्मिट ने चांद पर अपने जूतों के निशान छोड़े थे। उसके बाद दशकों तक सन्नाटा कायम रहा। कई देशों की 'रोबोटिक खोज' ने सपने को जिंदा रखा, लेकिन चंद्रमा पर इंसानी उपस्थिति गायब हो गई।

11 अप्रैल 2026 को इस सन्नाटे के टूटने की आहट सुनाई दी है। आर्टेमिस-2 से चार अंतरिक्ष यात्री चांद की परिक्रमा के नौ दिनों के साहसिक सफर के बाद सुरक्षित पृथ्वी पर लौट आए। इस दौरान उन्होंने इंसानों द्वारा चांद के इर्द-गिर्द तय की गई अब तक की सबसे बड़ी दूरी 2,52,756 मील (लगभग 4,06,771 किलोमीटर) का सफर किया। उन्होंने चांद की परिक्रमा की, उसके दूर वाले हिस्से के पीछे पहुंचे, नियोजित 40 मिनट की संवादहीनता का सामना किया, अंतरिक्ष से पूर्ण सूर्यग्रहण देखा और ऐसे आंकड़े लेकर लौटे, जिनसे चांद की प्रकृति को गहराई से समझने में मदद मिल सकती है। वैज्ञानिकों की मंशा चांद पर मानव बस्ती बसाने और इसे बेस (आधार) बनाकर मंगल ग्रह तक पहुंचने की है। सवाल यह भी है कि आखिर जब मशीनें इतना कुछ कर सकती हैं, तो इंसानों को चंद्रमा या मंगल तक भेजने की जरूरत ही क्या है? जवाब अपोलो कार्यक्रम की ऐतिहासिक उपलब्धियों और बाद में भारत-चीन के चंद्र अभियानों में मिलता है।

इस पूरे संदर्भ में आर्टेमिस-2 की उपलब्धि के पैमाने को समझने के लिए अपोलो के बाद के लंबे अंतराल को याद करना जरूरी है। वर्ष 1969 से 1972 के बीच नासा ने छह सफल मानवयुक्त चंद्र अभियान (अपोलो-11, 12, 14-17) भेजे, जिनमें 12 अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री चांद की सतह पर उतरे। यह कार्यक्रम शीतयुद्ध की प्रतिद्वंद्विता से जन्मा था, लेकिन इसमें सच्ची वैज्ञानिक समृद्धि निहित थी। इनसे चंद्रमा की भूगर्भीय सक्रियता के प्रमाण मिले, वहां की मिट्टी के नमूने हासिल किए गए, जो इसकी उम्र और संरचना बताते थे, और पृथ्वी से बाहर अंतरिक्ष में स्थित किसी अन्य पिंड की पहली करीबी तस्वीरें मिलीं। हालांकि, इसके बाद वियतनाम संकट, कमजोर आर्थिक स्थिति और बदलती राष्ट्रीय प्राथमिकताओं ने वर्ष 1960 के दशक के अपोलो कार्यक्रम को प्राथमिकताओं की सूची से हटा दिया। वैज्ञानिक समुदाय ने भी मान लिया कि चंद्रमा की सतह सूखी एवं निर्जीव है, और अब सिर्फ रोबोटिक अभियानों की ही जरूरत है। मगर इक्कीसवीं सदी के आगमन के साथ ये धारणाएं टूटने लगीं।



**हीलियम-3, जो पृथ्वी पर दुर्लभ है, लेकिन चांद पर प्रचुर मात्रा में है, वह भविष्य में महत्त्वपूर्ण एवं मूल्यवान ईंधन बन सकती है। टाइटेनियम समेत अन्य दुर्लभ खनिजों की भी चंद्रमा पर भरमार है, जिनका भविष्य में इस्तेमाल किया जा सकता है। ये कोई कपोल कल्पनाएं नहीं हैं, बल्कि भारत के चंद्रयान, चीन के चांग ई और अब नासा के आर्टेमिस-2 के आंकड़ों के आधार पर किया गया आकलन है। इन आंकड़ों से साबित हुआ है कि चांद में वही तत्त्व मौजूद हैं, जो पृथ्वी पर मिलते हैं, बस उनका अनुपात और उनकी अवस्थिति अलग है। माना जाता है कि चंद्रमा पर मौजूद हीलियम-3 भंडार का एक चौथाई हिस्सा भी पृथ्वी पर लाया गया, तो पांच सौ वर्षों की ऊर्जा जरूरतें पूरी हो सकती हैं।**

वर्ष 2008 में भेजे गए भारत के चंद्रयान-1 आर्बिटर ने रेगोलिथ (चंद्रमा की मिट्टी) में पानी के अणुओं का पता लगाया और दक्षिणी ध्रुव पर बर्फ के सबूत दिए। चंद्रयान-3 ने अगस्त 2023 में दक्षिणी ध्रुव के पास ऐतिहासिक 'साफ्ट लैंडिंग' कर विश्व कीर्तिमान बनाया और स्थायी रूप से छायादार गड्ढों में बर्फ की पुष्टि की। चीन के 'चांग ई' कार्यक्रम ने भी इसी तरह की उपलब्धियां हासिल कीं। जैसे- चांग ई-4 के तहत वर्ष 2019 में चांद के दूर वाले हिस्से पर यान उतरा और चांग ई-6 ने जून 2024 में दूर वाले हिस्से से नमूने लाकर इतिहास रचा। बीजिंग ने 2030 तक अंतरिक्ष यात्रियों को चांद पर उतारने और 2040 तक इसके दक्षिणी ध्रुव पर अध्ययन केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। इस बीच, रूस के चंद्र कार्यक्रम लूना-25 का वर्ष 2023 में दुर्घटनाग्रस्त होना अंतरिक्ष के अभियानों की जटिलता को दर्शाता है। इसके अलावा, इजराइल का 'बेरेशीट' और जापान का 'स्लिम' भी चांद पर उतरने की कोशिश कर चुके हैं।

इन रोबोटिक सफलताओं ने चंद्रमा पर मानव को फिर से भेजने के सपने को कमजोर नहीं, बल्कि मजबूत किया है। इनसे साबित हुआ कि चंद्रमा के संसाधन वास्तविक और रणनीतिक रूप से मूल्यवान हैं। साथ ही उन्होंने दूरस्थ अन्वेषण की सीमाएं भी उजागर कीं। मगर कोई रोबोट अभी तक प्रशिक्षित भूवैज्ञानिक की क्षेत्रीय अंतरदृष्टि या रचनात्मक समस्या-समाधान से मेल नहीं खा सकता। जैसे- आर्टेमिस-2 के चालक दल ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के छायादार क्षेत्रों, विकिरण वातावरण और सतह रसायन विज्ञान से संबंधित आंकड़े जुटाए हैं, जो किसी रोबोटिक मिशन के जरिए संभव नहीं थे। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि चंद्रमा के ध्रुवों पर करीब साठ करोड़ टन पानी की बर्फ मौजूद है। इसे हाइड्रोजन और आक्सीजन में विभाजित करने से सांस लेने योग्य हवा, पीने का पानी और सबसे महत्त्वपूर्ण राकेट ईंधन मिलेगा। पृथ्वी से अंतरिक्ष यान को भेजने में गुरुत्वाकर्षण के कारण और वायुमंडल पार करने में ही बहुत ऊर्जा खर्च होती है। जबकि चंद्रमा पर दोबारा ईंधन भरने से इस लागत को कम किया जा सकता है। इससे चंद्रमा को मंगल तथा बाहरी सौरमंडल की यात्राओं के बेस स्टेशन के रूप में इस्तेमाल किया जा सकेगा।

हीलियम-3, जो पृथ्वी पर दुर्लभ है, लेकिन चंद्र रेगोलिथ में प्रचुर मात्रा में है, वह भविष्य में फ्यूजन रिएक्टर के लिए ईंधन बन सकती है। टाइटेनियम समेत अन्य दुर्लभ खनिज चंद्रमा पर भरपूर मात्रा में हैं, जिनका भविष्य में इस्तेमाल किया जा सकता है। ये कोई कपोल कल्पनाएं नहीं हैं, बल्कि भारत के चंद्रयान, चीन के चांग ई और अब नासा के आर्टेमिस-2 के आंकड़ों के आधार पर किया गया आकलन है। इन आंकड़ों से साबित हुआ है कि चांद में वही तत्त्व मौजूद हैं, जो पृथ्वी पर मिलते हैं, बस उनका अनुपात और उनकी अवस्थिति अलग है। माना जाता है कि चंद्रमा पर मौजूद हीलियम-3 भंडार का एक चौथाई हिस्सा भी पृथ्वी पर लाया गया, तो पांच सौ वर्षों की ऊर्जा जरूरतें पूरी हो सकती हैं। अंतरिक्ष के रहस्यों में मानव कल्याण की अपार संभावनाएं छिपी हैं, लेकिन यह तकनीक की प्रगति और अन्वेषण पर निर्भर है।

# संघर्ष का गणित

## दुनिया मेरे आगे

## अमित कुमार

इतिहास में युद्धों को अक्सर महान उद्देश्यों, राष्ट्र की रक्षा और सम्मान की भाषा में प्रस्तुत किया जाता है, लेकिन जब हम युद्धों के आर्थिक और सामाजिक परिणामों का विश्लेषण करते हैं, तो एक कठोर वास्तविकता सामने आती है। युद्ध केवल सेनाओं का टकराव नहीं होते, बल्कि वे धन, भूमि और संसाधनों के पुनर्वितरण का साधन भी बनते हैं। साधारण लोग युद्धों में मरते हैं, घायल होते हैं, अपने घर और खेत खो देते हैं, जबकि अत्यंत धनी वर्ग, बड़े उद्योगपति और वित्तीय घराने युद्धों के दौरान असाधारण लाभ अर्जित करते हैं। इतिहास में बार-बार यही स्वरूप दिखाई देता है कि युद्ध का सबसे बड़ा बोझ जनता उठाती है, लेकिन उससे उत्पन्न संपत्ति और शक्ति का सबसे बड़ा लाभ समाज के शीर्ष पर बैठे छोटे-से वर्ग को मिलता है।

इस तथ्य को समझने के लिए बीसवीं सदी के आरंभिक युद्धों का अध्ययन महत्त्वपूर्ण है। विशेष रूप से प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान आर्थिक लाभ का वितरण अत्यंत असमान था। उस समय के आर्थिक अभिलेखों के अनुसार, युद्ध के दौरान अमेरिका में लगभग इक्कीस हजार नए करोड़पति बने। ये वे लोग थे, जिनकी आय युद्ध के समय अचानक बहुत बढ़ गई। दूसरी ओर, लाखों सैनिकों ने खाइयों में लड़ते हुए अपनी जान गंवाई या गंभीर रूप से घायल हुए। युद्ध से उत्पन्न धन उन लोगों के पास गया, जो हथियार, धातु, कपड़ा, जूते और परिवहन सामग्री का उत्पादन कर रहे थे। उद्योगों के लाभ के आंकड़े इस असमानता को स्पष्ट रूप से दिखाते हैं। युद्ध के दौरान बारूद और गोला बनाने वाली कंपनियों की आय कई गुना बढ़ गई। इस्पात उद्योग, जो जहाज, तोप और हथियार बनाने के लिए आवश्यक था, उसके लाभ में भी असाधारण वृद्धि हुई। तांबा, कोयला और अन्य धातुओं से जुड़े उद्योगों ने भी भारी लाभ कमाया, क्योंकि युद्ध में इन संसाधनों की मांग बहुत अधिक थी। मुनाफा कमाने वाले उद्योगों के मालिक युद्ध के मैदान से दूर थे, लेकिन युद्ध की परिस्थितियों ने उन्हें अत्यंत समृद्ध बना दिया।

**युद्ध का आर्थिक प्रभाव केवल उद्योगों तक सीमित नहीं रहता। युद्ध के समय सरकारें सेना और हथियारों पर विशाल धन खर्च करती हैं। यह धन आखिर जनता से करों के रूप में लिया जाता है, लेकिन यह धन सार्वजनिक कल्याण में नहीं लगता, बल्कि बड़े व्यापारिक समूहों और उद्योगों के अनुबंधों में बदल जाता है।**

युद्ध के समय सरकारें सेना और हथियारों पर विशाल धन खर्च करती हैं। यह धन आखिर जनता से करों के रूप में लिया जाता है, लेकिन यह बड़े व्यापारिक समूहों और उद्योगों के अनुबंधों में बदल जाता है। इस प्रकार जनता का धन युद्ध उद्योग के माध्यम से कुछ शक्तिशाली कंपनियों के मुनाफे में परिवर्तित हो जाता है। युद्ध एक ऐसी आर्थिक व्यवस्था बना देता है, जिसमें जोखिम सैनिक उठाते हैं और लाभ उद्योगपति प्राप्त करते हैं।

भूमि और संसाधनों पर नियंत्रण भी महत्त्वपूर्ण परिणाम होता है। इतिहास में अनेक बार युद्धों के बाद विजित क्षेत्रों की भूमि को नए शासकों और उनके समर्थकों में बांट दिया गया। उदाहरण के लिए गाल पर रोमन फतह के बाद विशाल भूमि रोमन कुलीनों और सैन्य अधिकारियों के अधिकार में चली गई। स्थानीय किसानों को उनकी जमीन से हटाकर बड़े कृषि क्षेत्रों का निर्माण किया गया, जिन पर अमीर जमींदारों का नियंत्रण था। इस प्रक्रिया ने भूमि के स्वामित्व को कुछ ही परिवारों के हाथों में केंद्रित कर दिया। मध्ययुगीन यूरोप में भी यही प्रवृत्ति दिखाई देती है। इंग्लैंड पर नार्मन आक्रमण के बाद वहां की अधिकांश भूमि विजेता नार्मन कुलीनों को दे दी गई। पुराने स्थानीय जमींदारों की संपत्ति छीन ली गई और राजा के प्रति वफादार अभिजात वर्ग को विशाल जागीरें प्रदान की गईं। इस परिवर्तन ने इंग्लैंड की सामाजिक और आर्थिक संरचना को पूरी तरह बदल दिया।

औपनिवेशिक युग में यह प्रक्रिया और भी व्यापक हो गई। यूरोपीय शक्तियों ने एशिया, अफ्रीका और अमेरिका के विशाल क्षेत्रों पर सैन्य शक्ति के माध्यम से कब्जा किया। इसके बाद वहां की भूमि, खनिज संपदा और कृषि उत्पादन को अपने नियंत्रण में ले लिया गया। अनेक क्षेत्रों में पारंपरिक सामुदायिक भूमि व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया और ऐसी खेती शुरू कराई गई, जिससे औद्योगिक देशों के लिए कच्चा माल उपलब्ध हो सके। स्थानीय समाज को सस्ते श्रम का स्रोत बना दिया गया, जबकि वास्तविक लाभ विदेशी कंपनियों और औपनिवेशिक शासकों को मिला।

एक और महत्त्वपूर्ण पहलू युद्ध के बाद होने वाला पुनर्निर्माण है। जब शहर, सड़कें, पुल और कारखाने नष्ट हो जाते हैं, तो उन्हें फिर से बनाने के लिए व्यापक स्तर पर निर्माण कार्य शुरू होते हैं। इन परियोजनाओं के अनुबंध बड़े निर्माण और आर्थिक समूहों को दिए जाते हैं। इस प्रकार युद्ध पहले विनाश पैदा करता है, फिर उसी विनाश को ठीक करने के नाम पर नया आर्थिक अवसर पैदा करता है। प्राकृतिक संसाधनों और व्यापारिक मार्गों पर नियंत्रण भी अनेक युद्धों का एक प्रमुख कारण रहा है। जिन क्षेत्रों में तेल, खनिज या उपजाऊ भूमि की प्रचुरता होती है, वे अक्सर सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण बन जाते हैं। जब कोई शक्तिशाली राष्ट्र ऐसे क्षेत्र पर सैन्य नियंत्रण स्थापित करता है, तो वहां के संसाधनों का उपयोग अक्सर बड़ी कंपनियों और आर्थिक समूहों के हित में किया जाता है। स्थानीय समाज को इन संसाधनों से बहुत कम लाभ मिलता है, जबकि बाहरी शक्तियां अत्यधिक धन अर्जित करती हैं।

इतिहास के अनेक विचारकों ने इस वास्तविकता की ओर ध्यान आकर्षित किया है। स्मेडली बटलर ने स्पष्ट रूप से कहा था कि युद्ध का लाभ बहुत कम लोगों को मिलता है, जबकि उसकी कीमत लाखों लोग चुकाते हैं। उन्होंने प्रथम विश्वयुद्ध का विश्लेषण करते हुए बताया कि युद्ध के दौरान अमेरिका में लगभग इक्कीस हजार नए करोड़पति बने। जार्ज आरवेल ने लिखा कि आधुनिक युद्धों के पीछे अक्सर आर्थिक हित और सत्ता की राजनीति काम करती है। लियो टाल्स्टाय ने भी यह तर्क दिया कि युद्धों में वास्तविक बलिदान आम लोगों का होता है, जबकि निर्णय और लाभ शासक वर्ग के हाथों में रहता है।





## सुधार का तकाजा

संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद के लिए इस बार महज चार उम्मीदवार हैं। जबकि 2016 में यह संख्या 13 थी। 193 सदस्य देशों वाले इस विश्व संगठन में उम्मीदवारों की संख्या इतनी कैसे कम हो गई? यह गिरावट महज आंकड़ों की नहीं, बल्कि संस्था की कमजोरी बताती है। जब गाजा में जनसंहार हो रहा हो, यूक्रेन जल रहा हो और अफ्रीका-एशिया के कई इलाकों में अस्थिरता फैली हो, तब संयुक्त राष्ट्र बस बयान जारी करता रहता है। ऐसे में योग्य नेता क्यों इस पद के लिए आगे आएंगे? संयुक्त राष्ट्र की स्थापना शांति और न्याय के लिए हुई थी, लेकिन आज यह सिर्फ महाशक्तियों के स्वार्थ की रक्षा का औजार बन कर रह गया है। उम्मीदवारों की कमी एक चेतावनी है कि इस संस्था को गंभीर सुधारों के जरिए बचाएं। जब उम्मीदवार ही नहीं मिलेंगे, तो बेहतर महासचिव कैसे चुना जाएगा? यदि यही सिलसिला जारी रहा, तो संयुक्त राष्ट्र महासचिव के पद का कोई अर्थ नहीं रह जाएगा। वहां नाम तो होगा, लेकिन अधिकार और प्रभाव नहीं होगा। विश्व को अब सशक्त और वास्तव में प्रतिनिधित्व करने वाला मंच चाहिए, न कि जर्जर और अप्रभावी संस्था।

*– मो अजहर आलम अंसारी, पूर्णिया*

## मुनाफे का पाठ

इन दिनों निजी विद्यालय केवल धन कमाने का जरिया बन गए हैं। पहले कुछ निश्चित पुस्तकें स्कूलों में लगाई जाती थी। उसकी कीमत भी सामान्य होती थी और पिछली कक्षा उत्तीर्ण करने वाला विद्यार्थी पुरानी पुस्तकों से शिक्षा ग्रहण कर लेता था। आजकल निजी स्कूल हर वर्ष नई और महंगी पुस्तकें लगाते हैं। निजी विद्यालयों के संचालक प्रकाशक से अपनी कमाई तय कर अभिभावकों का शोषण करते हैं। अत्यधिक राशि देकर खरीदी गई पुस्तकें अगले वर्ष रद्दी हो जाती हैं। इस समय मध्यवर्गीय परिवारों को अपने बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाना कठिन हो गया है। पुस्तकों के अतिरिक्त अन्य कई प्रकार के शुल्क भी मनमाने तरीके से लिए जाते हैं। हर वर्ष दाखिला फीस भी ली जाती है। परीक्षा फीस भी काफी बढ़ गई है। विद्यालयों में कार्यक्रमों के नाम पर भी शुल्क वसूला जाता है। फिर भी बच्चा पढ़ने में कमजोर रहता है, तो विद्यालय अक्सर अभिभावकों को जिम्मेदार ठहरा देते हैं।

*– ललित शंकर, हरिद्वार*

## व्यवस्था की कमजोरी

'मताधिकार का प्रश्न' (संपादकीय, 24 अप्रैल) में उठाए सवाल स्वाभाविक हैं। पहले चरण में पश्चिम बंगाल में भारी मतदान लोकतंत्र के प्रति लोगों की जागरूकता का संकेत है। मगर मतदाता सूची से लाखों नाम हटने की खबर गंभीर चिंता पैदा करती है। यदि पात्र नागरिक मतदान से वंचित रह जाएं, तो चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। मतदाता सूची शुद्ध होना जरूरी है, पर यह काम पारदर्शिता, पर्याप्त समय और सुनवाई के अवसर के साथ होना चाहिए। इसमें इतनी हड़बड़ी नहीं होनी चाहिए जिससे कोई आशंका पैदा हो। चुनाव से ठीक पहले विशेष पुनरीक्षण और अपीलों पर नगण्य कार्रवाई किसी भी सूरत में ठीक नहीं लगती है। इस पर कई सवाल भी उठे हैं। मताधिकार केवल कानूनी अधिकार नहीं, लोकतंत्र की आत्मा भी है। यदि किसी नागरिक का मताधिकार बिना कारण छिनता है, तो यह व्यवस्था की कमजोरी है।

*– अमृतलाल मारू 'रवि', इंदौर*

## घटती सहिष्णुता

'हिंसा के पांव' (संपादकीय, 22 अप्रैल) पढ़ा। पिछले कुछ दिनों से देश के अलग-अलग हिस्सों में मामूली विवादों में हत्या के कई मामले सामने आ रहे हैं। यह केवल कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं, बल्कि समाज में बढ़ती असहिष्णुता, आक्रोश और संवेदनहीनता का भी संकेत है। आज व्यक्ति छोटी-सी बात पर संयम खो देता है और संवाद के बजाय प्रतिशोध को प्राथमिकता देने लगता है। दरअसल, बेरोजगारी, आर्थिक दबाव, पारिवारिक तनाव और प्रतिस्पर्धा ने लोगों की सहनशीलता कम कर दी है। सोशल मीडिया भी एक बड़ा कारक बन कर उभरा है जहां अफवाहें, नफरत और उत्तेजक सामग्री बहुत तेजी से फैलती है। इससे लोगों में कटुता बढ़ती है और भीड़ मानसिकता विकसित होती है। ऐसे माहौल में सहिष्णुता, संवाद और कानून के प्रति सम्मान को फिर से मजबूत करना आवश्यक है। समय का यही तकाजा है।

*– इशरत अली कादरी, भोपाल*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

विशेष
जनसत्ता | 29 अप्रैल, 2026



## दूरस्थ ग्रहों पर जीवन के संकेत उत्साहजनक, लेकिन पुष्टि में लग सकते हैं कई बरस

दूरस्थ ग्रहों पर जीवन के संभावित संकेतों की खोज भले ही रोमांचक प्रतीत होती हो, लेकिन वैज्ञानिकों के लिए इन संकेतों की पुष्टि करना एक लंबी और जटिल प्रक्रिया होती है, जिसमें कई वर्ष भी लग सकते हैं। खगोलशास्त्री दूरबीनों से ग्रहों के वायुमंडल, तारामंडल की धूल और गैस के विशाल बादलों (नेबुला) तथा आकाशगंगाओं में मौजूद विशिष्ट अणुओं का अध्ययन करते हैं। ये बादल तारों के जन्मस्थल भी होते हैं और अंतरिक्ष के रासायनिक अध्ययन के लिए महत्वपूर्ण माने जाते हैं। वैज्ञानिकों ने अब तक लगभग एक सदी के भीतर अंतरिक्ष में 350 से अधिक विभिन्न अणुओं की पहचान की है। पहला ऐसा अणु 1937 में खोजा गया था। हर वर्ष अंतरिक्ष के रासायनिक भंडार में कुछ नए अणु जुड़ते हैं, जिनमें से कई ऐसे होते हैं जो जीवन से जुड़े जैव-अणुओं के पूर्ववर्ती हो सकते हैं। अंतरिक्ष रसायन विज्ञान (एस्ट्रोकेमिस्ट्री) के विशेषज्ञ बताते हैं कि वे विशेष रूप से उन क्षेत्रों का अध्ययन करते हैं जहां नए तारे बनते हैं।

# तीर्थाटन से राज्य के आर्थिक विकास को मिल रही रफ्तार

## छब्बीस अप्रैल तक चारधाम में पहुंचे 2.38 लाख से अधिक श्रद्धालु

**सुनील दत्त पांडेय**

**उत्तराखंड**

राज्य बनने के बाद 25 वर्षों में यह परिवर्तन आया है कि उत्तराखंड की चारधाम यात्रा राज्य की आर्थिकी का विशेष आधार बन रही है। पिछले 4 वर्षों में उत्तराखंड के चारधामों के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की तादाद बढ़ी है। इनमें पिछले 2 वर्षों में चारधामों में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की तादाद रिकार्ड स्तर पर दर्ज की गई है। चारधाम के कपाट खुले अभी एक हफ्ता भी नहीं हुआ है और श्रद्धालुओं की संख्या ढाई लाख से ऊपर पहुंच गई है जो पिछले साल के मुकाबले दोगुनी है। केवल चारधाम ही नहीं, बल्कि उत्तराखंड के हरिद्वार, ऋषिकेश, कुमाऊं मंडल के आदि कैलाश क्षेत्र जैसे दूसरे तीर्थस्थलों की ओर भी श्रद्धालुओं का रुझान बढ़ा है। इससे राज्य के पर्यटन, आतिथ्य सेवा, होटल व परिवहन क्षेत्र के विकास की दर में वृद्धि दर्ज की गई है। तीर्थाटन से उत्तराखंड की आर्थिकी को रफ्तार मिल रही है। विधानसभा में भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को कहा कि चारधाम यात्रा उत्तराखंड के विकास में अहम योगदान दे रही है। इसको लेकर लोग अफवाह व भ्रम नहीं फैलाएं।

उत्तराखंड सरकार के आंकड़ों में पर्यटन और तीर्थाटन का संयुक्त योगदान राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 27 फीसद से लेकर 43.7 फीसद तक बताया गया है। केवल चारधाम यात्रा (केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री) से राज्य की अर्थव्यवस्था को प्रति वर्ष लगभग 7,500 करोड़ रुपए का का राजस्व प्राप्त होता है। पिछले तीन सालों में 23 करोड़ से अधिक पर्यटक उत्तराखंड पहुंचे हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र, देहरादून से प्राप्त रपट के अनुसार 26 अप्रैल की 7 बजे तक उत्तराखंड के चारधामों में 2 लाख 38 हजार 590 तीर्थ यात्रियों ने दर्शनों का पुण्य लाभ प्राप्त किया। केवल 26 अप्रैल के ही दिन 55 हजार 998 से तीर्थयात्री चारधाम पहुंचे थे। बद्रीनाथ धाम में कपाट खुलने की तिथि 23 अप्रैल से 25 अप्रैल तक 37,884 तीर्थयात्री धाम पहुंचे। 26 अप्रैल को धाम में 13,107 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि 22 अप्रैल से चार दिनों के भीतर 1,24,782 तीर्थयात्री धाम पहुंचे। 26 अप्रैल को धाम में 31,160 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। यमुनोत्री एवं गंगोत्री धाम के कपट खुलने की तिथि 19 अप्रैल से 25 अप्रैल तक 75,924 तीर्थ यात्रियों ने धामों में दर्शन किए। यमुनोत्री धाम में 26 अप्रैल को 38,206 तीर्थ यात्रियों ने तथा गंगोत्री धाम में 37,718 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

मंगलवार को देहरादून में विधानसभा के विशेष सत्र में चारधाम यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विशेष बयान दिया। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा को कुछ लोग रील बनाकर राजनीति की भेंट चढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी पवित्र चारधाम यात्रा का विरोध न करें। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा उत्तराखंड की आर्थिकी के लिए भी जीवन रेखा का काम करती है। इसलिए नकारात्मक बातों से चारधाम यात्रा का विरोध न करें, बल्कि यात्रा और यात्रियों को प्रोत्साहन प्रदान करें। चारधाम यात्रा राज्य की आस्था, सांस्कृतिक पहचान एवं आर्थिक गतिविधियों का प्रमुख आधार है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार ने कुमाऊं क्षेत्र के पौराणिक मंदिरों के विकास और यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए मानसखंड मंदिर माला मिशन नामक एक प्रमुख योजना शुरू की है। इस योजना का उद्देश्य कुमाऊं के 16 पौराणिक मंदिरों को चारधाम की तर्ज पर विकसित करना है ताकि वहां पर्यटकों और श्रद्धालुओं की सुविधाएं बढ़ सके। कुमाऊं के 16 पौराणिक मंदिरों जैसे जागेश्वर धाम, मां हाटकाली, नैना देवी आदि मंदिरों को विकसित कर धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। कुमाऊं मंडल के प्रसिद्ध मंदिरों के साथ ही पिथौरागढ़ के सीमांत क्षेत्र को भी जोड़ा जा रहा है।



**विधानसभा** में भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को कहा कि चारधाम यात्रा उत्तराखंड के विकास में अहम योगदान दे रही है। इसको लेकर लोग अफवाह और भ्रम नहीं फैलाएं।

जनगणना : 2027

# तैंतीस प्रश्नों में सबसे पेचीदा सवाल है परिवार की गणना

**पंकज रोहिला**

**देश**

जनगणना के 33 प्रश्नों में सबसे पेचीदा व दिलचस्प सवाल किसी भी आवास में दंपति का निर्धारण होगा। परिवार में जिसकी ज्यादा चलती होगी, वही परिवार का मुखिया होगा, लेकिन जब दंपति की बात आएगी, तो महिलाओं की संख्या तय करेगी कि किसी भी परिवार की कितनी दंपति होंगी। ऐसे ही अनसुलझे सवालों के जवाब आजकल जमीन पर जनगणना की जांच के लिए उतरने वाले कर्मचारियों को अधिकारी समझा रहे हैं।

हालांकि पहले चरण में जनगणना के लिए अधिकारियों को मकानों की गणना का कार्य पूर्ण करना होगा, लेकिन सबकी निगाहें जनगणना के उस हिस्से पर हैं, जहां जनता की गणना होगी और सामने वे तथ्य आएंगे जिसमें लोगों की संख्या, परिवारों की संख्या व किस जाति से संबंधित हैं, जैसे सवालों के जवाब मिलेंगे। इन सवालों के भीतर भी कई अनसुलझे सवाल हैं, जो आवेदन भरते समय सामने आएंगे। ऐसा ही एक सवाल परिवार में दंपति तय करने से संबंधित है। इस सवाल में एक ही महिला से शादी करने के मामले में कोई भी तकनीकी विवाद नहीं है, लेकिन यदि किसी व्यक्ति की दो या इससे अधिक शादी है तो उस स्थिति में दंपति की गणना में महिलाओं की संख्या ही यह समीकरण स्पष्ट करेगी।



**महिला** के आधार पर तय होगी दंपति, तो रसोई बताएगी कितने परिवार हैं घर में।
**सहजीवन** में रह रहे लोग भी होंगे परिवार की श्रेणी में शामिल।

### अब तक 26 लाख स्वगणना

इस बार प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए स्वगणना का विकल्प भी उपलब्ध है। गृह मंत्रालय के मुताबिक इस सुविधा के तहत आम जनता ने स्वगणना की प्रक्रिया शुरू ही कर दी है और अब तक करीब 26 लाख से अधिक परिवारों ने स्वगणना का विकल्प प्रयोग किया है। आवास जनगणना (एचएलओ) चुनिंदा प्रदेशों में की जा रही है। जनगणना 2027 डिजिटल तौर पर होगी, मोबाइल-आधारित डेटा संग्रह, जनगणना प्रबंधन और निगरानी प्रणाली, पोर्टल के माध्यम से वास्तविक समय की निगरानी, वैकल्पिक स्वगणना की सुविधा और सटीक भौगोलिक मानचित्रण का व्यापक उपयोग होगा। यह 16 भाषाओं असमिया, बंगाली, अंग्रेजी, हिंदी, कन्नड़, कोंकणी, मलयालम, मणिपुर आदि में उपलब्ध है।

### आजादी के बाद यह आठवीं जनगणना

भारत की जनगणना विश्व के सबसे बड़े प्रशासनिक और सांख्यिकीय अभ्यास के रूप में विकसित हुई है। पहली जनसंख्या गणना 1865-1872 के दौरान आयोजित की गई थी, जिसके बाद 1881 में पहली बार देशव्यापी समकालिक (एक साथ) जनगणना हुई। तब से भारतीय जनगणना हर दस साल में आयोजित की जाती रही है। हालांकि, कोरोना के कारण 2021 में जनगणना समय पर नहीं हो सकी। जनगणना 2027 इस क्रम की अगली गणना होगी, जो देश की 16वीं व आजादी के बाद 8वीं गणना है।

# अटल योजना : पांच में से चार प्रखंडों में भूजल स्तर सुधरा

**राकेश शर्मा**

**रपट**

देश में अत्यधिक दोहन व भूजल की कमी वाले क्षेत्रों में अटल भूजल योजना से पांच में से चार प्रखंडों में भूजल के स्तर में सुधार दिखा। प्रायोगिक परियोजना के तहत सात राज्यों के करीब एक तिहाई जिलों का चयन योजना के तहत हुआ था। इन जिलों में भूजल स्तर काफी नीचे चला गया था। कई जगहों पर यह स्तर 250 फीट से नीचे देखा गया। गिरते भूजल की समस्या को देखते हुए समुदाय की भागीदारी के साथ विभिन्न उपायों को लागू कर भूजल प्रबंधन में सुधार करने का लक्ष्य रखा गया था। योजना के सकारात्मक संकेतों को देखते हुए जल मंत्रालय इस योजना को दूसरे अत्यधिक दोहन वाले क्षेत्रों में भी लागू करने का विचार कर रहा है।

जल मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार, करीब छह साल पहले अटल भूजल योजना को एक निश्चित अवधि और परिव्यय के साथ प्रायोगिक परियोजना के तौर पर शुरू किया गया। योजना में गुजरात (छह जिले), हरियाणा (14 जिले), कर्नाटक (14 जिले), मध्य प्रदेश (छह जिले), महाराष्ट्र (13 जिले), राजस्थान (17 जिले) और उत्तर प्रदेश (दस जिले) से कुल 80 जिलों को शामिल किया गया।

इन जिलों के 229 ब्लाकों की 8203 जल संकटग्रस्त ग्राम पंचायतों में योजना को चलाया गया। करीब छह साल बाद 78.60 फीसद जिलों में भू जल स्तर में सुधार दिखा। योजना के कार्यान्वयन के दौरान इन सात राज्यों में जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण के लिए 83800 से अधिक आपूर्ति-पक्ष संरचनाओं का निर्माण या नवीनीकरण किया गया। इनमें चेक डैम, तालाब, रिचार्ज शाफ्ट, गड्ढे सहित अन्य शामिल हैं। लंबे अंतराल व निगरानी के बाद 229 ब्लाकों में से 180 ब्लाक में भूजल स्तर में सुधार देखने को मिला। अधिकारियों का कहना है कि भू जल स्तर में सुधार से पानी की गुणवत्ता में भी सुधार होता है।



**गिरते** भूजल स्तर वाले गांवों में सुधार के लिए प्रायोगिक परियोजना के तहत सात राज्यों के करीब एक तिहाई जिलों में शुरू हुआ था अटल भूजल योजना, अब दूसरे राज्यों में शुरू करने की योजना
**जल** राज्यमंत्री वी सोमन्ना ने एक जवाब में कहा कि अटल भूजल योजना ने एक व्यवहारिक व दोहराए जा सकने वाले माडल के रूप में कार्य किया है। इसे अन्य राज्य अपने संसाधनों और बजट के अनुसार अपनाकर लागू कर सकते हैं।

### इस तरह चलाया गया अभियान

योजना के दौरान राज्यों में संस्थागत ढांचे को मजबूत बनाया गया। इसकी मदद से वैज्ञानिक और टिकाऊ भूजल प्रबंधन को आसान बनाकर टिकाऊ भूजल प्रबंधन में समुदाय और हितधारकों की भागीदारी को बढ़ाया गया। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, एकीकृत बागवानी विकास मिशन, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, अमृत सरोवर, या केंद्र/राज्य सरकारों की किसी अन्य योजना जैसी चल रही योजनाओं के बीच तालमेल को बढ़ावा देकर, भूजल प्रबंधन के लिए सार्वजनिक धन के कुशल और नियोजित उपयोग को सुनिश्चित किया गया। साथ ही जल संचयन, जलभृतों के पुनर्भरण और जल संरक्षण से संबंधित गतिविधियों को बढ़ाया गया।

### प्रस्तुति



मध्य प्रदेश के भोपाल स्थित एकांत पार्क में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस की पूर्व संध्या पर भरतनाट्यम की प्रस्तुति देते कलाकार।

# ऊर्जा सुधार : पीएनजी के विस्तार की तेज हुई रफ्तार

**सर्वेश कुमार**

**बदलाव**

पश्चिम एशिया संकट के दौर में ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से देश में पीएनजी विस्तार की रफ्तार तेज होने लगी है। तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की तुलना में पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कम खर्चीला, पर्यावरण के लिहाज से बेहतर और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए अधिक उपयुक्त है। इसलिए सरकार पीएनजी के लिए आधारभूत ढांचा को और सुदृढ़ कर रही है। मौजूदा संकट के दौरान प्राकृतिक गैस के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसका असर दिखने लगा है।

पिछले करीब दो महीने के दौरान 42 हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने एलपीजी कनेक्शन को छोड़कर, पीएनजी को अपनाया। इस दौरान साढ़े पांच लाख से अधिक कनेक्शन चालू किए गए, जबकि 2.67 लाख नए कनेक्शन के लिए आधारभूत ढांचा तैयार किया गया। इस दौरान नए कनेक्शन के लिए छह लाख से अधिक आवेदन किए जा चुके हैं। ऊर्जा मामलों के जानकारों का कहना है कि पीएनजी को बढ़ावा देने के साथ आधारभूत ढांचा को सुदृढ़ करना बेहद जरूरी है।

ऊर्जा विशेषज्ञ देबोजित पालित ने बताया कि पर्यावरण पर भी पीएनजी का असर कम है। देश में पीएनजी के लिए 50 फीसद प्राकृतिक गैसों का देश में उत्पादन हो रहा है, जबकि एलपीजी के लिए दूसरे देशों से 80-85 फीसद आयात किया जाता है। पीएनजी का आयात कम करना पड़ता है, नए भंडार भी तलाशे जा रहे हैं और गैस मिलने की संभावना है और आने वाले वर्षों में आयात पर निर्भरता और कम होने की उम्मीद है।

**ऊर्जा** संकट से निपटने की राह होगी आसान, दो महीने में नए कनेक्शन के लिए छह लाख से अधिक आवेदन।

# राष्ट्रीय खेल पुरस्कार के लिए 'कैलेंडर' जारी होना चाहिए : संसदीय समिति

**सुशील राघव**

**सुझाव**

राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, विश्वसनीय और समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से संसदीय समिति ने कई महत्त्वपूर्ण सिफारिशें की हैं। समिति का मानना है कि यदि पुरस्कारों की घोषणा एक निश्चित वार्षिक 'कैलेंडर' के तहत की जाए, तो इससे न केवल खिलाड़ियों और कोचों को समय पर सम्मान मिलेगा, बल्कि पूरे चयन तंत्र की विश्वसनीयता भी मजबूत होगी।

कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता वाली शिक्षा, महिला, बाल, युवा एवं खेल से संबंधित विभागीय समिति ने अपनी 378वीं रपट में स्पष्ट रूप से कहा है कि खेल विभाग को हर वर्ष राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों की घोषणा के लिए एक स्थायी और सार्वजनिक रूप से घोषित 'कैलेंडर' अपनाना चाहिए। अक्सर देखा गया है कि पुरस्कारों की घोषणा में देरी होती है, जिससे खिलाड़ियों और कोचों के मनोबल पर असर पड़ता है। एक तय समय-सीमा होने से यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि सम्मान प्रक्रिया बिना किसी अनावश्यक विलंब के पूरी हो। पारदर्शिता के मुद्दे पर भी समिति ने गंभीर चिंता जताई है। समिति ने सिफारिश की है कि चयन प्रक्रिया से जुड़े सभी पहलुओं जैसे चयन मानदंड, मूल्यांकन के पैरामीटर और चयन समिति द्वारा दिए गए अंक आदि को पुरस्कार घोषित होने के बाद सार्वजनिक किया जाना चाहिए। इससे चयन प्रक्रिया पर उठने वाले सवालों को कम किया जा सकेगा और खिलाड़ियों व आम जनता के बीच विश्वास बढ़ेगा।

समिति ने यह भी कहा कि वर्तमान समय में खेलों का स्तर लगातार ऊंचा हो रहा है और अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा भी अधिक चुनौतीपूर्ण हो गई है। ऐसे में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए नकद पुरस्कार और अन्य लाभों की समय-समय पर समीक्षा करना आवश्यक है। समिति ने सुझाव दिया है कि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों और उनके कोचों को दिए जाने वाले नकद प्रोत्साहन को महंगाई और बढ़ती प्रशिक्षण लागत के अनुरूप संशोधित किया जाना चाहिए।

इसके साथ ही समिति ने 'स्पोट्र्स फंड फार पेंशन टू मेरिटोरियस स्पोट्र्सपर्सन्स' योजना पर भी ध्यान आकर्षित किया है। समिति ने पाया कि पिछले पांच वर्षों में इस योजना के तहत आबंटन और लाभार्थियों की संख्या में गिरावट आई है, जो चिंता का विषय है। समिति का मानना है कि इस योजना का उद्देश्य खिलाड़ियों को सेवानिवृत्ति के बाद आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है, इसलिए इसके दायरे को सीमित करने के बजाय विस्तार दिया जाना चाहिए।

समिति ने सिफारिश की है कि पेंशन योजना के पात्रता मानदंडों की समय-समय पर समीक्षा की जाए और अधिक से अधिक योग्य खिलाड़ियों को इसमें शामिल किया जाए। समिति ने कहा कि खासकर उन खिलाड़ियों को जो कम लोकप्रिय खेलों से जुड़े हैं। ऐसे खिलाड़ी अक्सर सीमित संसाधनों के बावजूद देश के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं, लेकिन उन्हें अपेक्षित आर्थिक सुरक्षा नहीं मिल पाती। इसके अलावा, समिति ने यह भी सुझाव दिया है कि पेंशन और नकद प्रोत्साहन राशि में स्वतः संशोधन की व्यवस्था होनी चाहिए, जो जीवन-यापन की लागत से जुड़ी हो। इससे खिलाड़ियों को समय के साथ बढ़ती महंगाई का सामना करने में मदद मिलेगी।

**समिति** ने इसके साथ ही यह भी सलाह दी है कि पुरस्कार घोषित होने के बाद चयन मानदंड, मूल्यांकन के पैरामीटर और चयन समिति द्वारा दिए गए अंक सार्वजनिक किए जाने चाहिए।
**संसदीय** समिति ने 'स्पोट्र्स फंड फार पेंशन टू मेरिटोरियस स्पोट्र्स पर्सन्स' योजना पर भी ध्यान आकर्षित किया है। समिति ने पाया कि पिछले पांच वर्षों में इस योजना के तहत आबंटन और लाभार्थियों की संख्या में गिरावट आई है, जो चिंता का विषय है।



> न्याय केवल एक पक्ष के लिए नहीं, बल्कि दोनों पक्षों के लिए होना चाहिए।
> -एलिनोर रूजवेल्ट

**बांदा जिले में तपिश के अब तक के सभी रिकॉर्ड टूटना महज एक चौंकाने वाली मौसमी घटना नहीं, बल्कि इशारा है कि जलवायु परिवर्तन अब दूर की समस्या नहीं रह गया। सवाल यह है कि क्या अब हम इस इशारे को समझने के लिए तैयार हैं?**

## बांदा और इशारा

उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में गर्मी के अब तक के सभी रिकॉर्ड टूटना और इसका दुनिया के सर्वाधिक गर्म शहरों में शुमार होना महज एक चौंकाने वाली मौसमी घटना नहीं, बल्कि भयावह होते जलवायु संकट का एक संकेत भी है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले 12 दिनों में बांदा अगर छह बार देश का सबसे गर्म शहर रहा है, तो इसकी वजह समझी जा सकती है। दरअसल, चट्टानी और शुष्क बुंदेलखंड क्षेत्र में, जहां बांदा स्थित है, जब सूर्य की किरणें सीधे सूखी जमीन पर पड़ती हैं, तब वे तेजी से हवा को गर्म करती हैं। इसके अतिरिक्त, गर्म पछुआ हवाएं तो यहां के तापमान को बढ़ा ही रही हैं। हालांकि, यह कहानी सिर्फ बांदा की नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश सहित पूरे उत्तर भारत की भी है, जो फिलवक्त लू और भीषण गर्मी की चपेट में है। वैश्विक तापमान में वृद्धि के साथ भारत में गर्मी की लहरें अगर समय से पहले और अधिक तीव्रता से आ रही हैं, तो इसके पीछे अल नीनो जैसे प्राकृतिक कारण बेशक होंगे, लेकिन क्या इसके लिए सिर्फ प्रकृति ही दोषी है? तेज शहरीकरण ने अर्बन हीट आइलैंड प्रभाव पैदा किया है, जिसमें कंक्रीट के जंगल सूर्य की गर्मी सोख लेते हैं और रात में छोड़ते हैं, जिससे न्यूनतम तापमान भी नहीं गिर पाता। वनों की कटाई, जलाशयों का सूखना और कृषि भूमि पर अतिक्रमण ने प्राकृतिक शीतलन प्रक्रिया को कमजोर कर दिया है। इसके नतीजे विनाशकारी होने ही थे। केंद्र सरकार ने राज्यों को सभी स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष लू प्रबंधन इकाइयों की स्थापना और एंबुलेंस सेवा को पुख्ता बनाने के निर्देश दिए हैं, लेकिन सवाल यह है कि साल-दर-साल जिस तरह से पर्यावरणीय बदलाव के संकेत बढ़ते जा रहे हैं, उसे देखते हुए क्या ये सरकारी उपाय पर्याप्त होंगे। हैरानी की बात है कि हर वर्ष इन्हीं महीनों में कमोबेश ऐसी ही स्थितियां खड़ी होने पर भी व्यवस्थाएं हर बार बदहवास-सी ही नजर आती हैं। सोमवार की रात मौसम में आए बदलाव ने लोगों को थोड़ी राहत भले दे दी हो और पश्चिमी विक्षोभ के



सक्रिय होने से आने वाले कुछ दिनों में भी तापमान में भी कुछ गिरावट आए, लेकिन मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार, इसका असर खत्म होते ही मई के पहले हफ्ते में गर्मी फिर अपने तेवर दिखा सकती है। लिहाजा, गर्मी फिलहाल हमारा पीछा छोड़ती नहीं दिखती। बांदा का तापमान एक स्वस्थ मनुष्य के ताप से करीब 10 डिग्री सेल्सियस अधिक होना संयोग नहीं, बल्कि एक इशारा है। असल सवाल यह है कि क्या अब हम इस इशारे को समझने के लिए तैयार हैं?

# आखिर उन धमाकों का गुनहगार कौन था

**मालेगांव बम विस्फोट और मुंबई लोकल ट्रेन बम धमाकों के मामलों में आरोपियों का बरी हो जाना महज संयोग नहीं, बल्कि न्याय प्रणाली की उस विफलता का संकेत है, जो बार-बार सामने आती है। सवाल यह है कि जब सब बरी हो ही गए, तब उन धमाकों का दोषी कौन था?**

महाराष्ट्र के मालेगांव में 29 सितंबर, 2008 को हमीदिया मस्जिद और बड़ा कब्रिस्तान परिसर में जुम्मे की नमाज के तुरंत बाद हुए बम धमाकों के मामले में सभी अभियुक्तों की दोषमुक्ति हो गई है। पिछले दिनों राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) द्वारा आरोपित चार और अभियुक्त बॉम्बे हाईकोर्ट द्वारा बरी कर दिए गए। ऐसा ही कुछ मुंबई लोकल ट्रेन बम धमाकों के मामले में भी हुआ। जयपुर, अजमेर समेत ऐसे और भी कई मामले हैं, जिनमें जांच प्रणाली और न्यायिक व्यवस्था की गलियों से गुजर कर भी यह तय नहीं किया जा सका कि मारे गए लोगों का दोषी आखिर कौन था?

मालेगांव बम विस्फोट और मुंबई लोकल ट्रेन बम धमाकों के मामलों में हाल ही में आए ये फैसले महज संयोग नहीं हैं, बल्कि न्याय प्रणाली की उस विफलता का संकेत हैं, जो बार-बार सामने आती है।



**रवींद्र दुबे**
*वरिष्ठ पत्रकार*

मालेगांव में हुए बम विस्फोट में छह लोगों की मौत हुई और 101 लोग घायल हुए। अभियोजन पक्ष ने 300 से अधिक गवाहों को पेश किया। समय के साथ कई आरोपियों को अलग-अलग आरोपों से बरी कर दिया गया और कुछ आरोप बाद में हाईकोर्ट ने भी रद्द कर दिए। तीन बड़ी जांच एजेंसियां-स्थानीय क्राइम ब्रांच, आतंकवादी निरोधक दस्ता (एटीएस) और एनआईए इसमें शामिल थीं। मुकदमा 20 साल तक चला। अंत में, अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष दोष को 'संदेह से परे' साबित करने में असफल रहा, क्योंकि कोई भरोसेमंद और स्वीकार्य सबूत मौजूद नहीं था और न्यायालय लोकप्रिय धारणा पर नहीं, बल्कि सबूतों पर चलते हैं।

इससे भी अधिक गंभीर बात तो यह है कि अभियोजन पक्ष आवश्यक प्रशासनिक अनुमतियों की वैधता साबित नहीं कर पाया। ये अनुमतियां उच्च अधिकारियों द्वारा दी गई थीं। अदालत ने इसे चुनिंदा सबूत इकट्ठा



करने और प्रक्रियागत चूकों का परिणाम बताया। अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि जांच में नमूने इकट्ठा करने की अनावश्यक प्रक्रिया और कर्तव्य निभाने में विफलता जैसी बातें साफ दिखीं।

मुंबई लोकल ट्रेन बम धमाकों का मामला इससे अलग था। 11 जुलाई, 2006 को सात धमाकों में 187 लोग मारे गए और 800 से अधिक घायल हुए। एटीएस ने 13 लोगों को गिरफ्तार कर आरोप लगाए। मुकदमा छह साल में पूरा हुआ और सभी दोषी ठहराए गए, लेकिन बॉम्बे हाईकोर्ट ने अपील पर कहा कि दोषसिद्धि टिकाऊ सबूतों पर आधारित नहीं है। नतीजतन, सभी आरोपी बरी कर दिए गए। यह काफी हैरतअंगेज है कि अभियोजन एजेंसियों की नाकामी एक नहीं, बल्कि दोनों मामलों में उजागर हुई। यह केवल प्रशासनिक गलती नहीं है, बल्कि सांविधानिक जिम्मेदारी का उल्लंघन है, जिसने न सिर्फ पीड़ितों और उनके परिवारों, बल्कि आम जनता का भी भरोसा तोड़ दिया है।

हमारी व्यवस्था में अक्सर मुकदमे न्याय दिलाने के बजाय प्रचार का साधन बन जाते हैं। मीडिया रिपोर्टें तथ्यात्मक जांच के बजाय आरोपियों की पहचान या राजनीतिक संवेदनशीलता पर केंद्रित रहती हैं। इससे जांचकर्ताओं और अभियोजकों के लिए एक सुविधाजनक माहौल बनता है, जो लापरवाही और टालमटोल को बढ़ावा देता है। इस लापरवाही और टालमटोल का अंदाजा मालेगांव बम विस्फोट के मामले के उस जबर्दस्त नाटकीय मोड़ से लगाया जा सकता है, जो एटीएस की तफ्तीश खत्म होने के वर्षों बाद आया था। 2011 में इसकी जांच राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी यानी एनआईए को सौंपी गई थी। दो साल बाद 2013 में एजेंसी ने एक और आरोप पत्र दाखिल किया, जिसमें नए अभियुक्त कटघरे में खड़े कर दिए गए। इस बार धमाकों के तार एक दक्षिणपंथी उग्रवादी समूह से जोड़े गए थे। कहना न होगा कि इस प्रकरण के अदालत में औंधे मुंह गिरने में इस तथ्य का भी अच्छा खासा योगदान था। मजेदार बात यह है कि दोनों हादसों के दौरान केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। मालेगांव के आरोपी सात से नौ साल जेल में रहे, फिर जमानत पर बाहर आए। बाहर आने के बाद एक ने चुनाव लड़ा और सांसद बना, दूसरा फिर से भारतीय सेना में शामिल हुआ, और बाकी सब अपनी जिंदगी सामान्य रूप से जीने लगे। इसके विपरीत, मुंबई मामले के आरोपी 2006 से लेकर बरी होने तक लगभग बीस साल जेल में रहे। यह असमानता हमारी न्याय व्यवस्था की निष्पक्षता और जवाबदेही को संदेह और अविश्वसनीयता के कटघरे में खड़ा करती है।

राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी इन मामलों में विरोधाभास दिखाती हैं। मुंबई मामले में राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले के दिन ही सुप्रीम कोर्ट में अपील की और राहत भी मिली। लेकिन मालेगांव मामले में मुख्यमंत्री ने उसी दिन बयान देकर आरोपियों को निर्दोष घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने उन्हें झूठे आरोपों में फंसाया था, क्योंकि वे एक विशेष समूह से जुड़े थे। इस दौरान उन्होंने मुंबई लोकल ट्रेन बम धमाकों के तथ्यों को नजरअंदाज कर दिया। मुंबई मामले में अपील करने और असली अपराधियों को पकड़ने की प्रतिबद्धता दिखाई गई थी, लेकिन मालेगांव मामले में सरकार ने कुछ ही घंटों में आरोपियों को पूरी तरह माफ कर दिया। ये साफ असमानताएं हमारी न्याय व्यवस्था की निष्पक्षता, स्थिरता और जवाबदेही पर गंभीर सवाल उठाती हैं।

न्याय चुनिंदा नहीं हो सकता। आरोपियों को बिना जवाबदेही के लंबे समय तक जेल में रखना उचित नहीं है। न्याय इस पर निर्भर नहीं कर सकता कि पीड़ित कौन है या आरोपी किस धार्मिक या राजनीतिक समूह से जुड़ा है। जब तक हमारी जांच एजेंसियों को जवाबदेह नहीं बनाया जाएगा, तब तक ऐसी विफलताएं होती रहेंगी और पीड़ितों को समय पर उचित न्याय नहीं मिलेगा।

जांचकर्ताओं को समझना होगा कि दोष केवल ठोस और कानूनी रूप से स्वीकार्य सबूतों से ही साबित किया जा सकता है। अदालतें जांच की गलतियों के प्रति सहानुभूति नहीं दिखा सकतीं। वे सांविधानिक आदेशों और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा तय मानकों से बंधी हैं। अदालतें सबूतों का स्तर गिराकर कमजोर मामलों को स्वीकार नहीं कर सकतीं और न ही करना चाहिए।

edit@amarujala.com

## जीवन धारा



**खलील जिब्रान**

**प्रेम की खासियत यह है कि वह मनुष्य को पूर्ण नहीं करता, बल्कि उसे अपूर्णता का बोध कराता है। यही बोध उसे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है, क्योंकि प्रेम में व्यक्ति जितना देता है, उतना ही वह स्वयं को खोजता भी है।**

## प्रेम का अर्थ विस्तार है न कि अधिकार

*__प्रेम__ उस शाश्वत स्वरूप की तरह है, जो मानव हृदय की गहराई में उतरकर उसे नया जीवन देता है। इसलिए, प्रेम जब भी पुकारे, तो उसके पीछे हो लेना चाहिए, भले ही उसके मार्ग कठिन और दुर्गम क्यों न हों। प्रेम व्यक्ति को अपने अधिकार में नहीं लेता, बल्कि उसे मुक्त करता है, क्योंकि प्रेम का स्वभाव बंधन नहीं, विस्तार है। यह विस्तार ही जीवन का सच्चा सौंदर्य बनता है। इसलिए, प्रेम के पंख जब आलिंगन करें, तो स्वयं को उसे सौंप देना चाहिए। प्रेम रूपी साधना में सुख और पीड़ा, दोनों साथ चलते हैं, क्योंकि प्रेम केवल आनंद देने के लिए नहीं आता, बल्कि आत्मा को तराशने के लिए भी आता है। जिस प्रकार वृक्ष अपने बीज को मिट्टी में दबाकर ही अंकुरित होता है, ठीक उसी तरह मनुष्य को भी अपने अहंकार को छोड़कर ही प्रेम के वास्तविक अर्थ को समझना पड़ता है। जब कोई प्रेम करता है, तब वह अपने भीतर की अनेक परतों को खोलता है और इसी से उसकी सच्ची पहचान जन्म लेती है। सच्चा प्रेम न तो किसी का स्वामित्व स्वीकार करता है और न ही स्वयं किसी का दास बनता है। वह दो आत्माओं के बीच एक ऐसा सेतु है, जहां दोनों अपनी स्वतंत्रता को बनाए रखते हुए एक-दूसरे के साथ चलते हैं। प्रेम का अर्थ यह नहीं कि दो लोग एक ही हो जाएं, बल्कि यह है कि वे अलग-अलग रहते हुए भी एक ही दिशा में आगे बढ़ें और एक-दूसरे के जीवन को समृद्ध करें। इस प्रकार प्रेम में दूरी भी आवश्यक है, क्योंकि यही दूरी निकटता को अर्थ देती है और यही संतुलन संबंधों को स्थायी बनाता है।*



*प्रेम की खासियत यह है कि वह मनुष्य को पूर्ण नहीं करता, बल्कि उसे अपूर्णता का बोध कराता है। यही बोध उसे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है, क्योंकि प्रेम में व्यक्ति जितना देता है, उतना ही वह स्वयं को खोजता भी है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें पाने की इच्छा धीरे-धीरे देने के आनंद में बदल जाती है और यही परिवर्तन प्रेम को आध्यात्मिक ऊंचाई तक ले जाता है। यह एक सतत प्रवाह है, जो बिना किसी अपेक्षा के बहता रहता है और इसी बहाव में जीवन का संगीत छिपा होता है। प्रेम का स्वभाव अनंत है और इसे किसी परिभाषा में नहीं समेटा जा सकता। इसलिए, जब कोई मनुष्य उसे समझने के बजाय नियंत्रित करने की कोशिश करता है, तब वह उसके सार से दूर हो जाता है। प्रेम को महसूस करने के लिए खुला हृदय चाहिए। इसी खुलेपन से होकर प्रेम भीतर प्रवेश करता है और जीवन को एक नई दिशा देता है।*

*दरअसल, प्रेम एक ऐसी अनुभूति है, जो मनुष्य को स्वयं से जोड़ती है और उसे यह समझने में मदद करती है कि वह केवल एक शरीर नहीं, बल्कि एक व्यापक चेतना का हिस्सा है। जब व्यक्ति इस सत्य को स्वीकार करता है, तब उसका प्रेम सीमित नहीं रहता, बल्कि वह समस्त सृष्टि तक फैल जाता है और यही विस्तार जीवन का सर्वोच्च अनुभव बन जाता है।*

*-द प्रोफेट के अनूदित अंश*

### अपेक्षाओं से ऊपर उठें

**सूत्र**

*प्रेम को महसूस करने की कला सीखें। प्रेम हमें बांधता नहीं, बल्कि भीतर से विस्तृत करता है और हमें स्वयं से मिलाता है। जब हम अपेक्षाओं को छोड़कर देने का आनंद सीखते हैं, तभी प्रेम अपनी सच्ची शक्ति दिखाता है। इसमें सुख और पीड़ा, दोनों शिक्षक बनकर आते हैं, जो हमारे अहंकार को तोड़कर आत्मा को निखारते हैं।*

## दूसरा पहलू

हमारी कल्पना नई गतिविधि उत्पन्न करने के बजाय पहले से चल रही गतिविधि को नियंत्रित या शांत करने का काम करती है।

## हम कल्पना कैसे करते हैं

**हमारा** दिमाग शरीर की कुल ऊर्जा का लगभग पांचवां हिस्सा उपयोग करता है, पर हैरानी की बात यह है कि इस ऊर्जा का बहुत छोटा भाग ही उन कार्यों में लगता है, जिन्हें हम सचेत रूप से करते हैं-जैसे पढ़ना या शरीर का भार महसूस करना। दिमाग की करीब 99 फीसदी ऊर्जा उन आंतरिक गतिविधियों में खर्च होती है, जो हमें महसूस नहीं होतीं।

*साइकोलॉजिकल रिव्यू* में प्रकाशित एक शोध के अनुसार, हमारी कल्पना नई गतिविधि उत्पन्न करने के बजाय पहले से चल रही गतिविधि को नियंत्रित या शांत करने का काम करती है। देखने की प्रक्रिया में, आंखों में प्रवेश करने वाली रोशनी तंत्रिका संकेतों को सक्रिय करती है, जो दिमाग के विभिन्न हिस्सों से गुजरते हुए जटिल आकृतियों और संपूर्ण दृश्यों का निर्माण करते हैं। इस प्रक्रिया को 'फीडफॉरवर्ड गतिविधि' कहा जाता है। इसके विपरीत, दृश्य-कल्पना इसी प्रक्रिया का उल्टा रूप है। इसमें कोई बाहरी रोशनी नहीं होती, बल्कि एक अमूर्त विचार-जैसे किसी व्यक्ति की याद-दिमाग के ऊपरी हिस्सों से शुरू होकर नीचे की ओर दृष्टि (विजुअल) क्षेत्रों तक पहुंचता है। वहां यह विभिन्न विशेषताओं को जोड़कर एक छवि का निर्माण करता है। इस प्रक्रिया को 'फीडबैक गतिविधि' कहते हैं। दिलचस्प यह है कि आंखें बंद होने पर भी दिमाग के दृश्य से जुड़े (विजुअल) हिस्से सक्रिय रहते हैं और बिल्कुल वास्तविक लगने वाले पैटर्न बनाते हैं। यानी कल्पना को कुछ नया बनाने की आवश्यकता नहीं होती। वैज्ञानिक प्रयोग यह भी दिखाते हैं कि दिमाग में बहुत छोटे बदलाव भी व्यवहार को प्रभावित कर सकते हैं। विभिन्न शोधों के अनुसार, जब लोग कल्पना करते हैं, तो न्यूरॉन्स की गतिविधि बढ़ने के बजाय घटती है। इसी संदर्भ में 'अफेंटेसिया' (जहां व्यक्ति मानसिक चित्र नहीं बना पाता) और 'हाइपरफैंटेसिया' (जहां चित्र अत्यंत स्पष्ट होते हैं) जैसी स्थितियां सामने आती हैं। जिन लोगों की कल्पना कमजोर होती है, उनके विजुअल क्षेत्र अधिक संवेदनशील होते हैं, जिससे स्थिर चित्र बनाना कठिन हो जाता है।



**थॉमस पेस**

जिन लोगों की कल्पना कमजोर होती है, उनके विजुअल क्षेत्र अधिक संवेदनशील होते हैं, जिससे स्थिर चित्र बनाना कठिन हो जाता है।



कल्पना करते वक्त न्यूरॉन्स की गतिविधि बढ़ने के बजाय घटती है। ऐसे में 'अफेंटेसिया' (व्यक्ति मानसिक चित्र नहीं बना पाता) और 'हाइपरफैंटेसिया' (चित्र अत्यंत स्पष्ट होते हैं) जैसी स्थितियां पैदा होती हैं।

इन निष्कर्षों के आधार पर 'सहज गतिविधि पुनर्गठन परिकल्पना' दी गई है, जिसके अनुसार कल्पना दिमाग की पहले से चल रही गतिविधियों को नया रूप देती है। यही कारण है कि कल्पना करना प्रत्यक्ष देखने जैसा स्पष्ट नहीं होता और हम दोनों में आसानी से फर्क कर पाते हैं।

*-साथ में रोजर कोएनिग-रॉबर्ट (द कन्वर्सेशन)*

## आंकड़े

### स्वच्छ ऊर्जा

2024 से 2025 के बीच स्वच्छ (कम-कार्बन) बिजली उत्पादन में 887 टेरावाट-घंटे की वृद्धि हुई, जबकि जीवाश्म ईंधन-आधारित उत्पादन में गिरावट आई।

| | |
|---|---|
| सौर ऊर्जा | 636 |
| पवन ऊर्जा | 205 |
| नाभिकीय ऊर्जा | 35 |
| अन्य | 11 |
| जीवाश्म ईंधन | -34 |

आंकड़े बिजली उत्पादन में परिवर्तन के, टेरावाट-घंटे में | स्रोत : ग्लोबल इलेक्ट्रिसिटी रिव्यू 2026

महर्षि दुर्वासा के शाप के कारण सांब को कुष्ठ रोग हो गया। श्रीकृष्ण ने उन्हें सूर्य देव की शरण में जाने का परामर्श दिया। सूर्य उपासना से वह पूर्णतः स्वस्थ हो गए।

## सूर्य उपासना का चमत्कार

**पौराणिक** आख्यानों के अनुसार, भगवान कृष्ण और जामवंती के पुत्र का नाम सांब था। वह अत्यंत रूपवान और पराक्रमी थे, किंतु अपने रूप के अहंकार और चंचलता के कारण उन्होंने एक बार महर्षि दुर्वासा का उपहास कर दिया। महर्षि दुर्वासा के शाप के कारण सांब को कुष्ठ रोग हो गया। उनका दिव्य शरीर धीरे-धीरे गलने लगा और वह अत्यंत पीड़ा में रहने लगे।

जब सांब अपनी व्याधि से मुक्ति के लिए व्याकुल हुए, तब श्रीकृष्ण ने उन्हें सूर्य देव की शरण में जाने का परामर्श दिया। उन्होंने बताया कि सूर्य देव आरोग्य और प्रकाश के दाता हैं। सांब ने पिता की आज्ञा शिरोधार्य की और चंद्रभागा नदी (वर्तमान में चिनाब) के तट पर स्थित मित्रवन में जाकर बारह वर्षों तक सूर्य देव की कठोर आराधना की।



**अंतर्यात्रा**
संकलित

उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान सूर्य प्रकट हुए। उन्होंने सांब को दर्शन दिए और अपने तेज से उन्हें पूर्णतः स्वस्थ कर दिया। उनका शरीर पहले की भांति स्वर्ण के समान देदीप्यमान हो गया।

कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए, सांब ने चंद्रभागा नदी में स्नान किया, जहां उन्हें सूर्य देव की एक प्रतिमा प्राप्त हुई। सांब ने इसी स्थान पर एक भव्य सूर्य मंदिर का निर्माण कराया।

## अमर उजाला

**पुराने पन्नों से** — 29 अप्रैल, 1979

### अखबारों पर दबाव डालकर काम कराने का आरोप



प्रेस के कटहरे में सरकार

नई दिल्ली, २८ अप्रैल। देश के दो प्रमुख सम्पादकों और दो प्रबन्धकों ने आज जनता सरकार पर आरोप लगाया कि अखबारों पर दबाव डाल कर काम करवाने में उसका रवैया वही है जो पिछली सरकार का था। अखिल भारतीय समाचार पत्र सम्पादक सम्मेलन की एक विचार गोष्ठी में लगाये गये इस आरोप का

**देश के दो प्रमुख संपादकों और दो प्रबंधकों ने जनता पार्टी सरकार पर आरोप लगाया कि अखबारों पर दबाव डालकर काम करवाने में उसका रवैया भी पिछली सरकारों जैसा ही है। हालांकि, सरकार ने इस आरोप का खंडन किया।**

# अतीत का बोझ और संबंधों की राह



**भारत और बांग्लादेश एक ऐसे मोड़ पर खड़े हैं, जहां सावधानी किसी कमजोरी का नहीं, बल्कि एक सोची-समझी रणनीतिक जरूरत का संकेत है।**

**केएस तोमर** | **मुद्दा**

भारत और बांग्लादेश के बीच विकसित हो रहे संबंधों में, किसी नाटकीय कूटनीतिक उपलब्धि के बजाय, एक सावधानीपूर्ण और लगभग शांत पुनर्समायोजन दिखाई देता है। तनाव के दौर के बाद, ऐसा लगता है कि दोनों पक्षों ने 'शांत कूटनीति' की रणनीति अपना ली है, जिसमें वे केवल बयानबाजी करने के बजाय, धीरे-धीरे आपसी विश्वास बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं।

तारिक रहमान के करीबी सहयोगियों की हालिया यात्रा, जिसे जान-बूझकर 'आधिकारिक बातचीत' के बजाय 'सद्भावना मिशन' का नाम दिया गया, दर्शाती है कि संदेह के अतीत के बोझ से दबे रिश्तों को सुधारने के लिए धैर्य की आवश्यकता होती है, न कि दिखावे की। यह सोची-समझी रणनीति संकेत है कि दोनों देश एक-दूसरे के रणनीतिक महत्व को भली-भांति पहचानते हैं, भले ही उन्हें आंतरिक और भू-राजनीतिक दबावों से निपटना पड़



रहा हो। दोनों देश केवल पड़ोसी नहीं, बल्कि बदलते एशियाई परिदृश्य में एक-दूसरे पर निर्भर अहम साझेदार हैं। नई दिल्ली के लिए ढाका उसकी 'पूर्वी पड़ोस नीति', क्षेत्रीय कनेक्टिविटी की योजनाओं और पूर्वोत्तर भारत की सुरक्षा रणनीति का केंद्रीय हिस्सा है। वहीं, बांग्लादेश के लिए भारत सबसे बड़ा पड़ोसी होने के साथ एक महत्वपूर्ण आर्थिक भागीदार व भौगोलिक रूप से दुनिया तक पहुंच का प्रमुख द्वार भी है। हालांकि, अब दोनों के रिश्ते को नई पीढ़ी, बदलते राजनीतिक नेतृत्व और नई भू-राजनीतिक परिस्थितियों के अनुरूप ढालना जरूरी हो गया है। ढाका द्वारा 'समानता, निष्पक्षता और आपसी सम्मान' पर दिया जा रहा जोर संकेत है कि वह पुराने असंतुलन वाली धारणा से आगे बढ़ना चाहता है। भारत के सामने गंभीर चुनौतियां हैं, जिनमें सबसे बड़ी चिंता सुरक्षा को लेकर है। कट्टरपंथी संगठनों के फिर से सक्रिय होने की आशंका चिंता बढ़ा रही है। सीमा पार आतंक, विद्रोह और हथियारों की तस्करी के प्रति संवेदनशील भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र किसी नई अस्थिरता का जोखिम नहीं उठा सकता। एक और बड़ी चुनौती भारत की घरेलू राजनीति है। अवैध प्रवासन को लेकर बार-बार उठने वाले मुद्दे और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न की धारणा को राजनीतिक रूप से उछालना, ढाका में असंतोष पैदा करता है। सीमावर्ती राज्यों में चुनावी माहौल के दौरान यह बयानबाजी तेज हो जाती है, जिससे अविश्वास बढ़ता है और कूटनीतिक प्रयासों को नुकसान पहुंच सकता है।

बांग्लादेश की राह भी आसान नहीं है। शेख हसीना के नेतृत्व वाली पिछली सरकार ने भारत के साथ मजबूत तालमेल बनाया था, पर अब वही विरासत 'बांग्लादेश फर्स्ट' की नीति के तहत एक अधिक मुखर और आत्मकेंद्रित विदेश नीति में बदलती दिख रही है। पाकिस्तान के साथ ढाका का संपर्क और जमात-ए-इस्लामी बांग्लादेश जैसे समूहों की सक्रियता ने राजनीतिक समीकरण को और जटिल बना दिया है। बांग्लादेश को कुछ बेहद संवेदनशील मुद्दों को भी सावधानी से संभालना होगा, जिनमें भारत में शेख हसीना की मौजूदगी सबसे अहम है। भारत के साथ व्यावहारिक संबंध बनाए रखते हुए इस स्थिति में संतुलन बनाना बांग्लादेश के नेतृत्व की परिपक्वता की असली कसौटी होगी। ढाका ने स्पष्ट किया है कि वह किसी एक देश के साथ विशेष सुरक्षा गठबंधन में नहीं बंधेगा, फिर भी बीजिंग के साथ उसका आर्थिक रिश्ता मजबूत बना हुआ है। ऐसे में, भारत के साथ स्थिर संबंध बांग्लादेश को रणनीतिक लचीलापन देते हैं, जिससे वह किसी एक बाहरी ताकत पर पूरी तरह निर्भर होने से बच सकता है।

भारत और बांग्लादेश के बीच सहयोग बढ़ने से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी-जैसे व्यापारिक गलियारे और ऊर्जा नेटवर्क-को नई गति मिल सकती है, जो दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया के आर्थिक प्रवाह को नया आकार देगी। भारत के नजरिये से देखें तो, एक मित्रवत और सहयोगी बांग्लादेश उसकी पूर्वी सीमाओं को सुरक्षित बनाता है, पूर्वोत्तर राज्यों के साथ कनेक्टिविटी को आसान करता है और क्षेत्रीय स्तर पर उसके प्रभाव को मजबूत करता है। दोनों देशों को एक ऐसी नई सोच अपनाने से फायदा होगा, जो संदेह और समय-समय पर उभरने वाले तनावों के बजाय आपसी सम्मान और व्यावहारिक सहयोग पर आधारित हो।

दोनों देशों के संबंध इस समय एक ऐसे मोड़ पर खड़े हैं, जहां सावधानी किसी कमजोरी का नहीं, बल्कि एक सोची-समझी रणनीतिक जरूरत का संकेत है। अगर दोनों देश दूरदृष्टि और संयम के साथ अपनी-अपनी चुनौतियों का सामना करते हैं, तो यही सतर्क और धीमी प्रगति एक मजबूत और भरोसेमंद साझेदारी में बदल सकती है।

पेंशन प्रणाली को और सुलभ बनाने के लिए पीएफआरडीए व एनपीसीआई में करार

# यूपीआई से अब एक क्लिक में खुलेगा एनपीएस खाता, पेंशन की राह आसान

शुभम शंखधर

**नई दिल्ली।** भारत में डिजिटल क्रांति अब सिर्फ भुगतान तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह लोगों के भविष्य को सुरक्षित करने के रास्ते भी आसान बना रही है। आने वाले समय में आपको यूपीआई के जरिये बस एक क्लिक में एनपीएस खाता भी खोलने की सुविधा मिलेगी।

पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने इस दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के साथ मिलकर राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) को और अधिक सुलभ बनाने की पहल की है। इसके तहत एनपीएस भीम इंटरफेस के जरिये एनपीएस खाता खोल सकेंगे। यह प्रक्रिया उतनी ही आसान होगी, जितना मोबाइल फोन से भुगतान।

एनपीएस खाता खोलने के लिए अभी तक कागजी प्रक्रिया, दस्तावेज, सत्यापन और समय की जरूरत होती थी, अब यह पूरा काम कुछ सेकंड में संभव होगा। एनपीएस भीम के जरिये एक क्लिक पर एनपीएस खाता खोलने की सुविधा न सिर्फ शहरी बल्कि ग्रामीण भारत के लिए भी गेमचेंजर साबित हो सकती है। इसके साथ ही, एनपीएस धारकों के लिए पेंशन की राहत काफी आसान हो जाएगी।



**वित्तीय समावेशन को नई ऊंचाई**

यूपीआई के जरिये एनपीएस खाता खोलने की पहल वित्तीय समावेशन को एक नई ऊंचाई देगी, जहां हर व्यक्ति अपने भविष्य की योजना खुद बना सकेगा। -एस रमन, चेयरमैन, पीएफआरडीए

**सुविधा अगले महीने से...**पीएफआरडीए के चेयरमैन एस रमन ने अमर उजाला बोनस से विशेष बातचीत में बताया, जिस तरह फिनटेक एप्स ने म्यूचुअल फंड और शेयर बाजार में निवेश को सरल बनाया है, उसी तरह अब एनपीएस को भी आम आदमी तक पहुंचाना लक्ष्य है। अगले एक महीने में यह सुविधा शुरू हो जाएगी, जिससे देश के दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले लोग भी बिना किसी झंझट के रिटायरमेंट प्लानिंग की दिशा में कदम बढ़ा सकेंगे।

**आसान होगी खाता खोलने की प्रक्रिया**

**पीएफआरडीए प्रमुख ने बताया, भीम एप के जरिये एनपीएस खाता खोलने की प्रक्रिया बेहद सहज है।** जैसे ही आप एनपीएस भीम पर लॉग इन करेंगे, आपको एनपीएस खाता खोलने का विकल्प मिलेगा।

- कुछ बुनियादी जानकारी-जैसे जन्म तिथि, पैन एवं मोबाइल नंबर दर्ज करने के बाद केवाईसी प्रक्रिया पूरी हो जाएगी और आपका एनपीएस खाता खुल जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया डिजिटल, तेज और सुरक्षित होगी।
- **यूपीआई के जरिये एनपीएस खाता खोलने की सुविधा से सबसे बड़ा बदलाव यह आएगा कि निवेश की बाधाएं लगभग समाप्त हो जाएंगी।** अब न तो लंबी प्रक्रिया का डर होगा और न ही किसी मध्यस्थ पर निर्भरता।

**वितरण के लिए बीएसई स्टार से करार**

**पीएफआरडीए ने एनपीएस के वितरण के लिए बीएसई स्टार से भी हाथ मिलाया है।** बीएसई स्टार एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जहां वितरक और निवेशक म्यूचुअल फंड की खरीद, बिक्री और ट्रांजेक्शन आसानी से कर सकते हैं।

- अब एनपीएस बीएसई स्टार पर एनपीएस में निवेश की भी सुविधा मिलेगी।

# क्रूड तीन फीसदी चढ़कर 111 डॉलर पार, रुपया 53 पैसे टूटा

## पश्चिम एशिया संकट के बीच यूएई के ओपेक से अलग होने की घोषणा से वैश्विक क्रूड बाजार में हलचल

**लंदन/मुंबई।** पश्चिम एशिया में जंग खत्म करने की रुकी कोशिशों के बीच संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के तेल उत्पादक देशों के समूह ओपेक एवं ओपेक प्लस से अलग होने की घोषणा ने वैश्विक क्रूड बाजार में हलचल पैदा कर दी। इससे कच्चे तेल की कीमतें मंगलवार को तीन फीसदी से ज्यादा उछल गईं। हालांकि, यूएई के ओपेक से दशकों पुराना नाता तोड़ने की घोषणा से पूर्व कच्चा तेल करीब चार फीसदी चढ़कर 112 डॉलर के पार पहुंच गया था। लेकिन, इस घोषणा के बाद कीमतों में मामूली गिरावट आई और वैश्विक मानक ब्रेंट क्रूड 3.37 डॉलर या 3.1 फीसदी की बढ़त के साथ 111.60 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 3.72 डॉलर या 3.7 फीसदी उछलकर 100.09 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। **क्रूड में उबाल से डॉलर के मुकाबले रुपया भी 53 पैसे टूटकर 94.68 पर बंद हुआ।** एजेंसी



**क्रूड में लगातार सात दिनों से तेजी**

*पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतों में लगातार सात दिनों में तेजी जारी है। कारोबार के दौरान ब्रेंट क्रूड की कीमतें बढ़कर 7 अप्रैल, 2026 के बाद के उच्च स्तर पर पहुंच गईं। डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 13 अप्रैल के बाद पहली बार 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया।*

**यूएई के बाहर होने के फैसले से वैश्विक उत्पादन में और घटेगा ओपेक का हिस्सा**

यूएई के बाहर निकलने का फैसला यह बताता है कि ओपेक अब उतना एकजुट नहीं रहा। ऐसे में कच्चे तेल की कीमतों में और उछाल देखा जा सकता है। 111 डॉलर पर खड़ा ब्रेंट क्रूड अब 120-130 डॉलर प्रति बैरल की ओर भाग सकता है।

- *अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी का कहना है कि ओपेक की वैश्विक तेल उत्पादन में हिस्सेदारी फरवरी के 48 फीसदी से घटकर मार्च में 44 फीसदी रह गई। यूएई के बाहर निकलने से अप्रैल में भी ओपेक के उत्पादन में गिरावट आ सकती है।*
- **पूंजी निकासी से भी रुपये में गिरावट :** क्रूड में उछाल के अलावा विदेशी पूंजी निकासी से भी मंगलवार को रुपये में गिरावट आई। विदेशी निवेशक इस साल 19 अरब डॉलर से अधिक निकाल चुके हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.35 पर खुला।

# चांदी 6,500 रुपये सस्ती, सोना 1.15 फीसदी फिसला

## बढ़ती ऊर्जा कीमतों और अमेरिकी डॉलर में मजबूती से बहुमूल्य धातुओं में बड़ी गिरावट

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और अमेरिकी डॉलर में मजबूती से मंगलवार को चांदी एवं सोने की कीमतों में बड़ी गिरावट आई। दिल्ली सराफा बाजार में चांदी 6,500 रुपये या करीब तीन फीसदी सस्ती होकर 2,44,000 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव बंद हुई। सोने में भी 1,800 रुपये या 1.15 फीसदी की गिरावट आई और यह 1,54,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ।



एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, बढ़ती ऊर्जा कीमतों ने महंगाई की चिंताओं को बढ़ा दिया और लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरों के बने रहने के अनुमान को और मजबूत कर दिया। इससे मंगलवार को सोने की कीमतें तीन सप्ताह के निचले स्तर पर आ गईं। विदेशी बाजार में सोने में 2.04 फीसदी गिरावट रही। एजेंसी

**बैंक, वित्तीय एवं वाहन शेयरों में भारी गिरावट से सेंसेक्स 416.72 अंक टूटा**



कच्चे तेल में तेज उछाल और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के दबाव में मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही। बैंक, वित्तीय एवं वाहन कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट से मानक सूचकांक नुकसान में रहे। सेंसेक्स 416.72 अंक गिरकर 76,886.91 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 97 अंक टूटकर 23,995.70 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 19 शेयर गिरावट में रहे। एक्सिस बैंक सबसे ज्यादा 2.65 फीसदी नुकसान में बंद हुआ।

**न्यूज डायरी**

**25 लाख टन गेहूं निर्यात का फैसला अधिसूचित**

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय की इकाई डीजीएफटी ने 25 लाख टन गेहूं के निर्यात की अनुमति देने के सरकार के फैसले को अधिसूचित कर दिया है। केंद्र ने 20 अप्रैल को अच्छी फसल की संभावना के बीच भंडार की आरामदायक स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त 25 लाख टन गेहूं के निर्यात की अनुमति दी थी। इसके साथ ही, कुल 50 लाख टन गेहूं और 10 लाख टन गेहूं उत्पादों के निर्यात की अनुमति मिल गई है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने कहा, गेहूं निर्यात नीति प्रतिबंधित बनी रहेगी। एजेंसी

**आरईसी को रिकॉर्ड 16,282 करोड़ मुनाफा**

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी आरईसी लि. का वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान शुद्ध मुनाफा बढ़कर रिकॉर्ड 16,282 करोड़ रुपये पहुंच गया। मुश्किल आर्थिक हालात और वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। कंपनी ने एक बयान में कहा, सतत वृद्धि पर लगातार फोकस के नतीजे दिखाई दे रहे हैं। एसेट क्वालिटी से समझौता किए गए बिना कंपनी ने लोन बुक में 17,000 करोड़ की वृद्धि दर्ज की है। कंपनी के ब्रोर्ड ने प्रति शेयर 18.55 रुपये लाभांश देने की घोषणा की है। ब्यूरो

# रिकॉर्ड बिक्री के बाद भी मारुति का शुद्ध लाभ 6.45 फीसदी घटा

**नई दिल्ली।** वाहनों की रिकॉर्ड बिक्री के बावजूद मारुति सुजुकी इंडिया का एकीकृत शुद्ध लाभ 2025-26 की चौथी तिमाही में 6.45 फीसदी घटकर 3,659 करोड़ रुपये रह गया।

कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजारों को बताया, मार्क-टू-मार्केट प्रभाव के कारण शुद्ध मुनाफे में गिरावट आई है। गैर-परिचालन आय में कमी और बॉन्ड यील्ड में बदलाव के कारण हुआ काल्पनिक नुकसान भी इसकी वजह रहा, जिसकी भरपाई बाद के चरण में की जा सकती है। जानकारी के मुताबिक, मारुति की परिचालन आय 28.2 फीसदी बढ़कर 52,462.5 करोड़ पहुंच गई। चौथी तिमाही में कंपनी ने रिकॉर्ड 6,76,209 वाहन बेचे, जो सालाना आधार पर 11.8 फीसदी अधिक है। निर्यात भी बढ़कर 1,37,215 इकाई के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। कंपनी बोर्ड ने शेयरधारकों को 2025-26 के लिए 140 रुपये का अंतिम लाभांश देने की घोषणा की है। एजेंसी

**देगी 140 रुपये लाभांश**




# एसईजेड : घरेलू क्षेत्र में आए माल निर्यात पर मिलेगा रिफंड

**नई दिल्ली।** सरकार ने स्पष्ट किया है कि विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) में स्थित इकाइयों से घरेलू क्षेत्र में शुल्क देकर भेजे गए माल को बाद में निर्यात करने की स्थिति में आयातित उत्पाद माना जाएगा। उस पर भी शुल्क वापसी (ड्यूटी ड्रॉबैक) का लाभ मिलेगा।

सीबीआईसी ने सीमा शुल्क अधिकारियों को जारी निर्देश में कहा, कुछ क्षेत्रीय कार्यालयों में एसईजेड से डीटीए में भेजे गए माल को आयात नहीं माना जा रहा था, जिससे ड्यूटी ड्रॉबैक के दावे अस्वीकार किए जा रहे थे। इसी असमानता को दूर करने के लिए यह स्पष्टीकरण जारी किया गया है। एजेंसी

# औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि पांच महीने के निचले स्तर पर, विनिर्माण-बिजली क्षेत्र का खराब प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर मार्च, 2026 में घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.1 फीसदी पर आ गई। पश्चिम एशिया संकट के बीच विनिर्माण और बिजली क्षेत्र के कमजोर प्रदर्शन से यह गिरावट आई है। इससे पूर्व पिछले साल अक्तूबर में औद्योगिक उत्पादन के बढ़ने की रफ्तार सबसे कम 0.5 फीसदी रही थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों के मुताबिक, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार पर मार्च, 2025 में औद्योगिक उत्पादन 3.9 फीसदी बढ़ा था। इसके साथ ही, फरवरी, 2026 के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर को संशोधित कर 5.1 फीसदी कर दिया गया है, जो पहले जारी अनुमान 5.2 फीसदी से थोड़ा कम है।



आंकड़ों के मुताबिक, विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर मार्च में 4.3 फीसदी रही, जो पिछले साल की समान अवधि के चार फीसदी की तुलना में मामूली सुधार है, लेकिन कुल मिलाकर यह सुस्त बनी हुई है। हालांकि, विनिर्माण क्षेत्र के 23 में से 14 उद्योग समूहों ने मार्च, 2025 की तुलना में बीते माह सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है। बिजली उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 0.8 फीसदी रह गई, जो एक साल पहले 7.5 फीसदी थी। इस गिरावट से कुल औद्योगिक वृद्धि पर दबाव पड़ा। हालांकि, खनन क्षेत्र का प्रदर्शन बेहतर रहा और इसमें 5.5 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। एक साल पहले की समान अवधि में खनन क्षेत्र की वृद्धि दर सिर्फ 1.2 फीसदी रही थी। वित्त वर्ष 2025-26 की पूरी अवधि के दौरान देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 4.1 फीसदी के साथ स्थिर रही। ब्यूरो

# अधिकतम बिजली मांग दूसरी बार 256 गीगावाट के करीब

**नई दिल्ली।** देश में भीषण गर्मी के बीच बिजली की अधिकतम मांग लगातार दूसरी बार रिकॉर्ड 256 गीगावाट के करीब पहुंच गई। एयर कंडीशनर और डेजर्ट कूलर जैसे उपकरणों के बढ़ते इस्तेमाल से बिजली की मांग बढ़ी है।

ऊर्जा मंत्रालय के मुताबिक, सोमवार को अधिकतम बिजली मांग 255.85 गीगावाट पहुंच गई। इस महीने के दूसरे पखवाड़े में मांग तेजी से बढ़नी शुरू हुई और 24 अप्रैल को 252.07 गीगावाट एवं 25 अप्रैल को 256.11 गीगावाट के पार पहुंच गई। हालांकि, 26 अप्रैल को अधिकतर प्रतिष्ठान बंद रहने से मांग घटकर 238.15 गीगावाट रह गई। एजेंसी

**देश-दुनिया**

# ऑस्ट्रेलिया लगाएगा मेटा, गूगल और टिकटॉक पर टैक्स

## समाचार कक्षों को वित्त पोषित करने की दिशा में पेश होगा मसौदा विधेयक

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया ने डिजिटल दिग्गज मेटा, गूगल और टिकटॉक पर उनके राजस्व का एक हिस्सा कर के रूप में लगाने का प्रस्ताव रखा है, ताकि समाचार पत्रकारों को भुगतान किया जा सके। सरकार ने मंगलवार को मसौदा विधेयक जारी किया। इसे वह 2 जुलाई तक संसद में पेश करना चाहती है। इस विधेयक के तहत सोशल मीडिया कंपनियों को समाचार संगठनों के साथ पत्रकारिता के लिए भुगतान हेतु समझौते के वास्ते वित्तीय प्रोत्साहन दिया जाएगा।

ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बानीज ने कहा, पत्रकारों के काम का मौद्रिक मूल्य निर्धारित किया जाना चाहिए। अल्बानीज ने कहा, इसे केवल एक बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनी द्वारा ले लिया जाना और उस संगठन के लिए लाभ उत्पन्न करने के लिए उपयोग किया जाना उचित नहीं होना चाहिए, जबकि रचनात्मक सामग्री तैयार करने वाले लोगों को उचित मुआवजा न दिया जाए। वह बोले, पत्रकारिता में निवेश एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण है। उधर प्लेटफॉर्मों द्वारा की गई आलोचनाओं में बताया गया कि यह प्रस्ताव एक डिजिटल सेवा कर है जो विकसित हो रहे विज्ञापन उद्योग को गलत तरीके से समझता है। एजेंसी



**स्लैक का माइक्रोसॉफ्ट पर ब्रिटेन में मुकदमा**

**लंदन।** सेल्सफोर्स और उसके वर्कस्पेस मैसेजिंग एप स्लैक ने माइक्रोसॉफ्ट पर उसके टीम्स एप से जुड़े प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों के लिए लंदन के हाईकोर्ट में 23 अप्रैल को मुकदमा दायर किया है। स्लैक के प्रवक्ता ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट की गतिविधियों ने प्रतिस्पर्धा को क्षति पहुंचाई है, टीम्स को अन्य उत्पादों के साथ जोड़कर और बंडल बनाकर ग्राहकों के विकल्पों को सीमित किया गया है।

**दूसरा प्रयास :** ऑस्ट्रेलिया का यह दूसरा विधायी प्रयास है जिसके तहत प्लेटफॉर्मों को उनके उपयोगकर्ताओं द्वारा देखे जाने वाले ऑस्ट्रेलियाई समाचार पाठ व छवियों के लिए भुगतान करना होगा। 2021 में पारित कानून के तहत भुगतान हेतु ऑस्ट्रेलियाई समाचार प्रकाशकों के साथ समझौते का दबाव डाला गया था।

**सहमत हुए तो छूट पाएंगे :** प्रस्तावित समाचार सौदेबाजी प्रोत्साहन के तहत, समाचार प्रकाशकों के साथ व्यावसायिक समझौते न करने वाले प्रमुख प्लेटफार्मों को उनके ऑस्ट्रेलियाई राजस्व पर 2.25% कर देना होगा। सरकार ने कहा, यदि प्लेटफार्म प्रकाशकों को भुगतान पर सहमत होते हैं, तो उन्हें छूट दी जाएगी।

# वीडियो गेम्स से राजनीतिक गुस्से तक पहुंचा एलन का सफर

## ट्रंप पर हमले के आरोपी के सोशल मीडिया पोस्ट में दिखा बड़ा बदलाव

अमर उजाला नेटवर्क

**वॉशिंगटन।** व्हाइट हाउस कॉरेस्पॉन्डेंट्स डिनर के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हमले के आरोपी कोल टॉमस एलन के सोशल मीडिया पोस्ट अब जांच का एक बड़ा आधार बन गए हैं। शुरुआती वर्षों में वीडियो गेम्स और यूट्यूब कंटेंट पर केंद्रित एलन का ऑनलाइन व्यवहार बाद में तीखे राजनीतिक आक्रोश और ट्रंप विरोध तक पहुंच गया।

ट्रंप की हत्या की कोशिश के आरोप में कोर्ट में पेश हुए एलन (31) के दो सोशल मीडिया खातों की समीक्षा में यह सामने आया कि उसने कई पोस्ट में ट्रंप की तुलना हिटलर से की थी और ट्रंप प्रशासन के आलोचकों को बंदूक खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया था। ये पोस्ट उस संदेश से भी मेल खाते हैं, जो एलन ने हमले से पूर्व अपने परिजनों को भेजा। इसमें उसने ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों को निशाना बनाने की योजना बताई थी। 2022 में एलन मुख्य रूप से वीडियो गेम्स से जुड़ी पोस्ट करता था। 2024 आते-आते उसके पोस्ट का स्वर पूरी तरह बदल गया। उसने ट्रंप की तुलना हिटलर से करने वाली कई पोस्ट दोबारा साझा कीं।



आरोपी कोल टॉमस एलन।

**ब्लूस्काई पर और अधिक आक्रामक भाषा**

*एलन ने फरवरी 2025 में, यानी ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत के बाद, सोशल मीडिया नेटवर्क ब्लूस्काई पर सक्रियता शुरू की। यहां उसके पोस्ट और अधिक आक्रामक दिखे। अप्रैल 2025 उसने लिखा कि सब जानते हैं कि ट्रंप बेहद खराब व्यक्ति हैं और फरि भी किसी ने कुछ नहीं किया। वास्तविक जीवन में एलन की छवि एक शांत व बुद्धिमान व्यक्ति की रही है। वह लॉस एंजिलिस के उपनगर टॉरेंस में पार्ट-टाइम ट्यूटर था। उसकी गिरफ्तारी पर उसे जाननेवालों ने हैरानी जताई है।*

**डिजिटल सबूत महत्वपूर्ण...**सूत्रों ने बताया कि जब्त इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से मिली जानकारी यह दिखाती है कि एलन के भीतर ट्रंप व उनके प्रशासन के प्रति गहरी शत्रुता थी। कार्यवाहक अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लांश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि एलन का किसी वामपंथी समूह से कोई संबंध था या नहीं यह भी देखा जा रहा है। चार्जिंग दस्तावेजों के अनुसार गिरफ्तारी के बाद एलन ने चुप रहने के अपने अधिकार का उपयोग किया। अदालत में वह बिना किसी भाव के बैठा रहा और जज के सवालों का स्पष्ट जवाब दिया। वह बृहस्पतिवार को उसे फिर अदालत में पेश किया जाएगा।

**विदेश संक्षेप**

**राजदूत नियुक्ति विवाद में स्टार्मर को राहत जांच प्रस्ताव खारिज**



**लंदन।** ब्रिटेन की संसद ने प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के खिलाफ जांच शुरू करने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। यह मामला अमेरिका में राजदूत नियुक्ति को लेकर संसद को गुमराह करने के आरोप से जुड़ा था। मंगलवार को हुए मतदान में 335 सांसदों ने जांच के खिलाफ और 223 सांसदों ने इसके पक्ष में वोट दिया। यदि जांच होती और यह साबित होता कि पीएम ने जानबूझकर संसद को गुमराह किया है, तो उन्हें इस्तीफा देना पड़ सकता था। एजेंसी

**इंडोनेशिया के ट्रेन हादसे में 14 की मौत**

**बेकासी।** इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता के पास हुए ट्रेन हादसे में मृतक संख्या बढ़कर 14 हो गई है। बचाव दल ने मंगलवार को क्षतिग्रस्त यात्री ट्रेन के डिब्बे से पीड़ितों को निकालने के बाद मृतक संख्या की पुष्टि की। मरने वालों में सभी महिलाएं थीं। यह हादसा उस वक्त हुआ जब जकार्ता के बाहरी इलाके में बेकासी तिमुर स्टेशन पर एक लंबी दूरी की ट्रेन रुकी हुई यात्री ट्रेन के पिछली बोगी से टकरा गई। यह डिब्बा सिर्फ महिलाओं के लिए आरक्षित था। एजेंसी

# एटमी समझौते बिना युद्ध समाप्ति के ईरानी प्रस्ताव में अमेरिका की रुचि नहीं

## ट्रंप ने कहा- ईरान अब पतन की स्थिति में, जल्द से जल्द होर्मुज खुलवाना चाहता है

**दुबई/वाशिंगटन।** अमेरिका ने परमाणु समझौते को अलग रखते हुए युद्ध समाप्त करने के लिए ईरान की तरफ से दिए गए प्रस्ताव पर ठंडी प्रतिक्रिया दी है। ईरान ने अपने ताजा प्रस्ताव में कहा है कि वह होर्मुज जलमार्ग से अपना नियंत्रण हटाने के लिए तैयार है, बशर्ते कि अमेरिका युद्ध रोके और ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी खत्म करे। उसने अपने परमाणु कार्यक्रम में बाद के किसी चरण में चर्चा करने की बात भी कही है।

अमेरिकी रक्षा मंत्री मार्को रूबियो ने इस प्रस्ताव को स्वीकार करने में अनिच्छा जताई। उन्होंने कहा कि किसी भी समझौते में ईरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह से रोकना अनिवार्य होना चाहिए। हम ऐसा कोई समझौता नहीं कर सकते जो ईरान को भविष्य में परमाणु हथियार बनाने से न रोके। सोमवार को एक विशेष साक्षात्कार में उन्होंने यह संदेह जताया कि ईरान परमाणु मुद्दे को टालकर केवल समय हासिल करना चाहता है ताकि वह अपनी सैन्य और आर्थिक स्थिति मजबूत कर सके। ईरान ने अपना यह प्रस्ताव पाकिस्तान के जरिये अमेरिका को सौंपा था, जिसे लेकर खलबली मची थी। व्हाइट हाउस के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रंप ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ बैठक कर ईरान के प्रस्ताव पर चर्चा की। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि ट्रंप ईरान के प्रस्ताव से खुश नहीं हैं। ट्रंप ने मंगलवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ईरान ने कहा है कि वह पतन की स्थिति में है और चाहता है कि अमेरिका होर्मुज को जल्द से जल्द खोल दे। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि ईरान ने यह संदेश कैसे दिया है। ट्रंप ने ईरान युद्ध को लेकर जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज पर पलटवार किया। ट्रंप ने मर्ज के उस बयान की आलोचना की है, जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान युद्ध समाप्त करने की वार्ता में अमेरिका को अपमानित कर रहा है। एजेंसी



डोनाल्ड ट्रंप

**ट्रंप ने ईरान के साथ तोड़ा था समझौता**

*ईरान और अमेरिका समेत कई अन्य देशों के बीच 2015 में परमाणु कार्यक्रम को लेकर एक समझौता हुआ था। इसके बाद ईरान का परमाणु कार्यक्रम काफी हद तक सीमित हो गया था, जिसे वह लंबे समय से शांतिपूर्ण और नागरिक उद्देश्यों के लिए बताता रहा है। हालांकि, ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान एकतरफा रूप से इस समझौते से अमेरिका को अलग कर लिया था, जिसके बाद यह समझौता टूट गया था।*

- **दोनों अपने-अपने रुख पर अड़े...**युद्ध समाप्त करने के लिए कोई समझौता नहीं होने का एक प्रमुख कारण अमेरिका और ईरान के अपने-अपने रुख पर अड़े रहना है। ईरान चाहता है कि पहले युद्ध रुके और प्रतिबंध हटें, जबकि अमेरिका की शर्त है कि जब तक परमाणु कार्यक्रम पर अंतिम फैसला नहीं होता, तब तक वे पूरी तरह से पीछे नहीं हटेंगे।

**34% पर सिमटी ट्रंप की लोकप्रियता, ईरान युद्ध व कीमतें बनीं वजह**

राष्ट्रपति ट्रंप की लोकप्रियता उनके मौजूदा कार्यकाल के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। रॉयटर्स/इप्सोस के नए सर्वे के मुताबिक, महंगाई और ईरान के साथ युद्ध को लेकर लोगों में असंतोष बढ़ा है। चार दिन तक चले इस सर्वे में केवल 34 प्रतिशत अमेरिकी नागरिकों ने ट्रंप के कामकाज को मंजूरी दी, जबकि इससे पहले 15 से 20 अप्रैल के बीच हुए सर्वे में यह आंकड़ा 36 प्रतिशत था। जनवरी 2025 में कार्यभार संभालने के समय ट्रंप की लोकप्रियता 47 प्रतिशत थी, जो अब लगातार गिरती जा रही है। सर्वे के अनुसार, अमेरिका और इस्राइल द्वारा 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ शुरू किए गए युद्ध के बाद पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है, जिससे लोगों की नाराजगी बढ़ी है। महंगाई से निपटने के मामले में ट्रंप को केवल 22 प्रतिशत लोगों का समर्थन मिला, जो पिछले सर्वे में 25 प्रतिशत था। यह सर्वे देशभर में ऑनलाइन किया गया, जिसमें 1,014 वयस्कों की राय ली गई।

# खतरे में समुद्री केबल : होर्मुज स्ट्रेट में पैदा संकट बाधित कर सकता है इंटरनेट

## फाइबर-ऑप्टिक केबलें वैश्विक इंटरनेट का 99% ट्रैफिक करती हैं वहन

**दुबई।** होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक तेल आपूर्ति बाधित करने के बाद अब डिजिटल दुनिया के लिए भी उतना ही संवेदनशील बन गया है। ईरान ने पिछले सप्ताह चेतावनी दी कि इस जलडमरूमध्य में समुद्र के नीचे बिछी केबल क्षेत्र की डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए कमजोर कड़ी हैं। इस चेतावनी ने अहम बुनियादी ढांचे पर संभावित हमलों को लेकर नई चिंताएं खड़ी कर दी हैं।

होर्मुज के तल में कई अहम केबल नेटवर्क बिछे हैं। एशिया-अफ्रीका-यूरोप-1 (एएई-1) केबल नेटवर्क दक्षिण-पूर्व एशिया को मिस्र के रास्ते यूरोप से जोड़ता है, जिसके लैंडिंग प्वाइंट यूएई, ओमान, कतर तथा सऊदी अरब में हैं। फालकॉन नेटवर्क भारत और श्रीलंका को खाड़ी देशों, सूडान और मिस्र से जोड़ता है। वहीं, गल्फ ब्रिज इंटरनेशनल केबल सिस्टम ईरान सहित सभी खाड़ी देशों को आपस में जोड़ता है। इसके अलावा, कतर की दूरसंचार कंपनी ओरेडू के नेतृत्व में नए केबल नेटवर्क भी बन रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय केबल संरक्षण समिति (आईसीपीसी) के अनुसार, वर्ष 2014 से 2025 के बीच समुद्री केबलों की लंबाई बढ़ने के बावजूद हर साल 150–200 खराबियां दर्ज हो रही हैं। इनमें से 70–80% घटनाएं आकस्मिक मानवीय गतिविधियों जैसे मछली पकड़ना और जहाजों के लंगर से होती हैं, जबकि तोड़फोड़ का खतरा भी बना रहता है। टेलीज्योग्राफी के शोध निदेशक एलन मॉल्डिन के मुताबिक, समुद्री धाराएं, भूकंप, पनडुब्बी ज्वालामुखी और तूफान भी जोखिम बढ़ाते हैं। इनसे बचाव के लिए केबल को समुद्र तल में दबाना, सुरक्षा कवच देना और सुरक्षित मार्ग चुनने जैसे उपाय अपनाए जाते हैं। एजेंसी



*युद्ध से बड़ा नुकसान का खतरा : ईरान युद्ध ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति व क्षेत्रीय बुनियादी ढांचे, जिसमें बहरीन एवं यूएई में अमेजॉन वेब सर्विसेज के डाटा सेंटर भी शामिल हैं, को प्रभावित किया है। समुद्री केबलें अब तक सुरक्षित हैं, पर खतरा बना हुआ है। क्षतिग्रस्त जहाज लंगर घसीटते हुए केबल को क्षति पहुंचा सकते हैं।*

**पूरी तरह बंद नहीं होगी कनेक्टिविटी**

संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में समुद्र में क्षतिग्रस्त केबल की मरम्मत चुनौतीपूर्ण होती है। हालांकि समुद्री केबल को नुकसान होने पर कनेक्टिविटी पूरी तरह बंद नहीं होगी, क्योंकि भूमि-आधारित नेटवर्क मौजूद हैं। हालांकि, विशेषज्ञों के अनुसार उपग्रह इस समस्या का व्यावहारिक विकल्प नहीं हैं, क्योंकि वे न उतना ट्रैफिक संभाल सकते हैं और न ही किफायती हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि स्टारलिंक जैसे पृथ्वी की निचली कक्षा वाले नेटवर्क अभी बड़े पैमाने पर उपयोग के लिए विस्तार योग्य नहीं हैं।

**समुद्री केबल इसलिए हैं इतनी अहम**

यूएन की डिजिटल प्रौद्योगिकी एजेंसी आईटीयू के अनुसार, समुद्र तल की केबल दुनिया के 99% इंटरनेट ट्रैफिक को वहन करती हैं। भू-राजनीतिक और ऊर्जा विश्लेषक माशा कोटकिन के अनुसार, इन केबलों को क्षति से इंटरनेट धीमा या ठप हो सकता है। इससे ई-कॉमर्स में व्यवधान और वित्तीय लेनदेन में देरी हो सकती है, जिससे व्यापक आर्थिक नुकसान हो सकता है।

## प्रेरणा

जब तक आप संतुष्ट हैं, आप आराम से हैं।

- टाइटस मैक्सियस प्लैटस

## संपादकीय

# मनुष्य की क्षमताएं सीमाओं का विस्तार करने लगी हैं

**विगत** रविवार को केन्या के धावक सेबस्टियन सावे ने दुनिया को चौंकाते हुए लंदन में 1.59.30 घंटे में मैराथन की स्टैंडर्ड 42.195 किमी की दूरी हासिल की। खेल-प्रेमियों की 'सब-2' की वर्षों की साध पूरी हुई, जो मानव-क्षमता की नई परिभाषा थी। आसान समझ के लिए इस रिकॉर्ड का तुलनात्मक विश्लेषण बताता है कि सावे इतनी कम अवधि में इस लम्बी दूरी को तय करने में औसतन हर सेकंड 5.88 मीटर दौड़े, जबकि 100 मीटर स्प्रिंट के अब तक के सबसे तेज धावक उसेन बोल्ट ने वह छोटी-सी दूरी 10.438 मीटर प्रति सेकंड की औसत रफ्तार से पूरी की थी। यानी सावे की लगातार दो घंटे दौड़ने की रफ्तार बोल्ट की स्प्रिंट से आधी से ज्यादा रही। यह सफलता बताती है कि मानव की बौद्धिक ही नहीं शारीरिक क्षमताएं भी असीमित हैं। दार्शनिक कांट सहित कई विद्वानों ने मानव-क्षमता को सीमित बताया था। लेकिन हर वर्ष खेलों में रिकॉर्ड टूटना बताता है कि हर सीमा तोड़ी जा सकती है। सन् 1961 में वैज्ञानिक हेफ्लिक ने जीव-विज्ञान का नया सिद्धांत प्रतिपादित करते हुए बताया था कि मानव सेल के विभाजित होने की एक तय सीमा है, जिसके बाद मृत्यु निश्चित है। जबकि बाद के वैज्ञानिकों ने पाया कि मानव जीवन-काल अधिकतम 125 वर्ष का हो सकता है। कैंसर का सेल एक एंजाइम- टेलोमेरेस- पैदा करता है जो टेलोमेयर को पुनर्जीवित करता रहता है। कोई ताज्जुब नहीं मानव बुद्धि एक दिन अपने सेल के टेलोमेयर को भी बनाए रखने की क्षमता हासिल कर मनुष्य को अमर कर दे।

## जीने की राह



पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com

# युवाओं के 'शंकर-दूत' बनने का समय आ गया है

**जिस** धर्म की छाया में हम सुरक्षित, समन्वित और सानंद हैं, यह आदिगुरु शंकराचार्य जी द्वारा दी गई स्थिति है। पिछले दिनों नर्मदा तट पर एक अनूठा अनुष्ठान हुआ। विभिन्न क्षेत्रों के उच्च शिक्षित युवक अद्वैत वेदांत के शंकर-दूत के रूप में दीक्षित हुए। यह दृश्य तो निराला था ही, इसके पीछे का उद्देश्य भविष्य के लिए बड़ा संदेश बन गया। इस अवसर पर अवधेशानंद गिरि जी ने कहा कि भारत का दर्शन वैश्विक मंच पर प्रभावी रूप में प्रस्तुत किया जाए। उनके इस आशीर्वचन में 'प्रभावी' शब्द बड़ा महत्वपूर्ण है। इसका अर्थ है कि इस दर्शन को अब हल्के में ना लिया जाए। सांख्यिकी की दृष्टि से देश में युवाओं की संख्या 2018 से 2035 तक बहुत अच्छे ढंग से बढ़ेगी। इस दौर में बाल कुपोषण की तो चर्चा हुई, जिसका संबंध उदर से है। पर युवा कुपोषण, जिसका संबंध उर यानी हृदय से है, उस पर अभी बचे 8 साल में काम होना चाहिए। और अवधेशानंद जी जो बात कह रहे हैं 'प्रभावी ढंग से', वो यही है। युवाओं के शंकर-दूत बनने का समय आ गया। धर्म और विज्ञान को नया रूप देने का ही यह अनुष्ठान था।

•Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

## शब्दों का जादू

### आने वाली नस्लों के लिए खिड़कियां

सुना है लड़कियों वाले घरों में
अब खिड़कियां नहीं होंगीं!
पहले भी कहां थीं?
सिर्फ उनके सुराखों से आती थी रोशनी
बहुत महीन जिसमें तैरते थे अनगिनत धूलकण
इनसे झरे उजास में दिख जाता था
हथेलियों की नसों में दौड़ता खून

घुटकर रह जाएंगी रोशनियों की बातें,
मिट जाएगा लकीरों का मानचित्र,
जो उकेरती थीं ललछौंहे सपने,
उनकी हथेलियों पर लड़कियों-सी खिड़कियां

तुम अब कभी नहीं जान पाओगे!
कैसे इन खिड़कियों से आकाश,
मन के भीतर आता था।
हवाएं कैसे बांटती थीं धूल-मिट्टी का स्वाद
तुमने बंद करवा दीं सारी नन्ही खिड़कियां।
नहीं छपेंगे देखना अब
तुम्हारे बे-रंग तन पर
तितलियों के पंखों के रंग
जो आते थे खिड़कियों से।

–रजनी शर्मा बस्तरिया, रायपुर, छत्तीसगढ़
(मूल कविता के सम्पादित अंश)

पूरी कविता को पढ़ने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

भास्कर कविता उत्सव की शीर्ष 100 कविताओं में चयनित

## पाठकों के पत्र

### पार्किंग समस्या का समाधान हो

आज पार्किंग की समस्या देशव्यापी हो चुकी है। महानगरों से लेकर कस्बों तक लोगों के अंधाधुंध चौपहिया खरीदने के कारण यह समस्या पैदा हुई है। इसके चलते सार्वजनिक मार्गों, कालोनियों, मोहल्लों में जनजीवन प्रभावित हो रहा है। सरकार को इसका स्थायी समाधान खोजना चाहिए। –ओमप्रकाश श्रीवास्तव, उदयपुरा, मध्यप्रदेश

### चुनावों में भावनात्मक मुद्दे हावी

चुनावों में स्थानीय समस्याएं ही नहीं, राष्ट्रीय और भावनात्मक मुद्दे भी प्रमुखता से उभरते हैं। तमिलनाडु चुनाव में भी परिसीमन के मुद्दे को डीएमके ने राज्य के अधिकारों और अस्मिता से जोड़ दिया है। पार्टी इसे राज्य बनाम केंद्र के रूप में प्रस्तुत कर रही है।
–कांतिलाल मांडोत, सूरत, गुजरात

आप अपने पत्र editpage@dbcorp.in पर भेज सकते हैं

## क्या आप जानते हैं

### 5100 मीटर ऊंचाई पर बसा शहर

पेरू का ला-रिन्कोनाडा दुनिया का सबसे ऊंचाई पर बसा स्थायी शहर है। यह समुद्र तल से 5100 मीटर ऊपर स्थित है, जहां ऑक्सीजन का स्तर सामान्य से 50 प्रतिशत तक कम है। सोने की खदानों के कारण लोग यहां रहते हैं, लेकिन शहर में अपराध भी अधिक होते हैं।
70 हजार के करीब आबादी के बावजूद यहां मूलभूत सुविधाएं बेहतर नहीं हैं।

## बामुलाहिज़ा • मुख्यधारा वाला वामपंथ भी यदि हाशिये पर है तो इसके लिए वह खुद ही जिम्मेदार है

# पश्चिम बंगाल के चुनाव में वामपंथी कहां हैं?

**लेफ्ट फ्रंट**



शेखर गुप्ता
एडिटर-इन-चीफ, 'द प्रिन्ट'
X @ShekharGupta

**बंगाल** में दीवारों पर लिखी इबारतों को आप कोलकाता और उससे बाहर घूमे बिना कैसे पढ़ पाएंगे? तो आइए, मेरे साथ उत्तर में 600 किमी दूर सिलीगुड़ी के 60 किमी संकरे कॉरीडोर में चलिए या बंगाल की मुख्य भूमि से उत्तर तथा पूरब के हिमालयी जिलों को जोड़ने वाली 90 किमी चौड़ी पट्टी तक। चलिए, नक्सलबाड़ी की दीवारों से ही शुरू करते हैं। किसी ने अगर इन बातों का ध्यान रखा होता तो हम आज 1967 के सशस्त्र आंदोलन की 59वीं वर्षगांठ मना रहे होते। इसीलिए हमने बेंगाईजोते से शुरुआत की। यह गांव नक्सलबाड़ी का ही हिस्सा है, जहां बगावत की पहली चिनगारी फूटी थी।

मुझे यहां उस भूली जा चुकी क्रांति के स्मारकों का झाड़-पोछा और रंग-रोगन करते दो कॉमरेड मिले। इस स्मारक पर मार्क्स, लेनिन, एंगेल्स, स्टालिन, माओ, चारु मजूमदार और सरोज दत्ता की मूर्तियां स्थापित हैं। पहले पांच नेता ऐसी महान विभूतियां थीं, जिनका नाम इस क्रांति की प्रार्थनाओं में लिया जाता है। बाकी दो, उनके उत्तराधिकारी थे और क्रांति के स्थानीय संस्थापक थे। लेकिन माओ के साथ कंधे से कंधा सटाए मार्शल लिन प्याओ (बियाओ) भी खड़े थे, जो चीन की 'पीपुल्स लिबरेशन आर्मी' के सबसे ताकतवर बॉस थे, और जिन्हें अकसर चीन की कम्युनिस्ट पार्टी का दूसरा सबसे ताकतवर नेता बताया जाता है। लेकिन अचानक एक दिन, 13 सितंबर 1971 को वे गुजर जाते हैं। जिस विमान में वे सपरिवार सवार थे, वह मंगोलिया में हादसे का शिकार हो जाता है। इस हादसे के बारे में चीनी सरकार ने यह सफाई दी कि वे तख्तापलट की कथित 'प्रोजेक्ट 571' की विफलता के बाद पलायन कर रहे थे।

माना जाता है कि वे भागकर सोवियत संघ जा रहे थे। लिन को गद्दार घोषित कर दिया गया और उन पर आरोप लगाया गया कि वे माओ की पत्नी जियांग क्विंग के साथ मिलकर तख्तापलट की योजना बना रहे थे। इन दोनों को चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ने 'प्रति-क्रांतिकारी' घोषित कर दिया। लेकिन दुनिया में बेंगाईजोते ही ऐसी जगह है, जहां आप माओ और लिन को एक-दूसरे के बगल में देख सकते हैं। नक्सल आंदोलन की 59वीं वर्षगांठ और लेनिन की जयंती (22 अप्रैल) मनाने के लिए उनके स्मारक की साफ-सफाई कर रहे एक दलित कॉमरेड पुण्य सिंह राजबोंग्सी को इससे कोई परेशानी नहीं थी।

मैं उनसे पूछता हूं : आप माओ और लिन बियाओ को एक साथ कैसे रख सकते हैं? वे कहते हैं : क्योंकि वे महान कॉमरेड थे। मैं कहता हूं : लेकिन, क्या लिन ने माओ को धोखा नहीं दिया, और माओ ने उनकी हत्या नहीं करवाई? राजबोंग्सी ने जोर देते हुए कहा : नहीं, वह सब प्रोपगंडा है। उनके खिलाफ साजिश लिउ शाओकी ने की थी। मैंने उन्हें यह याद नहीं दिलाया कि लिउ दो साल पहले ही गुजर चुके थे। भक्तों से जिरह क्या करनी!

इस बीच, दूसरे बुजुर्ग कॉमरेड स्मारक की दीवार पर छपा हुआ वॉलपेपर चिपका रहे थे, जिस पर बांग्ला में जो लिखा था उसका अर्थ यह था : 'मुक्ति वोट से नहीं हासिल होगी। मुक्ति केवल क्रांति से हासिल होगी।' इसके कुछ ही दिनों बाद नक्सलबाड़ी में 92 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। आज लोग केवल वोट से होने वाली क्रांति पर ही विश्वास करने लगे हैं। क्रांति का जन्म अगर नक्सलबाड़ी में हुआ, तो वह दफ्न भी वहीं हुआ। 2021 में यह विधानसभा सीट भाजपा के उम्मीदवार आनंदमय बर्मन ने करीब 71,000 वोटों यानी 58 फीसदी वोटों से जीती। हमने उन्हें माटीगारा (इस चुनाव क्षेत्र को अब माटीगारा-नक्सलबाड़ी कहा जाता है) में घर-घर जाकर चुनाव प्रचार करते देखा। मृदुभाषी शिक्षक और आरएसएस कार्यकर्ता आनंदमय बर्मन कहते हैं कि उस आंदोलन ने लोगों को गरीबी के सिवा कुछ नहीं दिया।

पश्चिम बंगाल के इस बार के चुनाव में वामपंथी दलों और कांग्रेस के बीच होड़ चल रही है कि खुरचन में से किसे बड़ा हिस्सा मिलता है। यह स्थिति तब है, जब पूर्वी-मध्य भारत में नक्सलों के नए अवतार को कब्र में दफन कर दिया गया है। दूर दक्षिण में, केरल में वाम दलों को सरकार विरोधी दोहरे उभार का सामना करना पड़ रहा है। 4 मई को वे अगर कोई चमत्कार नहीं करके दिखाते, तो हम यह घोषणा कर सकते हैं कि अब वामपंथ को निर्णायक रूप से हाशिये पर डाल दिया गया है।



### कांग्रेस और लेफ्ट फ्रंट बचे-खुचे वोटों के लिए संघर्षरत

**पश्चिम बंगाल चुनाव में वामपंथी दल और कांग्रेस खुरचन में हिस्सेदारी के लिए होड़ लगा रहे हैं। पूर्वी-मध्य भारत में माओवाद को कब्र में दफन कर दिया गया है तो केरल में कॉमरेड सरकार विरोधी दोहरी भावना से जूझ रहे हैं। वामपंथी विचारधारा अब हाशिये पर है।**

हथियारबंद कम्युनिज्म का खात्मा तो बस कुछ समय की बात थी। लेकिन मुख्यधारा वाला वामपंथ भी अगर हाशिये पर चला गया है तो इसके लिए वह खुद ही जिम्मेदार है। 2004 में वह 53 लोकसभा सीटों के साथ अपने शिखर पर पहुंच गया था तो इसके पीछे बस एक भावना के उभार का योगदान था : अमेरिका विरोध। वे यूपीए सरकार से अलग हो गए थे, और अमेरिका के साथ परमाणु संधि के मुद्दे पर भाजपा से हाथ मिलाकर उस सरकार को गिराने की कोशिश भी उन्होंने की थी। इसके बाद से वे सब पतन की राह पर ही चल पड़े।

वामपंथियों से दशकों से असहमति रखते हुए और बहस करते हुए भी मैंने उन्हें हमेशा सभ्य, खुले सोच वाला और मजाकिया ही पाया है। लेकिन वे कभी बदले नहीं। 1988 में मुझे यह देखकर आश्चर्य हुआ कि बीजिंग और मॉस्को में तो कम्युनिस्ट बदल रहे हैं, लेकिन कोलकाता में नहीं। इस उत्सुकता ने मुझे कोलकाता पहुंचा दिया। मैंने माकपा के प्रदेश सचिव सरोज मुखर्जी से पूछा था : देंग और गोर्बाचोव ने तो अपना साम्यवाद बदल दिया। भारत के कम्युनिस्ट क्यों नहीं सुधार कर रहे हैं? उन्होंने कहा : क्योंकि मेरा कम्युनिज्म देंग और गोर्बाचोव के कम्युनिज्म से ज्यादा शुद्ध है।

इसके लगभग बीस साल बाद उनके एक उत्तराधिकारी बुद्धदेब भट्टाचार्य ने बदलने की कोशिश की थी। मैंने उनसे पूछा था कि वे जिस तरह से निजी और विदेशी पूंजी को आमंत्रित कर रहे हैं वह उनकी विचारधारा से कैसे मेल खाता है। उन्होंने कहा था : मेरा विश्वास ही मेरी विचारधारा है। लेकिन मैं कोई क्रांतिकारी सरकार नहीं चला रहा हूं। मुझे अपने संविधान के अनुसार काम करना है। उन्होंने सिंगुर और नंदीग्राम में जो औद्योगिक नगर बसाने की योजना बनाई थी, उसके खिलाफ जन-आंदोलन उनके राजनीतिक विरोधियों नहीं बल्कि उनके ही धुर वामपंथी कॉमरेडों ने चलाया था। उन्होंने भट्टाचार्य के सपने तोड़ दिए, उनकी पार्टी को खत्म कर दिया और ममता बनर्जी उसे दफन करने के लिए खड़ी हो गईं। भाजपा उस कब्र के ऊपर अपना नया महल बनाने में जुट गई है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए **QR कोड** को स्कैन करें।

## विश्लेषण • अमेरिका ने गफलत में किया था हमला

# युद्ध को लेकर ट्रम्प के पास अब समय कम ही बचा है

**युद्धनीति**



मनोज जोशी
विदेशी मामलों के जानकार
manoj1951@gmail.com

**अमेरिका-ईरान** युद्ध को चलते अब दो माह हो गए। वेनेजुएला के अनुभव से अति-उत्साहित होकर अमेरिका ने सोचा था कि ईरान पर अचानक हमला और उसके सर्वोच्च नेता समेत शीर्ष अधिकारियों की हत्या की रणनीति से युद्ध कुछ ही दिनों में खत्म हो जाएगा। लेकिन रणनीति सफल नहीं हुई। ईरान में सत्ता परिवर्तन हुआ, लेकिन अब वहां इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) का शासन चल रहा है।

ईरान में दो समानांतर सैन्य ढांचे हैं। 'आर्तेश' नियमित सेना के तौर पर परंपरागत प्रतिरक्षा का जिम्मा संभालती है, जबकि आईआरजीसी का काम क्रांति की रक्षा करना है। एक सेना राष्ट्रपति के जरिए सर्वोच्च नेता को रिपोर्ट करती है, जबकि दूसरी सीधे उन्हीं को।

अमेरिका-इजराइल की शुरुआती बमबारी के बाद 'बंधक संकट' सामने आया। ईरान ने खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के देशों और हॉर्मुज स्ट्रेट को एक तरह से बंधक बना लिया। इस स्थिति से निपटने के दो विकल्प थे। पहला, मिलिट्री एस्केलेशन यानी ईरानी जमीन पर सैनिक भेजना और ईरानी ढांचों पर हमले। और दूसरा, कूटनीतिक समझौता। ट्रम्प ने दूसरा रास्ता चुनते हुए ईरान को बड़ी आर्थिक रियायतों की पेशकश की है। बदले में उसके संवर्धित यूरेनियम भंडार सौंपने और हॉर्मुज को खोलने की मांग की है। ट्रम्प के दावों के विपरीत ईरान ने प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया, क्योंकि उसे लगता है कि वे भरोसे लायक नहीं और उनकी मांग ईरान के आत्मसमर्पण जैसी है।

अमेरिका जो पेशकश कर रहा है, वह 2015 की संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) और उन प्रस्तावों से भी बदतर है, जो युद्ध से पहले ओमान की मध्यस्थता वाली बातचीत में दिए गए थे। ईरान को यह भी लगता है कि अब इसे स्वीकार करने की बाध्यता नहीं, क्योंकि सत्ता परिवर्तन तो वह झेल ही चुका है। साथ ही उसने यह भी जान लिया है कि हॉर्मुज स्ट्रेट बंद करना आर्थिक युद्ध में बेहद प्रभावी हथियार है।

फिलहाल आगे की राह का अनुमान लगाया जा सकता है। अमेरिका संभवत: सैनिक नहीं भेज कर बातचीत ही जारी रखेगा। ट्रम्प शैली के अनुसार इसमें कुछ धमकियां होंगी, कुछ बमबारी संभव है। लेकिन अमेरिका के लिए समय अब हाथ से निकल रहा है। हमले शुरू करने से पहले अमेरिका को यह समझना चाहिए था कि सैन्य अभियान से क्या हासिल हो सकता है। सैन्य क्षमता के लिहाज से ईरान अमेरिका का मुकाबला नहीं कर सकता, लेकिन उसके पास बैलिस्टिक मिसाइलों और प्रॉक्सी नेटवर्क जैसी अहम क्षमताएं हैं। अमेरिका को यह भी पता होना चाहिए था कि इस्लामिक शासन की आंतरिक एकजुटता और संगठित विपक्ष के अभाव के चलते वहां सत्ता परिवर्तन आसान नहीं। साथ ही, इसके लिए जमीनी सैन्य अभियान जरूरी है, जो अमेरिका चाहता नहीं था।

अमेरिका-इजराइल के सैन्य हमलों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को काफी नुकसान जरूर पहुंचाया है, लेकिन इससे वैज्ञानिक ज्ञान और मानव पूंजी को समाप्त नहीं किया जा सकता। इतिहास गवाह है कि जो देश परमाणु हथियार चाहते हैं, वे जैसे-तैसे पा ही लेते हैं। ज्यादा से ज्यादा अमेरिका-इजराइल इसे कुछ समय टाल सकते हैं। इसी तरह, ईरान के मिसाइल और ड्रोन के जखीरे को कम किया जा सकता है, लेकिन खत्म करना मुश्किल है। खासकर, इस हथियार कार्यक्रम को सपोर्ट करने वाले तकनीकी ज्ञान और औद्योगिक ढांचे को। सच तो यह है कि अमेरिका-इजराइल ने खामेनेई एवं अन्य नेताओं की हत्या करके बड़ी गलती कर दी। अब ट्रम्प खुद ही कह रहे हैं कि ईरान में नेतृत्व बिखरा हुआ है और बातचीत के लिए कोई है ही नहीं।

**संघर्ष विराम बढ़ाने और समुद्री नाकेबंदी कड़ी करने से अमेरिका को समय मिल सकता है, लेकिन इससे ईरान झुकेगा नहीं। नाकेबंदी का असर दिखने में महीनों लग सकते हैं, जबकि ट्रम्प के पास इतना धैर्य नहीं। नवंबर में मध्यावधि चुनाव भी हैं।**

संघर्ष विराम बढ़ाने और समुद्री नाकेबंदी कड़ी करने से अमेरिका को समय मिल सकता है, लेकिन इससे ईरान झुकेगा नहीं। नाकेबंदी का असर दिखने में महीनों लग सकते हैं। ट्रम्प में इतना धैर्य नहीं। नवंबर में चुनाव भी हैं। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## मुद्दा • गेमिंग और सट्टेबाजी को कानूनी बढ़ावा

# गेमिंग कम्पनियों पर लगाम के लिए कठोर दंड क्यों नहीं?

**डिजिटल**



विराग गुप्ता
सुप्रीम कोर्ट के वकील
viraggupta@hotmail.com

**दिल्ली** में आईआरएस अधिकारी की बेटी के साथ दुष्कर्म और हत्या का आरोपी नौकर ऑनलाइन गेमिंग की लत की वजह से 7 लाख रुपये के कर्ज के जाल में फंस गया था। एम्स और इहबास के डॉक्टरों के अनुसार गेमिंग डिसऑर्डर और नशे के कॉम्बो से अवसाद, चोरी, धोखाधड़ी, पोर्नोग्राफी और दूसरे अपराध बढ़ रहे हैं। ऑनलाइन गेमिंग की महामारी से लोगों को बचाने के लिए पिछले साल संसद से कानून बना था। उसके अनुसार 1 मई से नए नियम लागू होंगे। लेकिन इनसे भी ऑनलाइन जुए और सट्टेबाजी का मर्ज खत्म नहीं होगा। इससे जुड़े 5 पहलुओं को समझना जरूरी है :

1. संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार सट्टेबाजी और जुए को रोकने हेतु कानून बनाने के लिए केंद्र के पास अधिकार ही नहीं हैं। केंद्र सरकार ने अगस्त 2021 में दिल्ली हाईकोर्ट में कहा था कि इस बारे में कानून बनाने का अधिकार राज्य सरकारों के पास है। तेलंगाना, तमिलनाडु, कनार्टक, छत्तीसगढ़ और राजस्थान ने इस मर्ज पर लगाम कसने के लिए कानून बनाने की पहल की थी। राज्यों के साथ मिलकर युवाओं को गेमिंग के मर्ज से निजात दिलाने के बजाय आईटी रूल्स में बदलाव और एडवाइजरी के बहाने केंद्र सरकार उलटे गेमिंग कम्पनियों के कारोबार को बढ़ावा दे रही है।

2. 2022 में एडवरटाइजिंग स्टैंडर्ड काउंसिल ऑफ इंडिया ने 18 से कम उम्र के बच्चों के संबंध में एडवाइजरी जारी की थी। लेकिन नए नियमों में बच्चों को पैसे के लेन-देन वाले गेम्स से दूर रखने के बारे में स्पष्ट प्रावधान नहीं हैं। 2023 में संसद से पारित डीपीडीपी कानून के अनुसार गेमिंग कम्पनियां बच्चों के डेटा का व्यावसायिक इस्तेमाल नहीं कर सकतीं। लेकिन उन्हें लागू करने के लिए नए नियमों में कोई व्यवस्था नहीं है।

3. डेटा को विदेश जाने से रोकने और राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ाने के लिए 2020 में टिकटॉक और पबजी जैसे 177 चीनी एप्स पर सरकार ने प्रतिबंध लगाया था। ईडी जांच में चीनी गेमिंग एप के म्यूल खातों से साइबर अपराधों को बढ़ावा देने और क्रिप्टो के जरिये खरबों के हवाला लेन-देन का खुलासा हुआ था। गेमिंग चैट से युवाओं को कट्टरपंथ और आतंकवाद से जोड़ा जा रहा है। गेमिंग कम्पनियों के आपराधिक तंत्र पर लगाम के लिए इन नियमों में कठोर दंड का प्रावधान नहीं है।

4. विदेशों से संचालित हो रही गेमिंग कम्पनियां खरबों का गैर-कानूनी कारोबार करने के साथ बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी कर रही हैं। प्राइज मनी पर 58 हजार करोड़ की आयकर चोरी और 2.50 लाख करोड़ की जीएसटी चोरी के मामले अदालतों में लम्बित हैं। कौशल आधारित खेलों के पुराने वर्गीकरण को समाप्त करके ई-स्पोर्ट्स की आड़ में मनी गेमिंग एप्स को बढ़ावा दिया जा रहा है। इन विरोधाभासों और कानूनी बारीकियों का लाभ उठाकर गेमिंग कम्पनियां खरबों के टैक्स भुगतान से बचने का यत्न कर सकती हैं।

**सट्टेबाजी और जुए को रोकने हेतु कानून बनाने के लिए केंद्र सरकार के पास अधिकार ही नहीं हैं। केंद्र सरकार ने अगस्त 2021 में दिल्ली हाईकोर्ट में कहा था कि इस बारे में कानून बनाने का अधिकार राज्य सरकारों के पास है।**

5. सरकार के पीआईबी नोट में ऑनलाइन सट्टेबाजी, जुआ, लॉटरी, फैंटसी स्पोर्ट्स, पोकर और रमी जैसे कार्ड गेम पर रोक लगाने का दावा किया गया था। नए नियमों में रियल मनी गेमिंग पर प्रतिबंध की गोल-मोल बात की गई है। सवाल यह है कि नए नियमों से ऑनलाइन सट्टेबाजी और गैम्बलिंग पर प्रतिबंध लगा है या नहीं? अगर प्रतिबंध नहीं लगा तो सरकार राज्यों के साथ मिलकर प्रभावी कानून क्यों नहीं बनाती? अगर लगा है तो बताना चाहिए कि राज्यों से जुड़े विषय पर केंद्र ने किस संवैधानिक हक से कानून बनाया है?

विधि आयोग ने कहा था कि अगर सख्त कानून होता तो युधिष्ठिर भी अपने भाइयों और पत्नी को दांव पर नहीं लगाते। सोशल गेम और ई-स्पोर्ट्स की आड़ में मनी गेमिंग और सट्टेबाजी के मर्ज को कानूनी बढ़ावा देने से बच्चों का भविष्य दांव पर लगने के साथ अर्थव्यवस्था की नींव कमजोर हो सकती है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## डिफ्रेंट एंगल • गैर-जरूरी चीजें न खरीदना, और न ही इस्तेमाल करना... बात छोटी है पर इसका प्रभाव बड़ा है

# जलवायु सुधार के लिए सबसे जरूरी है 'इनएक्टिविटी', यानी कुछ न करें

**क्लाइमेट**



प्रो. चेतन सिंह सोलंकी
आईआईटी बॉम्बे के पूर्व प्रोफेसर
chetanss@gmail.com

**जैसे** ही तापमान बढ़ता है, हर जगह यह चर्चा होने लगती है कि पेड़ लगाइए, हरियाली बढ़ाइए, तभी गर्मी कम होगी। यह सोच आंशिक रूप से सही है, लेकिन पूरी सच्चाई नहीं है। आज जो असहनीय गर्मी हम महसूस कर रहे हैं, उसका मुख्य कारण पेड़ों की कटाई नहीं, वे ग्रीनहाउस गैसें हैं, जिन्हें हम लगातार अपने वातावरण में छोड़ रहे हैं। ये गैसें एक कम्बल की तरह पृथ्वी को ढक लेती हैं और सूर्य की गर्मी को बाहर जाने नहीं देतीं।

आज वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा सामान्य स्तर से लगभग 53% अधिक है। इसका मतलब है धरती की हीट को ट्रैप करने की क्षमता 53% बढ़ गई है। इस एक्स्ट्रा हीट के कारण धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है। वर्तमान में इस अतिरिक्त गर्मी का सबसे बड़ा कारण है हमारी ऊर्जा खपत, जिसमें पेट्रोल, डीजल, गैस, बिजली और रोजमर्रा के उत्पादों का उपयोग शामिल है। वर्तमान समय में कुल कार्बन उत्सर्जन का लगभग 75% हिस्सा इसी से आता है। भूमि उपयोग में बदलाव, खेती और वनों की कटाई के कारण भी कार्बन उत्सर्जन होता है, परंतु यह सब मिलाकर लगभग 25% होता है। इस 25% में भी पेड़ों की कटाई के कारण होने वाला कार्बन उत्सर्जन लगभग 10% ही है।

इसका सीधा मतलब है कि समस्या का बड़ा हिस्सा हमारी जीवनशैली और उपभोग से जुड़ा है। यही वह जगह है, जहां हम व्यक्तिगत, सामाजिक और राजनीतिक रूप से गलती कर देते हैं। हम समस्या के छोटे हिस्से पर जोर देते हैं और समाधान भी उसी के आसपास ढूंढते हैं। पेड़ लगाना निश्चित रूप से आवश्यक है, लेकिन यह जलवायु परिवर्तन का मूल समाधान नहीं है। यदि हमारी खपत इसी तरह बढ़ती रही, तो करोड़ों-अरबों पेड़ भी इस समस्या को संतुलित नहीं कर पाएंगे।

हमें एक असहज कर देने वाली, लेकिन जरूरी सच्चाई को स्वीकार करना होगा- आज मानवता पृथ्वी की क्षमता से कहीं अधिक संसाधनों का उपयोग कर रही है। हम ऐसे जी रहे हैं, जैसे हमारे पास एक से अधिक पृथ्वियां हों, जबकि वास्तव में केवल एक ही है।

इस स्थिति में सबसे पहला और सबसे प्रभावी कदम क्या हो सकता है? हमें अपनी ऊर्जा और वस्तुओं की खपत को लगभग आधा करना होगा। जब तक हम अपनी जरूरतों और इच्छाओं के बीच संतुलन नहीं बनाते, तब तक कोई भी तकनीक, कोई भी नीति या कोई भी अभियान स्थायी समाधान नहीं दे सकता। दुर्भाग्य से सरकारों का हर प्रयास और कम्पनियों का हर विज्ञापन आपको ज्यादा से ज्यादा उपभोग के लिए प्रोत्साहित करता है, और आप उसके दुष्चक्र में फंस जाते हैं।

हम अकसर कहते हैं- रोकथाम इलाज से बेहतर है। जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में यह बात और भी सटीक बैठती है। पेड़ लगाना, सोलर पेनल लगाना या इलेक्ट्रिक वाहन अपनाना- ये सभी इलाज के सराहनीय प्रयास हैं। लेकिन रोकथाम है अनावश्यक खपत को कम करना।

और सबसे दिलचस्प बात यह है कि यह रोकथाम किसी बड़ी तकनीक, भारी निवेश या सरकारी नीति पर निर्भर नहीं है। यह पूरी तरह हमारे अपने निर्णयों पर निर्भर है। हम क्या खरीदते हैं, कितना इस्तेमाल करते हैं, और क्या त्याग कर सकते हैं- यही मायने रखता है।

जलवायु सुधार के लिए सबसे बड़ा कदम इन-एक्टिविटी है, यानी कुछ न करना। इसका मतलब है अनावश्यक चीजें न खरीदना, न इस्तेमाल करना। इसका प्रभाव बहुत बड़ा है। यदि हम आज भी नहीं रुके, तो इतिहास हमें भी उसी तरह याद करेगा, जैसे हम डायनासोर को याद करते हैं। वर्षों साल बाद धरती पर एक नई प्रजाति आएगी और कहेगी, एक समय पृथ्वी पर इंसान हुआ करते थे! **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

ग्रोथ स्टोरी • इटर्नल का मुनाफा साढ़े चार गुना ₹174 करोड़; क्विक कॉमर्स बना ग्रोथ इंजन

# ब्लिंकिट की नेट ऑर्डर वैल्यू 104% बढ़ी, जोमैटो की 19%, इटर्नल की आय अब न्यू बिजनेस से ही

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

फूड डिलीवरी और क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म जोमैटो की मूल कंपनी इटर्नल को जनवरी-मार्च तिमाही में 174 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ। यह जनवरी-मार्च 2025 में हुए 39 करोड़ के मुनाफे से 346% (4.5 गुना) ज्यादा है। तिमाही दर तिमाही भी कंपनी का मुनाफा 70% से ज्यादा बढ़ा है। इटर्नल अब सिर्फ फूड डिलीवरी कंपनी नहीं। इसकी क्विक कॉमर्स यूनिट ब्लिंकिट अब सबसे तेजी से बढ़ने वाला बिजनेस (ग्रोथ इंजन) बन चुका है। मसलन, ब्लिंकिट की नेट ऑर्डर वैल्यू (एनओवी) सालाना औसतन 104% बढ़ी है। दूसरी तरफ जोमैटो के मुख्य फूड डिलिवरी बिजनेस की एनओवी ग्रोथ 19% से भी कम रही। मतलब क्विक कॉमर्स पूरी कंपनी की ग्रोथ स्टोरी को नया आयाम दे रहा है।

**'डिस्ट्रिक्ट', 'हाइपरप्योर' का घाटा कम**
इटरनल का गोइंग-आउट सेगमेंट 'डिस्ट्रिक्ट' का एनओवी बीती तिमाही 46.5% बढ़ा और एबिटा घाटा 121 करोड़ से कम होकर 81 करोड़ रह गया। रेस्टोरेंट सप्लाई बिजनेस 'हाइपरप्योर' की आय 37% बढ़ी और पहली बार 5 करोड़ का मामूली एबिटा मुनाफा हुआ।



**इटर्नल : जनवरी-मार्च तिमाही और पूरे साल का रिजल्ट (कन्सॉलिडेटेड) एक नजर में**

| मापदंड | Q4 FY26 | Q4 FY25 | अंतर | FY25-26 | FY24-25 | अंतर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑपरेटिंग रेवेन्यू | 17,292 | 5,833 | 196.5% | 54,364 | 20,243 | 168.6% |
| टैक्स पूर्व लाभ | 228 | 97 | 135% | 615 | 697 | ↓11.8% |
| ऑपरेटिंग मार्जिन | 4.8% | 7.5% | ↓36.5pp | 4.8% | 8.5% | ↓ 43.4pp |
| टैक्स बाद लाभ | 174 | 39 | 346% | 366 | 527 | ↓ 30.6% |

आंकड़े करोड़ रुपए में, स्रोतः कंपनी फाइलिंग

मार्केट कैप | इटर्नल का मार्केट कैप 31 मार्च 2026 तक 2.45 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

**10.9** करोड़ भारतीयों ने 12 महीनों में ब्लिंकिट, डिस्ट्रक्ट, जोमैटो से ₹94,600 करोड़ के लेनदेन किए

### आयः 17,292 करोड़, तीन गुना छलांग

- बीती तिमाही इटर्नल की आय 196.5% (करीब तीन गुना) बढ़कर 17,292 करोड़ हो गई, जो एक साल पहले 5,833 करोड़ थी।
- 2025-26 में कुल आय 168% बढ़कर 54,364 करोड़ हो गई, जो 2024-25 में 20,243 करोड़ थी।
- हालांकि 31 मार्च को खत्म पूरे वित्त वर्ष का शुद्ध मुनाफा 366 करोड़ रहा, जो एक साल पहले के 527 करोड़ से 31% कम है।

**कारणः बड़े पैमाने पर विस्तार और नए कारोबार में निवेश।**

### ब्लिंकिटः सालाना ग्रोथ 95% से ज्यादा, एडजस्टेड एबिटा 9 गुना बढ़कर 37 करोड़, 216 नए स्टोर

जनवरी-मार्च में ब्लिंकिट की सालाना ग्रोथ 95.4% रही, जो कंपनी के किसी भी सेगमेंट में सबसे तेज रफ्तार है। बीती तिमाही ब्लिंकिट ने 216 नए स्टोर जोड़े। कुल स्टोर 2,243 हो गए। एडजस्टेड एबिटा 37 करोड़ हो गया। यह पिछली तिमाही के 4 करोड़ के 9 गुना से भी ज्यादा है।

**ग्रोथः 2023 से हर साल 104% औसत वृद्धि**

» वित्त वर्ष 2022-23 से लेकर 2025-26 के बीच ब्लिंकिट के ऑर्डर और बिजनेस वैल्यू में काफी तेज बढ़ोतरी हुई।
» ब्लिंकिट के सीईओ अलबिंदर ढींडसा ने बताया कि बीते तीन साल ब्लिंकिट की एनओवी सालाना औसतन 104% बढ़ी।
» ढींडसा के मुताबिक, अगले तीन साल ब्लिंकिट की एनओवी की सालाना ग्रोथ 60% से ऊपर बनी रहेगी। यानी तेज ग्रोथ जारी रहेगी।
» क्विक कॉमर्स अभी शीर्ष 15-20 शहरों और सीमित श्रेणियों तक केंद्रित है। विस्तार की बड़ी संभावना अब भी बची है।

### फूड डिलीवरीः मुनाफा 24% बढ़ा, 532 करोड़

जोमैटो के फूड डिलीवरी बिजनेस की एनओवी सालाना 18.8% बढ़ी। यह लगातार तीसरी तिमाही है, जब इस मामले में सुधार हुआ। कंपनी लंबी अवधि के लक्ष्य 20% से ज्यादा एनओवी ग्रोथ के करीब आ रही है। एडजस्टेड एबिटा मार्जिन 5.5% रहा और मुनाफा 24% बढ़कर 532 करोड़ हो गया। बीती तिमाही मासिक सक्रिय ग्राहकों (एमटीएस) की संख्या 2.54 करोड़ हो गई, जो एक साल पहले 2.09 करोड़ थी।

**ग्रोथ की असली कहानी अब फूड डिलीवरी नहीं, ब्लिंकिट लिख रहा**

वित्त वर्ष 2025-26 में 10.9 करोड़ भारतीयों ने ब्लिंकिट, 'डिस्ट्रक्ट' और जोमैटो के जरिये 10 अरब डॉलर (94,600 करोड़ रुपए) से ज्यादा के लेन-देन किए। यह कंपनी जिसे मैंने अनजाने में शुरू किया, अब भारत के खाने, खरीदारी और आउटिंग के तरीकों को छू रही है। कुल मिलाकर इटर्नल की ग्रोथ की असली कहानी अब फूड डिलीवरी नहीं, बल्कि ब्लिंकिट लिख रहा है। आगामी तिमाहियों में यही धुरी बनी रहने की उम्मीद है। —**दीपिंदर गोयल**, फाउंडर, इटर्नल



गोल्ड रस • ईटीएफ में 37 टन, 10 साल के कुल निवेश से भी ज्यादा

# 2025 में 42 फीसदी सोना निवेश में खपा, 2024 में 29% खपा था

**गहनों के लिए ₹4.8 लाख करोड़ का सोना बिका**

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

देश में सोने से लगाव तो सदियों से है, लेकिन अब यह लगाव गहनों से ज्यादा निवेश की तरफ मुड़ रहा है। रिकॉर्ड ऊंची कीमतों के बावजूद भारतीयों ने 2025 में सोने पर खर्च बढ़ाया, मगर तरीका बदल गया।

केयरएज रेटिंग्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, बीते साल भारत में सोने की कुल खपत में निवेश की हिस्सेदारी बढ़कर रिकॉर्ड 42% हो गई, जो 2024 में सिर्फ 29% थी। दूसरी तरफ गहनों की हिस्सेदारी घटकर 57% रह गई, जबकि लंबी अवधि का औसत करीब 70% रहा है। हालांकि मूल्य के लिहाज से 2025 में गहनों की मांग 10% बढ़कर 4.8 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई, लेकिन वॉल्यूम (बिके सोने की मात्रा) में 15% गिरावट आई। इसका मतलब यह कि लोग कम वजन और कम कैरेट के गहने खरीद रहे हैं। दूसरी तरफ, गोल्ड ईटीएफ में भारतीयों का निवेश 37.5 टन तक पहुंच गया। यह पिछले 10 साल के कुल निवेश से भी ज्यादा है। निवेश के साथ गहने भी खरीदे जा रहे हैं। रेटिंग एजेंसी का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025-26 में ब्रांडेड ज्वेलर्स की आय करीब 35% बढ़ेगी। चालू वित्त वर्ष में यह ग्रोथ घटकर 25% तक रह सकती है।

**भारतः निवेश के लिए सोने की खपत 1 साल में डेढ़ गुना**



| खपत में हिस्सेदारी | 2021 | 2024 | 2025 |
|---|---|---|---|
| गहने | 69% | 63% | 57% |
| निवेश* | 22% | 29% | 42% |
| केंद्रीय बैंक | 9% | 8% | 1% |

*बार, कॉइन, इटीएफ, स्रोतः केयरएज

**दुनियाः बार-कॉइन की रिकॉर्ड खरीदारी**

| | |
|---|---|
| 2025 में कुल मांग | रिकॉर्ड 5,000 टन |
| सालाना वृद्धि | 8% |
| ज्वेलरी की हिस्सेदारी | 33% |

गोल्ड ईटीएफ होल्डिंग बढ़ी **801 टन**

बार-कॉइन खरीद **12 साल का रिकार्ड**

सालाना निवेश मांग-2025 **2,175 टन**

स्रोतः केयरएज

### एक साल में 75% रिटर्न, अन्य 5 कारणों से बढ़ा सोने में निवेश

1. 2025 में सोने की कीमत 75% बढ़ने से निवेशकों को ऊंचे रिटर्न की उम्मीद रही।
2. वैश्विक संघर्ष व व्यापार तनाव के चलते सुरक्षित निवेश की भूख बढ़ी।
3. 2025 में गोल्ड ईटीएफ में 37.5 टन, ये 10 साल के कुल निवेश से भी ज्यादा है।
4. बीते साल दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों ने 863 टन सोना खरीदा, यह 12 साल के औसत से दोगुना है।
5. ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद, ऐसा होने पर सोना महंगा होने लगता है।

### ब्रांडेड ज्वेलर्सः इस साल 25% तक आय बढ़ने का अनुमान

| इंडिकेटर्स | 2025-26 | 2026-27 |
|---|---|---|
| आय वृद्धि | 35% | 20-25% |
| सकल मार्जिन | 15-15.5% | 14-14.5% |
| ऑपरेटिंग मार्जिन | 7.5-8% | 6.5-7% |
| नए स्टोर जोड़े | 310 | - - - |

2026-27 के आंकड़े अनुमानित, स्रोतः केयरएज

**गोल्ड मार्केट में ढांचागत बदलाव के स्पष्ट संकेत**

सोने की खपत में ढांचागत बदलाव देखा जा रहा है। 2025 में गहनों की हिस्सेदारी 60% से नीचे आ गई, जबकि अवधि का औसत 70% रहा है। निवेश मांग 2026-27 में भी 35-40% बने रहने का अनुमान है। - **अखिल गोयल**, *डायरेक्टर, केयरएज रेटिंग्स*

## बिजनेस ब्रीफ

### मार्च में कारखाने 5 माह की धीमी रफ्तार से चले

**नई दिल्ली**| देश में औद्योगिक उत्पादन बढ़ने की रफ्तार मार्च में सुस्त होकर 4.1% रही। यह पिछले 5 महीनों इसका सबसे कम आंकड़ा है। इसकी मुख्य वजह मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में सुस्ती और बिजली उत्पादन में गिरावट है। पिछले साल की तुलना में बिजली सेक्टर मात्र 0.8% बढ़ा। खनन क्षेत्र में 5.5% की बढ़त दर्ज हुई। कैपिटल गुड्स में 14.6% की बड़ी ग्रोथ रही। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में औद्योगिक उत्पादन 4.1% बढ़ा।

### रुपया 53 पैसे टूटकर 94.68 प्रति डॉलर पर

**मुंबई**| अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया मंगलवार को 53 पैसे टूटकर 94.68 पर बंद हुआ। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और भू-राजनैतिक अनिश्चितताओं के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से यह गिरावट आई। एफपीआई की लगातार बिकवाली का दबाव मुद्रा बाजार पर दिख रहा है। वे इस साल अब तक भारतीय बाजार से 19 अरब डॉलर से ज्यादा निकाल चुके हैं।

### गुटखा-तंबाकू की पैकिंग से हट सकता है प्लास्टिक

**नई दिल्ली** | खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने पान मसाला, गुटखा और तंबाकू की पैकेजिंग से प्लास्टिक हटाने का प्रस्ताव दिया है। इनकी पैकिंग के लिए कागज, पेपरबोर्ड और सेलूलोज जैसे इको-फ्रेंडली मटेरियल के इस्तेमाल की तैयारी चल रही है। यह बदलाव प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियमों के तहत किया जा रहा है। हालांकि, टिन और कांच के कंटेनर पहले की तरह चलते रहेंगे। सरकार ने इस नए ड्राफ्ट पर सुझाव मांगे हैं। इसका उद्देश्य पर्यावरण को सुरक्षित बनाना है।

ट्रिगर • बैंकों पर फंसे कर्ज के लिए प्रोविजनिंग का बोझ बढ़ने का डर हावी

# बैंक शेयर टूटे, 417 अंक गिरा सेंसेक्स

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

सोमवार की तेजी के बाद मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार फिर टूट गए। सेंसेक्स 417 अंक गिरकर 76,887 पर और निफ्टी-50 97 अंकों की गिरावट के साथ 23,996 पर बंद हुआ। ट्रेडिंग के दौरान सेंसेक्स 76,741 और निफ्टी 23,957 के निचले स्तर तक फिसले।

गिरावट की सबसे बड़ी वजह बैंकिंग शेयरों में भारी बिकवाली रही। आरबीआई द्वारा अपेक्षित क्रेडिट लॉस फ्रेमवर्क और एसेट वर्गीकरण के अंतिम नियमों की पुष्टि से बैंकों पर अतिरिक्त प्रोविजनिंग की चिंता बढ़ गई। एक्सिस बैंक 2.65% गिरावट के साथ सबसे बड़ा लूजर रहा। एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस, एचसीएल टेक और मारुति भी दबाव में रहे। दूसरी तरफ रिलायंस, भारती एयरटेल और सन फार्मा बढ़त में रहे। बीएसई पर रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर 1.7%, भारती एयरटेल के शेयर 1.5% और सन फार्मा के शेयर 0.8% बढ़त पर बंद हुए। सोमवार को भी ये शेयर 7% चढ़ा था।

**ब्रेंट क्रूड 109 डॉलर के करीब**
अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड की 0.5% बढ़कर 108.8 डॉलर प्रति बैरल हो गई। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद रहने और अमेरिका-ईरान के बीच जारी तनाव ने आयातित महंगाई की चिंता बढ़ा दी। इससे भी शेयर बाजार का सेंटिमेंट कमजोर हुआ।

**सिर्फ बड़े शेयर ही गिरे**

**मिड, स्मॉलकैप शेयरों के इंडेक्स बढ़त पर बंद**

बड़े शेयरों के उलट छोटी-मझोली कंपनियों के शेयरों में तेजी रही। निफ्टी के मिडकैप इंडेक्स 0.28 फीसदी और स्मॉलकैप 0.42 फीसदी बढ़त पर बंद हुए। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा कि बैंक ऑफ जापान का सख्त रुख, पश्चिम-एशिया में तनाव और ब्याज दरों पर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के फैसले से पहले निवेशकों की सतर्कता से बाजार दबाव में रहा।

# एपल के फाउंडर स्टीव जॉब्स के साइन वाली टॉय स्टोरी बुक हो रही नीलाम, शुरुआती बोली 19 लाख




**लॉस एंजिल्स** | 'टॉय स्टोरी' फिल्म पर आधारित दुर्लभ किताब के पहले संस्करण की 30 अप्रैल को नीलामी होगी। इस पर एपल के सह-संस्थापक स्टीव जॉब्स और पिक्सर के सह संस्थापक सदस्यों में से एक जॉन लेसेटर के हस्ताक्षर हैं। यह किताब पिक्सर के उस संघर्षपूर्ण दौर की याद दिलाती है, जिसने जॉब्स को अरबपति बनाया था। नीलामी की शुरुआती बोली करीब 19 लाख रुपए तय की गई है।

### सरकारी बैंकों के बोर्ड में नेतृत्व का संकट

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

देश के सरकारी बैंकों के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की भारी कमी है। 11 राष्ट्रीयकृत बैंकों में से सिर्फ तीन- बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक और इंडियन ओवरसीज बैंक में गैर-कार्यकारी अध्यक्ष हैं। अधिकांश बैंकों के बोर्ड में सिर्फ दो-तीन स्वतंत्र निदेशक हैं और चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) तो लगभग नदारद हैं। केनरा बैंक जैसा बड़ा बैंक चार महीने से एमडी और सीईओ के बिना चल रहा है। हालांकि सरकार ने बैंक ऑफ बड़ौदा और बैंक ऑफ इंडिया के सीईओ का कार्यकाल तीन साल बढ़ाया है। आरबीआई ने हाल ही में बोर्ड की जवाबदेही और रणनीतिक भूमिका मजबूत करने के लिए मसौदा नियम जारी किए हैं, लेकिन जमीनी हकीकत अब भी चिंताजनक बनी हुई है।

बड़ा दांव • रिटेल में सबसे तेज ग्रोथ वाला सेगमेंट

# क्विक कॉमर्स में एक साथ जियो, अमेजन, फ्लिपकार्ट की बिग एंट्री

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

देश के क्विक कॉमर्स मार्केट में प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। इस बाजार में ब्लिंकिट के दबदबे को चुनौती देने के लिए रिलायंस, अमेजन और फ्लिपकार्ट- तीनों एक साथ इस मैदान में उतर आए हैं। कारण साफ है, रिटेल सेक्टर में सबसे तेज ग्रोथ इसी सेगमेंट में दिख रही है।

रिलायंस रिटेल का जियोमार्ट काफी तेज चल रहा है। जनवरी-मार्च में इसके हाइपरलोकल बिजनेस को हर रोज औसतन 20 लाख ऑर्डर मिले। यह सालाना आधार पर 300% से ज्यादा ग्रोथ है। उधर अमेजन नाऊ 100 शहरों में 1,000 से अधिक माइक्रो-फुलफिलमेंट सेंटर खोलने की योजना पर आगे बढ़ रही है। दूसरी तरफ फ्लिपकार्ट डार्क स्टोर्स की संख्या मौजूदा 800 से बढ़ाकर 1,000 तक पहुंचने की तैयारी में है। इस सबके बावजूद ब्लिंकिट अभी बाजार में सबसे आगे है। जनवरी-मार्च में इसके मासिक सक्रिय ग्राहक दोगुने यानी 2.72 करोड़ हो गए। हालांकि औसत ऑर्डर वैल्यू 665 से घटकर 525 रह गई।

**अब रफ्तार, लागत दक्षता, नेटवर्क तय करेंगे सफलता**

रिटेल विश्लेषकों के मुताबिक, भारत का क्विक कॉमर्स बाजार अभी उस मुकाम पर नहीं पहुंच पाया है कि आगे की ग्रोथ मुश्किल नजर आए। अभी इसकी पहुंच 20% बाजार तक भी नहीं है। आने वाला दौर रफ्तार, लागत दक्षता और नेटवर्क की गहराई, तीनों के बीच संतुलन का होगा। इस संतुलन को साधने वाला ही असली विजेता बनेगा।

मौका अच्छा • आधा दर्जन कंपनियों ने इस माह की बायबैक की घोषणा

# शेयर बायबैक की वापसीः गिरते बाजार में टैक्स के नियम बदलने से फायदेमंद

सैमी मोडक | मुंबई

देश में शेयर बायबैक एक बार फिर कंपनियों की पसंदीदा रणनीति बनती जा रही है। अप्रैल में विप्रो, ऑरोबिंदो फार्मा और साइएंट समेत आधा दर्जन कंपनियों ने शेयर बायबैक की घोषणा की है।

फाइनेंस एक्ट, 2026 में 1 अप्रैल से लागू हुआ टैक्स के बदले नियम इसकी जड़ में है। पहले बायबैक से मिली रकम शेयरधारकों के हाथ में 'डीम्ड डिविडेंड' मानी जाती थी। इस पर स्लैब रेट से टैक्स लगता था, जिससे कुछ निवेशकों को 40% से ज्यादा टैक्स देना पड़ता था। अब इसे कैपिटल गेन्स माना जाएगा, इसस टैक्स की बचत होगी।

**2024-25 में सिर्फ 8,034 करोड़ के बायबैक हुए थे**

पिछले दो साल बायबैक एक्टिविटी काफी सुस्त रही थी। वित्त वर्ष 2024-25 में कुल बायबैक मात्र 8,034 करोड़ का रहा। यह 2023-24 के 50,750 करोड़ से बहुत कम था। 2025-26 में अब तक 16 कंपनियां 19,500 करोड़ का बायबैक कर चुकी हैं।

साइरिल अमरचंद मंगलदास के पार्टनर आदित्य प्रसाद का कहना है कि बायबैक डिविडेंड की जगह नहीं लेगा, बल्कि उसका पूरक बनेगा। आगे बाजार नियामक सेबी की ओपन-मार्केट बायबैक की दोबारा शुरुआत की संभावित मंजूरी इस ट्रेंड को हवा दे सकती है।

**इस साल शेयर बायबैक बढ़ने के दो बड़े कारण**

1. **निवेशकों को फायदाः** पीडब्ल्यूसी के पार्टनर हितेश साहनी के मुताबिक, टैक्स के नियमों में बदलाव ने गैर-प्रमोटर शेयरधारकों के लिए बायबैक को काफी टैक्स-कुशल बना दिया है। हालांकि प्रमोटरों पर टैक्स की ऊंची प्रभावी दर बनाए रखी गई है।
2. **कंपनियों को लाभः** बाजार की स्थितियां बायबैक को हवा दे रही हैं। इस साल अब तक निफ्टी करीब 8% और आईटी इंडेक्स लगभग 23% टूट चुके हैं। इससे कैश-रिच कंपनियों को बायबैक आकर्षक विकल्प नजर आ रहा है। यह शेयरों के अंडरवैल्यूड होने का संकेत भी है।

एविएशन • किराया बढ़ाने, उड़ानें घटाने की चेतावनी

# एटीएफ 2 लाख/किलोलीटर पार, एयरलाइंस ने राहत मांगी

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संकट की वजह से विमान ईंधन एटीएफ की कीमतें इस महीने पहली बार 2 लाख रुपए प्रति किलोलीटर से ज्यादा हो गई हैं। यह अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। इसी के चलते एअर इंडिया, इंडिगो और स्पाइसजेट का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस (एआईए) ने नागरिक विमानन मंत्रालय को पत्र लिखकर तत्काल सरकारी मदद मांगी है। एफएआई का कहना है कि एटीएफ की बढ़ती कीमतों से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को जारी रखना मुश्किल हो गया है। घरेलू उड़ानों के लिए तेल की कीमतों में 8.5% की बढ़ोतरी हुई है, जबकि चार्टर ऑपरेटरों के लिए यह दाम दोगुने से अधिक हो गए हैं।

**सिर्फ 2 माह में दोगुना से ज्यादा महंगा हुआ एटीएफ**

| तारीख | कीमत | बढ़ी/घटी |
|---|---|---|
| दिसं.-25 | 99677 | --- |
| 1 जन.-26 | 92,323 | -7.30% |
| 1 फर.-26 | 91,423 | -1% |
| 1 मार्च-26 | 96,638 | +5.70% |
| 1 अप्रैल-26 | 2,07,341 | +114.5% |

(कीमतः रुपए/किलो लीटर)

**लागतः कुल खर्च में ईंधन की हिस्सेदारी 60% तक**

एयरलाइंस के कुल परिचालन खर्च में अब ईंधन की हिस्सेदारी बढ़कर 55-60% हो गई है। पहले यह महज 30-40% हुआ करती थी। कीमतें कम करने के लिए एफआईए ने सरकार से घरेलू एटीएफ पर 11% उत्पाद शुल्क अस्थायी रूप से हटाने की मांग की है।

बिजनेस एंकर अमेरिकी बैंक के तिमाही नतीजों की बैठक में आधे घंटे बाद हुआ खुलासा, दुनिया हैरान

# बात हो रही थी सीईओ से, लेकिन लाइन पर था एआई क्लोन

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

कल्पना करें कि आप किसी से आधे घंटे बात कर लें और फिर पता चले कि सामने इंसान था ही नहीं। अमेरिका के कस्टमर्स बैंक के साथ यही हुआ। सीईओ सैम सिद्धू की तिमाही नतीजों की कॉन्फ्रेंस कॉल में विश्लेषक पूरे आत्मविश्वास के साथ 'उनसे' बात करते रहे। 30 मिनट तक कॉल चलती रही। बाद में सिद्धू ने खुद खुलासा किया कि वे बोल ही नहीं रहे थे। उनकी जगह था उनका एआई क्लोन बोल रहा था।

सीएनबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक सिद्धू ने कहा, 'आज आप लोगों मेरी ओर से जो बातें सुनीं, वो मैंने नहीं, मेरे एआई क्लोन ने कही थीं।' कस्टमर्स बैंक का मुख्यालय पेन्सिलवेनिया के फोनिक्सविले में है। इस बैंक ने ओपनएआई के साथ बैंकिंग ऑपरेशन को ऑटोमेटेड करने के लिए कई वर्षों का करार किया है। सिद्धू के मुताबिक यह किसी लिस्टेड कंपनी की अर्निंग्स कॉल में पहली बार हुआ।

यह घटना दरअसल एक बड़े बदलाव की एक झलक है। मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग का एआई अवतार बनाया जा रहा है। उनकी बोलने की शैली, हाव-भाव और सार्वजनिक बयानों को सीख रहा है, ताकि कर्मचारी फाउंडर से जुड़ाव महसूस करते रहें। जकरबर्ग एक अलग एआई एजेंट भी बना रहे हैं, जो उनके काम में मदद करेगा। ऐसे प्रयोग बढ़ रहे हैं। सीईओ से लेकर आम इंसान तक, एआई क्लोन की दुनिया तेजी से फैल रही है। मसलन, चीन में जहां लोग दिवंगत परिजन के एआई रेप्लिका खरीद रहे हैं वहीं दूसरी तरफ ठग इसी तकनीक से आवाज की नकल करके लोगों को लूट रहे हैं। दरअसल एआई क्लोन अब महज तकनीकी प्रयोग नहीं रहे। ये कॉरपोरेट रणनीति, व्यक्तिगत भावनाएं और आपराधिक हथकंडे, तीनों का हिस्सा बन चुके हैं। सवाल यह है कि इस 'डिजिटल हमशक्ल' की दुनिया में असली और नकली की पहचान कैसे होगी? ये तो समय ही बताएगा।

**भारत में भी एआई क्लोनिंग प्रोजेक्ट पर हो रहे काम, आवाज की नकल से ठगी शुरू**



भारत में भी एआई क्लोनिंग शुरू हो चुकी है। बेंगलुरु की स्टार्टअप जीनैनी डॉट एआई 12 भारतीय भाषाओं में आवाज का क्लोन तैयार करने की तकनीक विकसित कर रहा है। लेकिन हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। एआई क्लोन जितने उपयोगी हैं, उतने ही खतरनाक भी। ठग अब एआई से नकली आवाज बनाकर रिश्तेदारों की नकल उतार रहे हैं और लोगों से पैसे ऐंठ रहे हैं। मध्य प्रदेश में एक शिक्षिका को 1 लाख रुपए का चूना लगा। जालसाज ने एआई से उनके कजिन की आवाज, लहजा और भावनात्मक अंदाज की इतनी सफाई से नकल की कि वो ठगी का शिकार हो गईं। चीन में तो 'घोस्ट बॉट्स' का ट्रेंड शुरू हो गया है, जहां लोग दिवंगत प्रियजन के एआई रेप्लिका खरीद रहे हैं।

# कैन की किल्लत, बेवरेज इंडस्ट्री को ₹11,500 करोड़ का रिस्क

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

गर्मी के मौसम में ठंडे ड्रिंक के शौकीनों को इस साल निराशा हाथ लग सकती है। देश में एल्युमीनियम कैन की भारी कमी ने बीयर और बेवरेज उद्योग को 11,500 करोड़ के संकट में डाल दिया है।

बॉल एंड कैनपैक जैसी प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों की उत्पादन क्षमता सामान्य से घटकर सिर्फ 10-20% रह गई है। वैश्विक बाजार में एल्युमीनियम कीमतों में सालाना 47-50% उछाल इसकी वजह है। इससे आयात लागत आसमान छू रही है। कैनपैक के एक अधिकारी ने माना कि उत्पादन है, लेकिन माल भारत लाना मुश्किल हो गया है और स्थिति कब सुधरेगी, यह अनिश्चित है।

किल्लत का असर जमीन पर दिखने लगा है। मुंबई, बेंगलुरु और पुणे जैसे शहरों में डायट कोक और मॉन्स्टर एनर्जी जीरा अल्ट्रा की अलमारियां खाली हो रही हैं। किंगफिशर, बडवाइजर और टबर्ग जैसे बीयर ब्रांड भी सप्लाई की तंगी के करीब हैं। जनवरी-फरवरी में बना प्री-डिसरप्शन स्टॉक खत्म होने वाला है। पैकेजिंग इन्वेंटरी 50-60 दिन से घटकर 20-30 दिन पर आ गई है। क्रिसिल का अनुमान है कि ड्रिंक्स कंपनियों का मार्जिन 2.5-3% तक सिकुड़ सकता है।

कपड़ा उद्योग को राहत

### कॉटन पर 11% ड्यूटी कम करने की तैयारी

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

केंद्र कॉटन आयात पर लगने वाली 11% कस्टम ड्यूटी हटाने या कम करने पर विचार कर रही है। कपड़ा मंत्रालय इस प्रस्ताव पर राजस्व विभाग के साथ काम कर रहा है। कपास की बढ़ती कीमतों से घरेलू कपड़ा कंपनियों पर लागत का बोझ बढ़ रहा है। कृषि, कपड़ा और वित्त मंत्रालय मिलकर इस पर जल्द अंतिम फैसला लेंगे। कॉटन की कम आवक वाले समय (लीन सीजन) में में ड्यूटी को अस्थायी रूप से हटाने पर चर्चा जारी है। इसके अलावा विस्कोस चेन के लिए जरूरी रेयोन ग्रेड वुड पल्प पर भी 2.5% शुल्क हटाने की मांग की गई है।

# Last Day To Join Private Channel. Closing entry for new members Now

♦ **Indian Newspaper**

1) Times of India
2) The Hindu
3) Business line
4) The Indian Express
5) Economic Times

And more Newspapers

**InternationalNewspapers channel** [Europian, American, Gulf & Asia]

♦ **Magazine Channel**

National & International [Genaral & Exam related]

♦ **English Editorials**

[National + InternationalEditorials]

**Click here to join**

## ♦ Lifetime validity at just 19 Rupees

I give you my guarantee you, its worth every penny